डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति माह 1 को प्रकाशित, नोएडा 21.04.2025 से 30.06.2025 ▸ वर्ष-40 ▸ अंक-1 ▸ मूल्य ₹ 10.00

मुख्यमंत्री ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

समय पर कार्यवाही करना ही शांति की गारंटी

समय पर कड़ी कार्यवाही करना ही शांति की गारंटी है। पुलिस, निरंतर सजग और सक्रिय रहते हुए घटनाओं की संभावनाओं को निर्मूल करे। समाज का माहौल खराब करने वालों को किसी तरह की मोहलत नहीं दी जा सकती। माफियागिरी की मानसिकता रखने वालों को ध्वस्त किया जाए। पुलिस, कानून व्यवस्था के मामले में प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने की क्षमता रखती है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट में नक्सलियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए कहा कि नक्सलियों के धन संग्रहण की व्यवस्था और सप्लाई चेन को तोड़ने के प्रयास निरंतर जारी रहें। उन्होंने बुरहानपुर में अतिक्रमण रोकने के लिए की गई कार्यवाही की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। मध्यप्रदेश शांति का टापू है, यहां आतंकवाद और अतिवाद जैसी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में पनपने नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में यदि किसी मदरसे में संदिग्ध गतिविधियां चलने की जानकारी प्राप्त होती है, तो तुरंत कार्यवाही की जाए।

श्री चौहान ने कहा कि भू-माफिया, शराब माफिया, ड्रग्स ऑपरेटर और रेत माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। चिटफंड और मिलावट जैसी गतिविधियों से जनसामान्य को हो रहे नुकसान के प्रति भी सचेत रहें तथा कार्यवाहियां जारी रखी जाएं। निरंतर सक्रियता से इन कार्यों में लगे लोगों की गतिविधियों पर समय रहते नियंत्रण संभव होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश में शराब के सभी अहाते एक अप्रैल से बंद कर दिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी अहाता चालू न रहे और कहीं भी गुपचुप तरीके से शराब नहीं बिके। शराब के ठेकेदार निर्धारित स्थान पर ही शराब बेचें, अन्य स्थानों पर शराब की बिक्री न हो। ड्रग्स का धंधा कर युवा पीढ़ी को बरबाद करने में लगे लोगों को ध्वस्त किया जाए। श्री चौहान ने कहा कि जुआ-सट्टा साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहना और इनके विरुद्ध निरंतर कार्यवाही करना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस थानों की कार्य-प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए ग्रेडिंग की व्यवस्था स्थापित की जाए। मध्यप्रदेश पुलिस, टीम के रूप में कार्य रही है और टीम की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए हम संयुक्त रूप से हर संभव प्रयास करें।

बैठक में श्री चौहान ने कहा कि भोपाल और इंदौर में लागू पुलिस कमिश्नर प्रणाली की प्रासंगिकता सिद्ध करना और जन-सामान्य को पुलिस व्यवस्था में गुणात्मक परिवर्तन का आभास कराना पुलिस का दायित्व भी है और चुनौती भी।

त्योहारों पर आवश्यक सतर्कता बनाए रखें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को बरकरार रखा जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पुलिस व्यवस्था के संबंध में दिए गए निर्देशों की भी प्रदेश के संबंध में शीघ्र ही समीक्षा की जाएगी। एक पखवाड़े के बाद पुनः पुलिस अधिकारियों के साथ संवाद किया जाएगा। सामाजिक-धार्मिक सौहार्द और राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता को प्रभावित करने वालों पर कार्यवाही की जाए। श्री चौहान ने आगामी त्योहारों में आवश्यक सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए।

सोशल मीडिया पर नजर रखना आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, कमजोर वर्गों और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर सख्त कार्यवाही की जाए। पेसा नियमों में गठित शांति और विवाद निवारण समितियों के सक्रिय संचालन में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। इस संबंध में जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा डीएफओ की संयुक्त बैठक शीघ्र की जाएगी। राज्य सरकार पेसा नियमों का धरातल पर सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर नजर रखना आवश्यक है।

तेजस्वी कार्यक्रम

छात्रों में उद्यमी विश्वास और कौशल विकसित करेगा

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों में उद्यमी विश्वास एवं कौशल विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किये गये तेजस्वी कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए भोपाल स्थित मंत्रालय में बहुपक्षीय एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। सह समझौता पत्र (एमओयू) आयुक्त लोक शिक्षण, राज्य ओपन स्कूल एवं सहयोगी संस्था उद्यम लर्निंग फाउंडेशन और द एजुकेशन एलायंस के बीच हस्ताक्षरित किया गया। सभी पक्षों के मध्य हस्ताक्षर के उपरांत एमओयू की प्रति प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी को सौंपी गई।

उल्लेखनीय है कि तेजस्वी कार्यक्रम के तहत छात्रों को विद्यालयीन समय से ही नवीन उद्योगों और स्व-व्यवसाय की जानकारी प्रदान की जायेगी। इसके लिए पृथक पाठ्यक्रम भी विकसित किया गया है। विद्यालयों में इस पाठ्यक्रम के आधार पर सप्ताह में तीन दिन 40-40 मिनट की विशेष कक्षाएं संचालित की जायेंगी। इसके साथ ही विभिन्न नवाचारी व्यवसायों पर आधारित अनुभव आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रोजेक्ट कार्य भी संचालित होंगे।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दरसिंह परमार ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस दृष्टिकोण के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की कल्पना की है और स्वावलंबी तथा कर्मठ युवा समाज की स्थापना के लिए मध्यप्रदेश युवा नीति घोषित की है, उसी तारतम्य में हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप स्कूली विद्यार्थियों में व्यावसायिक दक्षताओं एवं जीवन कौशल विकसित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

मध्यप्रदेश के पशुपालकों को देश में सर्वाधिक क्रेडिट कार्ड

भोपाल, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि मार्च 2023 तक देश में सर्वाधिक दो लाख 36 हजार 331 किसान क्रेडिट कार्ड मध्यप्रदेश के पशुपालकों को उपलब्ध करवाये गये। प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों से पशुपालन के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर दो लाख रुपये तक कार्यशील पूंजी केसीसी में उपलब्ध करवाई जा रही है। राज्य शासन द्वारा योजना में एक प्रतिशत सामान्य और समय पर भुगतान करने पर चार प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान सहायता दी जाती है। श्री पटेल ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पशुपालन और मत्स्य व्यावसायिक किसानों की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए किसान क्रेडिट कार्ड सुविधा का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है।

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सिर्फ योजना नहीं सामाजिक क्रांति

सिवनी, मध्यप्रदेश में बहनों की जिंदगी बदलने का महा अभियान चल रहा है। सरकार ने अब लाड़ली बहना योजना बनाई है, जिसमें गरीब और निम्न मध्यम वर्ग की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये मिलेंगे। लाड़ली बहना सिर्फ योजना नहीं एक सामाजिक क्रांति है। मेरी बहनों को अब अपनी छोटी-मोटी जरूरतें पूरी करने के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना होगा। यह एक भाई का अपनी बहन के लिए उपहार है, जो उन्हें केवल रक्षाबंधन पर नहीं, पूरे वर्ष मिलता रहेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सिवनी जिले के केवलारी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं।

- **मध्यप्रदेश में 44 लाख से अधिक हैं लाड़ली लक्ष्मी बेटियां।**
- **10 जून से लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र बहनों के खाते में आयेगी एक हजार रुपये प्रतिमाह राशि।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए चल रहे अभियान में मेरी बहनों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। मैं अपनी बहनों के प्यार, स्नेह और समर्थन के लिए दिल से आभारी हूं। भाई-बहन का रिश्ता अदभुत रिश्ता है। मैंने प्रण किया है कि मैं अपनी बहनों की आंखों में आंसू नहीं आने दूंगा। मैं मन की बात आपसे कहने आया हूं, भाषण देने नहीं।

श्री चौहान ने कहा कि प्राचीन भारत में महिलाओं की बहुत इज्जत थी और सम्मान था। मध्य काल में इसमें कमी आई और बेटियों के साथ भेदभाव और अन्याय किया जाने लगा। मैं बचपन से बेटियों के प्रति भेदभाव देखता आया हूं। तभी मैंने प्रण लिया था कि इस भेदभाव और अन्याय को समाप्त करूंगा। मैं इसे पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई और बेटियों को उनके जन्म के समय 30 हजार रुपये का बचत-पत्र खरीद कर दिया जाने लगा। इसमें समय-समय पर उन्हें पढ़ाई के लिए राशि मिलती है और 21 वर्ष की आयु पूरी होने पर उन्हें एक लाख रुपये एकमुश्त मिलते हैं।

मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से की भेंट

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की।

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से रेल भवन में भेंट कर मध्यप्रदेश से जुड़ी विभिन्न रेल परियोजनाओं संबंधी चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से इंदौर-मनमाड़ और इंदौर-दाहोद रेलवे लिंक को शीघ्र पूरा करवाने का अनुरोध किया। साथ ही इन परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण में राज्य सरकार की ओर से समुचित कार्यवाही का भी आश्वासन दिया।

श्री चौहान ने कहा कि इन दोनों लिंक परियोजनाओं के पूर्ण होने से इंदौर, पीथमपुर और धार क्षेत्र के और अधिक औद्योगिकीकरण में मदद मिलेगी। उन्होंने वर्षों पुरानी इंदौर-बुधनी रेल परियोजना की मांग को जल्द पूरा करवाने का भी अनुरोध किया।

बैठक में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य सरकार का इस वर्ष सितम्बर माह से पहले इंदौर और भोपाल शहरों में मेट्रो चलाने का लक्ष्य है। इसके लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। उन्होंने मंत्री से इस संबंध में विशेषज्ञ मानव शक्ति उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

15 अप्रैल

यूजीसी ने कॉलेजों को स्वायत्तता देने का नया रेगुलेशन किया जारी

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप कॉलेजों को स्वायत्त दर्जा (ऑटोनॉमी) प्रदान करने और स्वायत्त कॉलेजों में मानकों के रखरखाव के लिए नया रेगुलेशन-2023 (नियम) जारी किया है। नए नियम के अनुसार अब नियमित फैकल्टी की कमी के कारण स्वायत्त प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं आयेगी। नए नियम के तहत स्वायत्त प्राप्त करने के लिए फैकल्टी के कम से कम 85 प्रतिशत पद भरे होने की बाध्यता हटा दी गई है। यूजीसी ने बताया कि इस मामले में अब राज्य सरकार की भूमिका होगी कि कॉलेज में नियमित और सतत् आधार पर सभी स्वीकृत संकाय के पदों को भरने के प्रयास सुनिश्चित हों।

● इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 62 दिन तक चलेगी। यह पहला अवसर होगा जब अमरनाथ यात्रा इतने अधिक समय तक चलेगी। जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरू होगी और 31 अगस्त को समाप्त होगी। यात्रा के लिए पंजीकरण 17 अप्रैल से शुरू हो गया है। पंजीकरण ऑनलाइन और ऑफलाइन किया जा सकता है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रशासन सुचारू और परेशानीमुक्त तीर्थ यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

16 अप्रैल

अर्धसैनिक बलों में कॉन्सटेबल भर्ती परीक्षा अब 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी

● केंद्र सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती के नियमों में बदलाव किया है। अब अर्धसैनिक बलों में कॉन्सटेबल पदों पर भर्ती परीक्षा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भी आयोजित होगी। पहले यह परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी भाषा में होती थी। गृह मंत्रालय के अनुसार कॉन्सटेबल (सामान्य ड्यूटी) पदों के लिए हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं, असमिया, बांग्ला, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी भाषाओं में प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए जायेंगे। यह नियम एक जनवरी 2024 से कॉन्सटेबल पदों की भर्ती की सभी परीक्षाओं पर लागू होगा।

● अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत एक और कदम बढ़ाने जा रहा है। भारत में जल्द ही एक नई प्रैविटेशनल ऑब्जरवेटरी बनाई जायेगी, जो स्पेस टाइम की फेब्रिक में छोटी-छोटी तरंगों का पता लगायेगी। यह ऑब्जरवेटरी महाराष्ट्र के हिंगोली शहर में स्थापित की जायेगी, जो वर्ष 2030 तक बनकर तैयार होगी। सरकार ने इस ऑब्जरवेटरी के लिए 2600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। यह ऑब्जरवेटरी दुनियाभर में इसी तरह की बनी चार ऑब्जरवेटरीज के साथ मिलकर कार्य करेगी। केंद्रीय अंतरिक्ष विज्ञान मंत्री श्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह ऑब्जरवेटरी हमारी खगोलीय क्षमताओं में इजाफा करेगी।

17 अप्रैल

भारत उत्तरी सीमा पर तैनात करेगा प्रलय मिसाइलों की दो यूनिट

● चीन और पाकिस्तान के मोर्चे पर लगातार बढ़ रही चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय सेना प्रलय मिसाइलों की तैनाती पर विचार कर रही है। सेना ने देश की उत्तरी सीमा पर प्रलय मिसाइलों की दो नई यूनिट गठित करने का निर्णय लिया है। दरअसल रक्षा मंत्रालय ने दिसंबर 2022 में वायु सेना के अंतर्गत प्रलय मिसाइलों की यूनिट बनाने का निर्णय लिया था। प्रलय मिसाइलों की दो नई यूनिट गठित करने का कदम देश में रॉकेट फोर्स गठित करने की दिशा में लिया गया अहम निर्णय है। इन यूनिटों के लिए मिसाइलों की खरीद पर 7500 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जायेगी। इन दोनों यूनिटों में कुल 250 प्रलय मिसाइलें तैनात होंगी।

● भारत की अर्थव्यवस्था मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह जानकारी प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य श्री संजीव सान्याल ने दी है। श्री सान्याल ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता को देखते हुए भारत का प्रदर्शन स्पष्ट रूप से अन्य देशों की तुलना में कहीं बेहतर है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक ने इस वर्ष भारत की विकास दर के अनुमान में मामूली कटौती करते हुए 6.3 से 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, लेकिन भारत की विकास दर इससे ज्यादा रहेगी।

18 अप्रैल

अमेरिका ने ताइवान जलडमरू-मध्य में भेजा युद्धपोत

● ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ताइवान जलडमरूमध्य में चीन का सैन्य अभ्यास खत्म होने के बाद अमेरिका ने ताइवान जलडमरूमध्य में अपना विध्वंसक युद्धपोत यूएसएस मिलियस को भेजा है। अमेरिकी नौसेना की सातवीं फ्लीट ने कहा कि यूएसएस मिलियस गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रायर ताइवान जलडमरूमध्य से एक नियमित कार्यक्रम के तहत गुजरा है। जहाज का यहां से गुजरना अमेरिका की मुक्त और खुले हिंद प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है। अमेरिका के इस युद्धपोत पर चीन भी नजरें जमाए बैठा है। चीन ने इस युद्धपोत को लेकर हाई अलर्ट जारी किया है।

● म्यांमार में सैन्य शासन की ओर से पारंपरिक चंद्र नववर्ष के अवसर पर 3113 कैदियों को माफी देने की घोषणा की गई है। इनमें 98 विदेशी कैदी भी शामिल हैं। म्यांमार की सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल आंग लिन ड्वे ने कहा कि मानवीय चिंताओं को दूर करने के लिए यह माफी दी जा रही है। माफी पाने वाले लोग अगर दोबारा अपराध में लिप्त पाए जाते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त सजा के साथ शेष सजा भी काटनी होगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि माफी पाने वालों में वह राजनीतिक बंदी भी शामिल हैं या नहीं जिन्हें सैन्य शासन का विरोध करने के कारण जेल भेजा गया था।

19 अप्रैल

भारत और रूस के बीच मुक्त व्यापार समझौते में आयेगी तेजी

● भारत और रूस के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत चल रही है। इस बातचीत में अब तेजी लाई जायेगी। मुक्त व्यापार समझौता होने के बाद दोनों देशों के संबंध और अधिक गहरे होंगे। यह बात रूस के उपप्रधानमंत्री और उद्योग एवं व्यापार मंत्री डेनिस मंतुरोव ने अपने भारत दौरे पर कही। मंतुरोव ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में रूस से भारत का आयात मुख्य रूप से कच्चा तेल आयात चार गुना बढ़कर 46 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों द्वारा रूस से दूरी बनाने के लिए भारत का आह्वान किया गया इसके बावजूद एफटीए वार्ता होना दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में बड़ी सफलता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में रूसी उपप्रधानमंत्री ने भारत दौरे पर विदेश मंत्री श्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन से भी मुलाकात की है।

● सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के छह अतिरिक्त जजों को स्थायी न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने कहा कि यह सभी जज स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के लिए उपयुक्त हैं। जिन जजों के नाम की सिफारिश की गई है, उनमें जस्टिस विकास बहल, जस्टिस विकास सूरी, जस्टिस संदीप मोदगिल, जस्टिस पंकज जैन और जस्टिस जसजीत सिंह बेदी शामिल हैं। जस्टिस विकास बहल ने 24 मई, 2021 और बाकी अन्य पांच जजों ने 29 अक्टूबर, 2021 को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के अतिरिक्त जज के रूप में शपथ ली थी।

20 अप्रैल

भारत बना विश्व में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश

● भारत दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। भारत ने आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ हो गई है, जबकि चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है। इस तरह भारत की जनसंख्या चीन से 29 लाख ज्यादा हो गई है। वर्ष 1950 के बाद पहली बार भारत ने जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ा है। सबसे ज्यादा जनसंख्या के मामले में अमेरिका तीसरे स्थान पर है। अमेरिका की जनसंख्या लगभग 34 करोड़ है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2050 तक भारत की आबादी 166.8 करोड़ तक पहुंच जाएगी, वहीं चीन की जनसंख्या घटकर 131.7 करोड़ रह जाएगी।

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों से अनुरोध किया है कि वह अपने विद्यार्थियों को परीक्षा में स्थानीय भाषा में उत्तर लिखने की अनुमति दें, भले ही कोर्स अंग्रेजी माध्यम में हो। साथ ही विश्वविद्यालय मौलिक लेखन का स्थानीय भाषा में अनुवाद और शिक्षण प्रक्रिया में स्थानीय भाषा के उपयोग को बढ़ावा दें। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने कहा कि आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थानों में पाठ्यपुस्तकों को स्थानीय या मातृभाषा में तैयार करने को कहा है, इससे विद्यार्थियों को पढ़ने और सीखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने की बात कही गई है, इसी सिलसिले में यूजीसी ने विश्वविद्यालयों से यह अनुरोध किया है।

21 अप्रैल

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

● केंद्र सरकार ने क्वांटम तकनीक में भारत को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को हरी झंडी दिखा दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस मिशन को मंजूरी प्रदान की गई। भारत एक मिशन के रूप में क्वांटम तकनीक के विकास का कार्यक्रम घोषित करने वाला विश्व का सातवां देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, चीन, कनाडा, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड और फ्रांस इस तरह का मिशन शुरू कर चुके हैं। केंद्रीय विज्ञान मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि यह मिशन क्वांटम तकनीक पर आधारित आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगा। इस मिशन से संचार, स्वास्थ्य और ऊर्जा क्षेत्रों के साथ दवा निर्माण और अंतरिक्ष तकनीक में भी लाभ होगा।

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी 2023 के लिए तारीखों की घोषणा कर दी है। एनटीए द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार सीयूईटी-पीजी परीक्षा का आयोजन 5 से 12 जून 2023 तक किया जायेगा। इसके अलावा एनटीए ने सीयूईटी-पीजी परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि में भी इजाफा किया है। इस परीक्षा के लिए अब 5 मई तक आवेदन किये जा सकते हैं। एनटीए ने बताया कि इस बार 140 से अधिक विश्वविद्यालय सीयूईटी-पीजी परीक्षा के माध्यम से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला देंगे।

RAEO/RHEO
ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी
• आवेदन भरने की अंतिम तिथि 01.06.2023
• अर्हता – कृषि या उद्यानिकी में स्नातक
Taxation Assistant
कराधान सहायक
• आवेदन भरने की अंतिम तिथि 08.06 2023
• अर्हता- वाणिज्य में स्नातक
Admission Open
• विशेषताएँ –
• ऑनलाईन एवं ऑफलाईन क्लासेस उपलब्ध
• विषय विशेषज्ञों एवं पचासित व्यक्तियों द्वारा क्लासेस
• प्रमाणित नोट्स उपलब्ध
• कम से कम शुल्क में करें सरकारी नौकरी की तैयारी
• डेमो क्लास फ्री/फुल पैकज से
Veda Career Institute, Indore
ऑफिस: 05 जानकी नगर, एनएफक्स, एबी, रोड, इंदौर
88895-66866
R-48436/2023

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट (रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)	रंगीन (रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रेक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com, वेबसाइट : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ARIHANT COLLEGE
Approved by NCTE, AICTE, MP Higher Education, Affiliated with DAVV
"NAAC Accredited"
Selection Under College Code 28
Invites applications for B.Ed., M.Ed., BCA, BBA (Plain),BBA (H.A.),B.Com (Plain,Sales & Advertising, Taxation, Computer Application) & B.A., MBA (Full Time, Marketing)
HOD, Professor, Associate & Assistant Professors
Minimum qualification as per NCTE/AICTE/UGC regulations
Interested candidates can send their resume with relevant documents & experience certificates to the below address within 8 days
453/2, Khandwa Road , Opp. Radha Soami Satsang, Indore (M.P.)
Email:arihantcollege@gmail.com, Ph:07314261303, 9302333650
R-48440/2023

वर्ष 40, अंक 17 24.04.2023 से 30.04.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

हर आवासहीन गरीब बनेगा भूमि मालिक

मध्यप्रदेश के हर आवासहीन गरीब व्यक्ति को आवास का पट्टा देकर मालिक बनाया जायेगा। कोई भी व्यक्ति घर बनाने के लिये जमीन के टुकड़े से वंचित नहीं रहेगा। राज्य सरकार ने अभियान चलाकर हजारों एकड़ जमीन माफियाओं के चंगुल से मुक्त करायी है। यह मुक्त करायी गयी जमीन गरीब परिवारों को आवास के लिये बांटी जायेगी। गरीबों को गांवों में उपलब्ध शासकीय जमीन के पट्टे दिये जायेंगे। आवश्यकता पड़ी तो जमीन खरीद कर भी पट्टों का वितरण करेंगे। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री सीधी जिले के धोहनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोतरा में 142 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार पट्टों का वितरण कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं गरीबों का कल्याण कर जमाने को बदलने आया हूं। हर गरीब को उनका हक मिलेगा। राज्य सरकार का संकल्प है कि ऐसे भूमिहीन गरीब जिनके पास अपना घर बनाने की जमीन नहीं है, सरकार उन्हें जमीन का पट्टा देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से उन परिवारों को भी लाभ मिलेगा, जो एक छोटे से घर में संयुक्त रूप से साथ रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवार तो बड़ा होता गया, लेकिन उनके पास जमीन का टुकड़ा नहीं है। आज का दिन गरीबों के लिये खुशी का दिन है और मैं उनकी खुशियों में शामिल होने आया हूं। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना पर चर्चा करते हुये कहा कि यह योजना बहनों के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगी। योजना में हर पात्र बहन के खाते में प्रत्येक माह 1000 रुपये दिये जायेंगे, जिससे उन्हें अपनी और परिवार की छोटी-छोटी जरूरतों के लिये किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि भगवान बिरसा मुंडा नगर उत्तर टोला गोतरा में 142 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार पट्टा 10x6 मीटर साइज के चिन्हांकित कर लॉटरी के माध्यम से वितरित किये गये हैं। इन प्लॉट के लिये 6 मीटर चौड़ाई की मुख्य रोड एवं 4 मीटर चौड़ाई की सहायक रोड बनायी गयी है। भगवान बिरसा मुंडा नगर में पेयजल के लिये 2 बोट और पार्क निर्मित किया गया है। साथ ही सामुदायिक भवन, आंगनवाड़ी भवन, सामुदायिक शौचालय, नाली, तालाब, प्राथमिक शाला इत्यादि का भी प्रावधान किया गया है। आवासीय भू-अधिकार योजना में आवास पट्टा वितरण कर बस्ती को कॉलोनी के रूप में विकसित किया गया है, जो सीधी जिले का नवाचार है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों के साथ बैठकर सहभोज किया। उन्होंने परंपरागत ढंग से बने स्थानीय व्यंजनों का बड़े चाव से स्वाद लिया। बहनों के हाथों से बने स्थानीय व्यंजन कोदो और मेभुरी की खीर, रिकमच की सब्जी, कटहल की सब्जी, महुहरी पूड़ी, महुआ के लड्डू, महुआ तिली मिक्स लाटा, मुनगा के पत्ते की पूड़ी, पराठें और मक्के की रोटी का स्वाद लिया। उन्होंने कहा कि बहनों के हाथ का भोजन कर आत्मा प्रसन्न हो जाती है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार ने एक विशेष अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में माफियाओं के चंगुल से भूमि मुक्त करवायी है। मुक्त करायी गयी भूमि बड़ी मात्रा में उपलब्ध है। इसी भूमि का उपयोग जरूरतमंद गरीब आवासहीन लोगों को देकर किया जा रहा है।

कम्प्यूटर चिप के लिये मशरूम का उपयोग

बढ़ता इलेक्ट्रॉनिक कचरा आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्या है। इनमें एक बड़ा हिस्सा इलेक्ट्रॉनिक चिप्स और बैटरी का होता है। इन्हें बनाने के लिये जिस सामग्री का उपयोग होता है, वह रीसायकल नहीं की जा सकती है। अब वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि उन्होंने मशरूम से इलेक्ट्रॉनिक चिप बनाने की तकनीक ढूंढ़ निकाली है। ऑस्ट्रिया के लिंज में स्थित जोहांस केपलर यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक मार्टिन कास्टेनब्रनर ने कहा अगर चिप्स को रीसायकल किया जा सके तो दोबारा इनका इस्तेमाल किया जा सकता है। मार्टिन और उनकी टीम ने मशरूम की प्रजाति गैनोडर्मा लूसीड्स की स्किन को चिप्स का सब्स्ट्रेट बनाने के लिये किया है। यह एक प्रकार का फंगस है, जो सड़ते हुये पेड़ों पर उगता है। यह अपने माइसीलियम को बचाने के लिये चारों तरफ मजबूत त्वचा बनाता है। जब मार्टिन और उनकी टीम ने इस मशरूम की त्वचा को निकालकर सुखाया तो देखा कि यह लचीली और अच्छी इंसुलेटर है जो 200 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान सह सकती है, यानी यह एक अच्छी चिप सब्स्ट्रेट बन सकती है। ये सब्स्ट्रेट रीसायकल न होने वाले प्लास्टिक पॉलीमर से बनता है। चिप्स के खराब होने के बाद इन्हें फेंक दिया जाता है। मार्टिन ने कहा इस मशरूम की त्वचा को सैकड़ों सालों तक सुरक्षित रखा जा सकता है। यह किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का सब्स्ट्रेट बन सकती है। इसका इस्तेमाल आम बैटरी में भी किया जा सकता है। साथ ही कम पावर वाले ब्लूटूथ सेंसर में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। इंग्लैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट के वैज्ञानिक ने बताया कि यह एक बड़ी और इतिहास बदलने वाली खोज है। इससे दुनिया में जलवायु परिवर्तन रुकेगा और प्रदूषण भी कम होगा।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल

हमारी पृथ्वी, हमारा संसार

महात्मा गांधी ने एक बार कहा था कि, प्रकृति में इतनी ताकत होती है कि वह हर मनुष्य की 'जरूरत को पूरा कर सकती है, लेकिन पृथ्वी कभी भी मनुष्य के 'लालच' को पूरा नहीं कर सकती है। यानी पृथ्वी का संरक्षण तभी संभव है, जब मनुष्य उसका दोहन करना बंद कर दे अपने लालच और निज स्वार्थ के लिए और इसी में मानव का हित भी समाहित है। ग्लोबल वार्मिंग हो या रसायन से भरे अनाज जितना यह हमारी वसुंधरा को नुकसान पहुंचाते हैं उससे कहीं ज्यादा इसका दुष्प्रभाव प्रत्येक जीव पर होता है। यानी प्रकृति के हित में ही हमारा हित है।

वर्ल्ड अर्थ डे यानी विश्व धरती दिवस हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी के संरक्षण के लिए मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जब हम अपनी पृथ्वी के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं। हर साल 22 अप्रैल को इस दिन को मनाने की शुरुआत अमेरिका से हुई थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बहुत समय पहले विश्व पृथ्वी दिवस साल में दो बार मनाया जाता था। शुरुआती दिनों में इस दिन को पहले 21 मार्च को और दूसरी बार 22 अप्रैल को मनाया जाता था। हालांकि दोनों दिनों के महत्व में थोड़ा फर्क था। 21 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व पृथ्वी दिवस को संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया गया था। वहीं 22 अप्रैल का दिन आम आदमी द्वारा पर्यावरण दिन में मनाया जाता था। अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन की ओर से 1970 में शुरू की गई यह छोटी सी मुहिम आज एक विशाल अवसर के रूप में बदल चुकी है। 22 अप्रैल 1970 को आयोजित पहले पृथ्वी दिवस में 20 मिलियन लोगों ने भाग लिया था जिसमें हर समाज, वर्ग और क्षेत्र के लोग शामिल थे। इस प्रकार यह आंदोलन आधुनिक समय के सबसे बड़े पर्यावरण आंदोलन में बदल गया था। इस दौरान अमेरिका के हजारों कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने पर्यावरण में गिरावट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

जूलियन कोनिग ने अर्थ डे को बर्थ डे से जोड़ा

पर्यावरण के हित में एक दिवस समर्पित करने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं को सहयोग विश्व के महान कॉपी राइटर अमेरिकी जूलियन कोनिग (Julian Koenig) ने दिया था, उन्होंने पृथ्वी दिवस या अर्थ डे शब्द दिया। इस नए दिवस को मनाने के लिए 22 अप्रैल का दिन चुना गया, इसी दिन कोनिग का जन्मदिन भी होता है। उन्होंने कहा कि 'अर्थ डे' 'बर्थ डे' के साथ ताल मिलाता है, इसलिए उन्होंने 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाने का सुझाव दिया था। इसके अलावा इस माह में विश्व में स्कूलों की छुट्टियां भी होती हैं जिससे लोग आंदोलन में भाग लेने ले लिए फ्री होते हैं और विश्व के देशों में तापमान भी अनुकूल रहता है न ज्यादा गर्म और न ज्यादा ठंडा। रोन कोब्ब ने एक पारिस्थितिक प्रतीक (Ecological symbol) का निर्माण किया, जिसे बाद में पृथ्वी दिवस के प्रतीक के रूप में अपनाया गया था। यह लोगो 'E' व 'O' अक्षरों को जोड़कर बनाया गया था जिसमें 'E' 'Environment' व 'O' 'Organism' को दर्शाता है। इस लोगो को "लॉस एंजेलिस फ्री प्रेस" में 7 नवम्बर, 1969 को प्रकाशित किया गया और फिर इसे सार्वजानिक डोमेन में रखा गया था।

इस साल की थीम

अपने ग्रह के लिए करें निवेश : हम सभी अपने जीवन में घर खरीदने के लिए निवेश करते हैं। अपने लिए कार खरीदने, गहने खरीदने, वृद्धावस्था में हमें किसी और पर निर्भर ना रहना पड़े इसलिए पूरी जिंदगी की कमाई में से छोटा-छोटा हिस्सा निकालकर रिटायरमेंट प्लान के लिए पैसे निवेश करते हैं, लेकिन क्या कभी इस बारे में सोचा है कि जिस पृथ्वी पर हम रहते हैं, उस पर हमारा जीवन बेहतर हो उसके लिए हम क्या कुछ अपनी तरफ से कर रहे हैं। इस बारे में हमें सोचना चाहिए और यही हमारी इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस की थीम 'इन्वेस्ट इन अवर प्लैनेट' (Invest in our planet) है, जो हमें हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह थीम संदेश देती है कि हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को मिलकर संरक्षित करने का समय आ गया है। सोशल मीडिया पर इसके लिए #InvestInOurPlanet हैशटैग रखा गया है। आप अपने ग्रह के लिये कुछ इस तरह निवेश कर सकते हैं जैसे -

1. अधिक से अधिक पेड़ लगाना
2. प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करना
3. अर्थ डे पर अपने जनप्रतिनिधियों को पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए अपील करना, साथ ही अपने आस पास कार्यक्रम करके अर्थ डे की पेटिशन साइन करना।
4. पृथ्वी संरक्षण के लिये जागरूकता बढ़ाने के लिए वोट देना।
5. धारणीय फैशन का अधिक से अधिक उपयोग करना।

पृथ्वी के समक्ष बड़ी चुनौती ग्लोबल वॉर्मिंग

ग्लोबल वॉर्मिंग पृथ्वी के औसत तापमान में हो रही वृद्धि को दिखाता है। पृथ्वी के लिए प्रकाश और गर्मी का सबसे बड़ा प्राकृतिक स्रोत सूर्य है। जब भी सूर्य का प्रकाश पृथ्वी पर पड़ता है तो उससे पहले कुछ प्रकाश किरणें परावर्तित होकर अंतरिक्ष में लौट जाती हैं और कुछ किरणों को हमारे वायुमंडल में मौजूद ग्रीन हाउस गैसें परावर्तित होने से रोक लेती हैं, इसे ही ग्रीन हाउस प्रभाव कहते हैं। इसी प्रभाव के कारण पृथ्वी पर गर्मी बनी रहती है अगर यह न हो तो पृथ्वी पर बहुत ठंड होगी, जिसके कारण जीवन संभव ही नहीं है। लेकिन इन ग्रीन हाउस गैसों के असंतुलित रूप से बढ़ने के कारण ये सूरज की ज्यादा गर्मी को सोखने लगी और इस तरह पृथ्वी का तापमान बढ़ने लगा और यही जलवायु परिवर्तन की समस्या है।

ग्लोबल वार्मिंग का असर मौसम पर भी होता है। इसके प्रभाव के कारण मानसून के पैटर्न में बदलाव भी आता है जिसकी वजह से कहीं सूखा तो कहीं अधिक बारिश से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण वनों में आग लगने जैसी घटनाओं में वृद्धि हो जाती है। जिससे प्राकृतिक वनस्पति एवं वन्य जीवों का जीवन भी संकट में होता है। वातावरण में गर्मी बढ़ने के कारण उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव में जमी हुई बर्फ पिघल रही है जिससे समुद्र के स्तर में भी बढ़ोतरी हो रही है। इसके साथ ही प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ने की वजह से जन-धन की हानि एवं अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचता है।

हर एक को करने होंगे अपने प्रयास

विकास के नाम पर परिस्थितियां ऐसी बन गई हैं सिर्फ दोहन जारी है संरक्षण की कहीं कोई बात नहीं की जाती है। जिन विशेषताओं को मानव ने नमन किया उन्हीं का अंधाधुंध दोहन कर आज धरती की स्थिति इस मुकाम पर पहुंचा दी है कि अब जन्मदायिनी धरा स्वयं ही संकटकालीन परिस्थितियों में पहुंच गई है। बदलते परिवेश से पर्यावरण पर खतरा मंडरा रहा है। लोगों के बदलते लाइफ स्टाइल से हर ओर नजारा बदला-बदला सा है। पानी का स्तर गिरने से जलसंकट गहराने लगा है। ऐसे में पृथ्वी के अस्तित्व को बचाने पौधरोपण के साथ ही तालाब और कुएं में पानी संरक्षित करने के लिए कारगर उपाय की आवश्यकता है। पेड़ों की कटाई और कांक्रीटीकरण के साथ ही पानी के लगातार हो रहे दोहन से पानी का स्तर दिन-ब-दिन गिरता जा रहा है। पर्यावरण प्रदूषण से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इस स्थिति में भूमि पर अधिक से अधिक पौधरोपण कर वनों का घनत्व बढ़ाना होगा। पृथ्वी दिवस पर हर व्यक्ति को यही संकल्प लेना होगा कि धरती को हरा-भरा करने के लिए हर एक को व्यक्तिगत प्रयास करने होंगे।

कार्य करने से बेहतर होगी पृथ्वी

वसुंधरा, धरती, भूमि को मां समान दर्जा दिया गया है और इसीलिए 'राष्ट्रगीत में सुजलां सुफलां मलयज शीतलाम शस्यशामला मातरम्, वंदे मातरम् यानी पवित्र जलधारा, फलप्रद व शीतल शुद्ध पवन वाली हरी-भरी वसुंधरा को नमना लेकिन अब विकास के नाम पर परिस्थितियां ऐसी बन गई हैं कि इस धरती पर इन आभूषणों के नाम पर कुछ भी नहीं रहा है। जिन विशेषताओं को मानव ने नमन किया उन्हीं का अंधाधुंध दोहन कर आज धरती की स्थिति इस स्थिति में पहुंचा दी है कि अब मातृभूमि स्वयं ही संकटकालीन परिस्थितियों में पहुंच गई है। यही वजह है कि अब जन्मदायिनी ही भयंकर विनाशलीला के संकेत देने के लिए मजबूर हो गई है। जागरूकता के अभाव में अब नदियों का पानी पवित्र नहीं रहा। कूड़े-कर्कट के निस्तारण के लिए विशेषव्यवस्था न होने से अक्सर लोग गड्ढों में इसे फेंक रहे हैं। प्रदूषित जल से बीमारियों की चपेट में लोग आ रहे हैं। भवन निर्माण व दूसरी आवश्यकताओं के लिए पेड़ों के कटाव से वायुमंडल प्रभावित हुआ है तो मौसम के चक्र पर भी असर पड़ा है। कहीं अत्यधिक बारिश से बाढ़ की परिस्थितियां तो कहीं गर्मी से सूखे की स्थिति है।

इस स्थिति से बचने के लिये पृथ्वी दिवस पर हर व्यक्ति को यही संकल्प लेना होगा कि इस जीवनदायिनी के वैभव को दोबारा बहाल करने के लिए व्यक्तिगत प्रयास भी करें और समाज को जागरूक

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कार्यालय संचालक, राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र (पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण) भदभदा रोड, भोपाल

विज्ञप्ति

''म.प्र. शासन पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की अभिनव योजना पिछड़े वर्ग के बेरोज़गार युवक-युवतियों को विदेश में रोज़गार उपलब्ध कराने की योजना-2022'' अंतर्गत प्रदेश पिछड़े वर्ग के युवाओं को आकर्षक वेतन पर रोज़गार हेतु जापान का सुनहरा अवसर''

प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए हाल ही में लागू की गई योजना पिछड़े वर्ग के बेरोज़गार युवक-युवतियों को विदेश में रोज़गार उपलब्ध कराने की योजना-2022'' अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग के 200 युवाओं को भारत सरकार की Technical Intern Training Program (TITP) योजना के तहत 03 से 05 वर्षों के लिए आकर्षक वेतन पर इंटर्न के रूप में जापान भेजा जा रहा है। योजनान्तर्गत रोज़गार के क्षेत्र, निर्धारित सीट्स एवं न्यूनतम आवश्यक योग्यता का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	जॉब रोल	स्वीकृत सीट्स	लिंग	न्यूनतम आवश्यक योग्यता
1.	केयर वर्कर	120	स्त्री	1. म.प्र. का मूल निवासी, पिछड़ा वर्ग जाति में सम्मिलित, वार्षिक आय रु. 08.00 से कम, 2. आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य 3. ANM/GNM/B.Sc. Nursing उत्तीर्ण 4. आवेदक का कोई अपराधिक रिकॉर्ड न हो।
2.	स्काफोल्डिंग, इंटरियर बोर्ड पेस्टिंग, एप्लिकेशन ऑफ कन्सट्रक्शन इक्युपमेंट, रोड कन्सट्रक्शन	80	पुरुष	1. म.प्र. का मूल निवासी, पिछड़ा वर्ग जाति में सम्मिलित, वार्षिक आय रु. 08.00 से कम, 2. आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य 3. आई.टी.आई./पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण 4. आवेदक का कोई अपराधिक रिकॉर्ड न हो।

उपरोक्त जॉब रोल्स के लिए प्रदेश के पिछड़ा वर्ग के पात्र एवं योग्य इच्छुक युवाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। कृपया पूर्ण रूप से भरे हुए एवं स्वप्रमाणित आवश्यक अभिलेख संलग्न करते हुए **दिनांक 01.05.2023 तक** अपने आवेदन अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में डाक द्वारा एवं कार्यालय की ईमेल ID - **dir.setc@mp.gov.in** के माध्यम से पहुंचाना सुनिश्चित करें। आवेदन का प्रारूप रोज़गार निर्माण समाचार पत्र के आगामी 17.04.2023 के अंक से अथवा विभाग की वेबसाइट **www.bcwalfare.mp.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है। योजनान्तर्गत योग्य आवेदकों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। तत्संबंध में आवेदक को पृथक सूचित किया जाएगा। योजना की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

संचालक
राज्य स्तरीय रोज़. एवं प्रशि. केंद्र,
(पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.), भोपाल

पिछड़े वर्ग के बेरोज़गार युवक-युवतियों को जापान में रोज़गार उपलब्ध कराने की योजना-2022 अंतर्गत मध्यप्रदेश के पिछड़ा वर्ग के इच्छुक युवाओं से आवेदन प्राप्त करने हेतु आवेदन-पत्र प्रारूप

(1) आवेदक का नाम :- ..... पिता का नाम :–.....

(2) पता :– .....
.....

(3) आवेदक का संपर्क दूरभाष क्रमांक एवं ई-मेल आई.डी. :– .....
(न्यूनतम दो दूरभाष क्रमांक आवश्यक) .....

(4) आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है, तदानुसार मूल निवास का पता :– .....
.....
(म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी डिजीटल मूल निवासी प्रमाण-पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

(5) आवेदक की पिछड़ा वर्ग की जाति :– .....
(यदि हां तो म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी डिजीटल जाति प्रमाण-पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

(6) आवेदक के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय :– रुपये.....
(म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित नवीनतम आय प्रमाण-पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

(7) **आवेदक की शैक्षणिक योग्यता :–**

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	श्रेणी/ग्रेड	प्राप्तांक/पूर्णांक
01	हाईस्कूल			
02	हायर सेकेण्ड्री			
03	आई.टी.आई./पॉलिटेक्निक डिप्लोमा/ANM/GNM/B.SC. Nursing			
04	स्नातक (यदि हो तो जानकारी दें)			
05	अन्य			

(8) 01 फरवरी, 2023 को आवेदक की आयु :– .....वर्ष.....माह.....दिवस.....
(आयु सीमा 18 से 30 वर्ष)

(9) आवेदक का आधार क्रमांक :– .....

(10) आवेदक का कोई अपराधिक रिकॉर्ड है अथवा नहीं :– .....
(यदि नहीं तो तत्संबंध में 10 रुपये के स्टाम्प पर आवेदक का घोषणा पत्र संलग्न करें।)

(11) योजना अंतर्गत जापान में रोज़गार हेतु अनुमानतः रुपये 2,01,800/- का व्यय अनुमानित है, जिसमें से आवेदक द्वारा स्वयं एवं चाहे जाने पर ऋण के रूप में कुल राशि रुपये 1,00,000/- (एक लाख) व्यय की जाना है क्या आवेदक उक्त राशि व्यय करने हेतु तत्पर है :– .....(यदि हां तो तत्संबंध में 10 रुपये के नोटरी कर स्टाम्प पर बना हुआ स्वयं का हस्ताक्षरित घोषणा पत्र संलग्न करें।)
(बिन्दु क्रमांक 01 से 09 के संबंध में स्वयं प्रमाणित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य है।)
मैं.....पिता.....एतद्
द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतया सत्य है एवं मैंने उक्त योजना के समस्त पहलुओं को भलिभांति समझ लिया है। मैं जापान में रोज़गार हेतु अपनी ओर से व्यय की जाने वाली राशि रुपये 1,00,000/- (स्वयं द्वारा रुपये 25,000/- + स्वयं अथवा ऋण के रूप में उपलब्ध करायी गई रुपये 75,000/-) निर्धारित समय पर विभाग द्वारा मांगे जाने पर देने हेतु पूर्णतया सहमत हूं।

(आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर)
आवेदक/आवेदिका का नाम.....
आवेदक/आवेदिका का पता.....

जी-11538/48419/2023

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैढ़न जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/एन.एच.एम./निविदा/2023/65 **सिंगरौली, दिनांक : 08.04.2023**

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना - 2023-24

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला सिंगरौली (म.प्र.) में संचालित जिला चिकित्सालय/सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आउटसोर्स के माध्यम से मैन पावर/सुरक्षा व्यवस्था/साफ-सफाई/मोबिलिटी सपोर्ट सुदृढ़ किये जाने हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जा रही है। विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	निविदा का विवरण	कुल आवश्यकता	रिमार्क
01	स्वास्थ्य संस्थाओं में आउटसोर्स के माध्यम से सफाई व्यवस्था	कुल 02 सुपरवाईजर (फुल टाइम) कुल 95 सफाई कर्मचारी (फुल टाइम)	जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय पर
02	स्वास्थ्य संस्थाओं में आउटसोर्स के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था	कुल 41 सुरक्षाकर्मी (फुल टाइम)	जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय पर
03	स्वास्थ्य संस्थाओं में आउटसोर्स के माध्यम से कार्यालयीन व्यवस्था हेतु कलेक्टर दर पर मानव संसाधन (मैन पावर)	कुल 31 कम्प्यूटर ऑपरेटर कुल 61 सपोर्ट स्टॉफ कुल 01 कोल्ड चेन टैक्नी	जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय पर
04	मोबिलिटी सपोर्ट अंतर्गत मासिक एवं दैनिक आधार पर ऑनकॉल किराये पर वाहन उपलब्ध कराए जाने हेतु	10 वाहन (आवश्यकतानुसार संख्या घटाई बढ़ाई जा सकेगी)	जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय पर
नोट :–	मैन पावर/सुरक्षा व्यवस्था/साफ-सफाई व्यवस्था हेतु कर्मचारियों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है।		

निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्तें ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर निम्नानुसार दिनांक व समय पर देखी जा सकती है :–

क्र.	विवरण	समय एवं दिनांक
1.	निविदा दस्तावेज ऑनलाइन क्रय हेतु उपलब्धता	शासकीय निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि 1000/- (एक हजार मात्र) है जो ई-टेण्डर **https://mptenders.gov.in** पर देय होगा।
2.	ऑनलाइन निविदा जारी करने की दिनांक एवं समय	17.04.2023 दोपहर 12.00 बजे
3.	ऑनलाइन निविदा क्रय करने एवं जमा करने हेतु अंतिम दिनांक एवं समय	08.05.2023 सायं 5.00 बजे
4.	तकनीकी निविदा ऑनलाइन खोले जाने की दिनांक एवं समय	09.05.2023 सायं 3.00 बजे
5.	वित्तीय निविदा ऑनलाइन खोले जाने की दिनांक एवं समय	तकनीकी निविदा खुलने के उपरांत निर्धारित होगी।
नोट :–	ऑनलाइन निविदा में अपलोड किये जाने वाले समस्त दस्तावेज पठनीय एवं स्पष्ट होने चाहिये। दस्तावेज पठनीय व स्पष्ट न होने पर निविदा निरस्त होती है तो विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। किसी भी स्पष्टता के लिये मो.नं. 7987673585 पर संपर्क कर सकते हैं। ऑनलाइन निविदा में अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की एक प्रति हार्ड कॉपी बंद लिफाफे में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैढ़न जिला-सिंगरौली में भी जमा करना अनिवार्य होगी जिसकी जमा करने हेतु **अंतिम तिथि 08.05.2023** होगी। प्राप्त निविदायें मान्य करने, अमान्य करने, निरस्त करने, किसी भी शर्त को शिथिल करने का पूर्ण अधिकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा, किसी भी विवाद की स्थिति में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।	

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जी-11539/48420/2023 **जिला-सिंगरौली (म.प्र.)**

कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल :– cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक :– 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 17/सा/01/विविध/स.प./2019 (वर्ष 2023) **भोपाल, दिनांक : 11.04.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1.	2023_PWDRB_262934_1	भोपाल (संघ. स.क्र.-2 भोपाल)	प्लान	लालघाटी मार्ग से मिलेट्री क्षेत्र प्रथम मार्ग तक लंबाई 3.950 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित।		1349.34	ई एम डी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।
				योग -		**1349.34**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 26.04.2023 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र),
जी-11576/48415/2023 **लोक निर्माण विभाग, भोपाल**

कार्यालय, प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र
35, श्यामला हिल्स भोपाल

E-mail : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615

पत्र क्र. /पी.ई.टी.सी./प्रशि./36/2023/828 **भोपाल, दिनांक : 11.04.2023**

अंशकालीन अतिथि व्याख्याताओं के चयन हेतु विज्ञप्ति

म.प्र. शासन, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा बैंकिंग, रेलवे तथा प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ नर्सिंग प्रवेश परीक्षा (PNST, GNST) की तैयारी के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं। उक्त परीक्षाओं में प्रशिक्षण देने के लिये अतिथि व्याख्याताओं के चयन हेतु योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अतिथि व्याख्याताओं के लिये निर्धारित योग्यता एवं अनुभव निम्नानुसार रहेगा -

1. उम्मीदवारों को प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि धारक ऐसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान जहां से प्रशिक्षणार्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षा में होता रहा हो, में अध्यापन का कम से कम वर्ष 5 का अनुभव होना आवश्यक है।
2. योग्य उम्मीदवारों का पैनल बनाकर समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में व्याख्याताओं को व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जावेगा एवं उन्हें शासन द्वारा नियत मानदेय का नियमानुसार भुगतान किया जावेगा। जो वर्तमान में 90 मिनट का रुपये 800 है।
3. आवेदन प्रारूप में अतिथि व्याख्याताओं द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषयों एवं संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।
4. प्राप्त आवेदन पत्रों में से योग्य उम्मीदवारों का चयन राज्य शासन के निर्देशों के पालन में केन्द्र में गठित समिति द्वारा किया जावेगा, जिसका निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

निर्धारित अर्हता रखने वाले उम्मीदवार अपना आवेदन संलग्न आवेदन प्रारूप में शैक्षणिक अभिलेखों व अनुभव प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों के साथ **दिनांक 28.04.2023 तक** केन्द्र के **E-mail : petcsc.bpl@gmail.com** पर अथवा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

प्राचार्य
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय, प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स भोपाल
ISO:9001:2008

E-mail : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615

अंशकालीन अतिथि व्याख्याताओं के चयन हेतु आवेदन पत्र

1. अध्यापन विषय जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है .....
2. प्रतियोगी परीक्षा का नाम ..... फोटो
3. आवेदनकर्ता का नाम .....
4. पिता/पति का नाम .....
5. आयु/जन्मतिथि .....
6. पत्राचार का पता .....
7. आधार नं. .....
8. ई-मेल आई.डी. .....
9. मोबाइल नं. .....

क्र.	परीक्षा	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/ विश्वविद्यालय	विषय	प्रतिशत/ग्रेड/ CGPA
1.	हाईस्कूल				
2.	हायर सेकेण्डरी				
3.	स्नातक				
4.	स्नातकोत्तर				
5.	एम.फिल				
6.	अन्य				

10. शैक्षणिक योग्यता :–

क्र.	परीक्षा का नाम	वर्ष	परिणाम	रिमार्क

11. स्वयं आवेदक द्वारा दी गई विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का विवरण –
12. प्रतियोगी परीक्षाओं के अध्यापन का अनुभव -

क्र.	परीक्षा का नाम	प्रशिक्षण संस्थान का नाम एवं पता ईमेल फोन नं. सहित	प्रशिक्षण के अनुभव की अवधि	कुल प्रशिक्षणार्थी जिनको प्रशिक्षण दिया गया	परीक्षा परिणाम प्रतिशत में संस्थान के प्रमाण पत्र संलग्न करें	रिमार्क
A.	पी.एस.सी.					
B.	बैंक					
C.	रेल्वे					
D.	प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड अन्य					

जी-11512/48417/2023

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 979/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 12.04.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 01.05.2023 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2023_WRD_ 266608	आमलाबे तालाब का विशेष मरम्मत कार्य।	राजगढ़	45.69
2.	2023_WRD_ 266610	कोलूखेड़ी तालाब का विशेष मरम्मत कार्य।	राजगढ़	59.99
3.	2023_WRD_ 266612	**टर्न की पद्धति पर :–** चकोरा लघु जलाशय के डूब क्षेत्र में पुलिया का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	बैतूल	56.60
4.	2023_ WRD_ 266614	**टर्न की पद्धति पर :–** पारसडोह मध्यम सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में काजली से हिरडी के लिए हयूम पाइप पुलिया का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	बैतूल	26.03
5.	2023_WRD_ 266617	**टर्न की पद्धति पर :–** घटखिरवा स्टॉप डेम का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	कटनी	142.11
6.	2023_WRD_ 266618	**टर्न की पद्धति पर :–** गुरूनावदा स्टॉप डेम कम कॉजवे का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	श्योपुर	564.96
7.	2023_WRD_ 266620	छोटी ऊन तालाब के मुख्य एवं उपबांध का मरम्मत कार्य।	खरगोन	30.33
8.	2023_ WRD_ 266621	बिछुआ विकासखण्ड अंतर्गत किशनपुर जलाशय, पिपरियाकला जलाशय, पाथरी जलाशय एवं सौंसर विकासखण्ड अंतर्गत डोकडोह जलाशय, अम्बाखापा जलाशय तथा पांढुर्णा विकासखण्ड अंतर्गत सेन्दुरजना जलाशय योजना के नहर मरम्मत एवं पक्के कार्यों के मरम्मत कार्य।	छिंदवाड़ा	36.97
9.	2023_WRD_ 267065	परकुल मध्यम परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक जैसीनगर में सिपल चैनल आर.डी. 1710 मीटर पर ब्रिज निर्माण कार्य।	सागर	72.90

जी-11577/48416/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय, प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैय्यद जियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी महाविद्यालय/ चिकित्सालय (कोलार-नेहरू नगर बायपास रोड, मैनिट के पीछे, भोपाल)

Web. : www.gumcbhopal.in, E-mail : gumcbhopal@gmail.com, Ph. : 0755-2970354

विज्ञप्ति

हकीम सैय्यद जियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल में स्नातकोत्तर छात्रों को बायो-स्टेटिस्टीशियन विषय के अध्यापन कार्य हेतु बायो-स्टेटिस्टीशियन शिक्षक (कालखण्ड के आधार पर) अंशकालिक अनुबंध के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र.	पदनाम	पद संख्या	शैक्षणिक योग्यता
1.	बायो-स्टेटिस्टीशियन	01	स्नातकोत्तर बायोस्टेटिसटिक्स अथवा समकक्ष योग्यता, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से।

आवेदन का प्रारूप, नियम एवं शर्तें महाविद्यालय की वेबसाइट **www.gumcbhopal.in** पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र के साथ बायोडाटा एवं शैक्षणिक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है। महाविद्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की **अंतिम तिथि दिनांक 26.04.2023** को सायं 5.00 बजे तक है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। स्वशासी समिति के निर्णय अनुसार स्वीकृत पारिश्रमिक/मानदेय रु. 1000/- प्रति कालखण्ड देय होगा।

प्र. प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय/स्वशासी
जी-11555/48414/2023 **यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 981/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 17.04.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 02.05.2023** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2023_WRD_ 267435	**टर्न की पद्धति पर :–** कबूलपुर (कमर्दीपुर) सिंचाई परियोजना अंतर्गत ग्रेविटी बांध का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	शाजापुर	6038.22

जी-11729/48426/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय कलेक्टर
(जनजातीय कार्य विभाग) छिंदवाड़ा

क्रमांक/1440/ई-निविदा/जजाकावि/2023 छिंदवाड़ा, दिनांक : 12.04.2023

ई-निविदा विज्ञप्ति
ई-निविदा आमंत्रण सूचना (ऑनलाइन प्रथम आमंत्रण)

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु परियोजना संचालक, लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी एवं 15.09.2022 से प्रभावशील लोक निर्माण के प्रचलित एस.ओ.आर. पर एवं विद्युत कार्य हेतु लो.नि.वि. के प्रचलित एस.ओ.आर. दिनांक 15.09.2022 से प्रभावशील पर आज दिनांक तक संशोधनों सहित निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाइन निविदा पत्र विक्रय की **अंतिम तिथि 06.05.2023 तक** है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं शेड्यूल तथा अन्य जानकारियां **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

क्र.	ऑनलाइन एनआईटी नंबर	कार्य का नाम	विकासखंड का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्णता अवधि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1.	2023_TAD_267122	आदिवासी नवीन कन्या आश्रम अंग्रेजी माध्यम छिंदवाड़ा का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	छिंदवाड़ा	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
2.	2023_TAD_267126	आदिवासी बालक आश्रम लहगडुआ का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	अमरवाड़ा	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
3.	2023_TAD_267127	आदिवासी नवीन बालक आश्रम छिंदवाड़ा का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	छिंदवाड़ा	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
4.	2023_TAD_267128	आदिवासी बालक आश्रम हनुमानदफाई का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	जुन्नारदेव	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
5.	2023_TAD_267129	आदिवासी कन्या आश्रम छिन्दी का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	तामिया	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
6.	2023_TAD_267130	आदिवासी बालक आश्रम घटलिंगा का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	तामिया	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
7.	2023_TAD_267131	आदिवासी बालक आश्रम पीपरढ़ार का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	तामिया	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
8.	2023_TAD_267132	आदिवासी बालक आश्रम माहुलझिर का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	तामिया	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
9.	2023_TAD_267133	आदिवासी बालक आश्रम बांडाबोह का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	हर्रई	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
10.	2023_TAD_267134	आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास ओझलढ़ाना का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	हर्रई	330.17	330170/-	15000/-	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन

सहायक आयुक्त
जी-11527/48418/2023 जनजातीय कार्य विभाग, छिंदवाड़ा

सयुंक्त संचालक, कौशल विकास (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें)
जबलपुर संभाग जबलपुर, मध्यप्रदेश

संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.)
Ph. : +91-761-2997584, E-mail : jabalpurzonejd2011@gmail.com
Web. : www.mpskills.gov.in

क्रमांक : संसंचा/क्षेकाज/स्थाप/मे.प्र.विज्ञा./389 जबलपुर, दिनांक : 17.04.2023

जबलपुर संभाग की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने बाबत - विज्ञप्ति

म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जबलपुर क्षेत्र में स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (ITI) में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त प्रशिक्षण अधिकारियों के पद के विरुद्ध मेहमान प्रवक्ताओं को आमंत्रित किया जाना है। आवेदकों से आवेदन पत्र वेबसाइट **www.mpskills.gov.in** पर **दिनांक 21.04.2023 से 29.04.2023 तक** ऑनलाइन स्वीकार किये जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन की पोर्टल से जनरेटेड प्रति एवं संबंधित सह दस्तावेज आवेदित की गई किसी भी शासकीय आईटीआई में निर्धारित समयावधि में उपस्थित होकर सत्यापित करने होंगे। आमंत्रित किए जाने वाले मेहमान प्रवक्ताओं के लिए शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता संबंधित ट्रेड ब्रान्च में आई.टी.आई./डिप्लोमा अथवा डिग्री होना चाहिए, आयु सीमा दिनांक 30.04.2023 को 18वर्ष से कम नहीं होना चाहिए, अधिकतम आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है।

आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मंत्रालय के ज्ञापन क्रमांक एफ-02-02/2022/42-2 भोपाल, दिनांक 22.04.2022 के अनुसार मानदेय भुगतान किया जायेगा।

आमंत्रण शैक्षणिक सत्र समाप्ति तक अधिकतम 11 माह के लिए अथवा पद की पूर्ति नियमित प्रशिक्षण अधिकारी से होने पर/प्रवेश न होने पर/आवश्यकता न होने पर जो भी पहले हो तक होगा। आवेदन पत्र एवं अनुभव, शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता व्यवसायों के नाम एवं रिक्त स्थानों की विस्तृत जानकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यों से तथा वेबसाइट **www.mpskills.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

संयुक्त संचालक (कौशल विकास)
जी-11684/48425/2023 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं, जबलपुर क्षेत्र जबलपुर (म.प्र.)

Office of the Executive Engineer
Public Health Engineering Department Division Shahdol (M.P.)

Website : www.mpphe.gov.in, Email : eephedshd@mp.nic.in
Phone No. : 07652-240307, Fax No. : 07652-240307

Letter No. 938/S.A.C./EE/PHED/2023/ Shahdol, Dated : 13.04.2023

Notice Inviting Tender

Construction of New PWSS Scheme in Shahdol dist. under JJM. Online Tenders are inviting in portal **http://mptenders.gov.in** for the following works on the E-Tendering Appendix 2.1. Last date of Online Purchasing of **Tender is 28.04.2023 at 5.30 pm.**

Tender No.	System Tender No.	Name of the Village	Block Name	PAC (In Rs. Lakh)	E.M.D. (In Rs.)	Cost of Tender from (In Rs.)	Time Period I/N Rainy Season	Tender Invitation/ Type of Tender
01	266053	Jarha, Jarwahi, Semariha, Badkhera, Jamuwa, Barhai, Jamui, Chapa, Bagaiha	Sohagpur	454.21	454210/-	15000/-	09 Month	First
02	266054	Patasi, Fatehpur, Nargi, Padariya, Chauradeeh, Dhanpuri, Ahirgawa	Sohagpur	437.27	437270/-	15000/-	09 Month	First
03	266055	Hardi-77, Chhata, Chithula, Kathauitya	Sohagpur	380.32	380320/-	15000/-	09 Month	First
04	266056	Chirhati, Dhamnikala, Koiliha, Kudri, Sarangpur Silpari	Sohagpur	393.03	393030/-	15000/-	09 Month	First
05	266057	Samatpur, Bhanpur, Dubha & Piparia	Sohagpur	195.41	195410/-	12500/-	09 Month	First
06	266058	Garuha, Baigin, Baun, Arjhuli, Ataria, Lakhabariya, Madwa, Kodwarkhurd & Kerha	Sohagpur	351.73	351730/-	15000/-	09 Month	First
07	266059	Garphadiya, Jawari, Kapildhara, Chatha, Amhatola & Kathautiya	Sohagpur	244.43	244430/-	15000/-	09 Month	First
08	266060	Kathari, Deogai, Devgawa & Rohaniya	Sohagpur	221.85	221850/-	15000/-	09 Month	First
09	266061	Sonha & Khoh	Sohagpur	127.23	127230/-	12500/-	09 Month	First
10	266062	Kudri, Raipur & Pipartara	Sohagpur	178.88	178880/-	12500/-	09 Month	First
11	266063	Katkona, Padkhuri, Naugai, Ghorvey & Marjad	Burhar	314.78	314780/-	15000/-	09 Month	First
12	266064	Naugai, Sagratola, Bhekhampur, Harratola & Bhatiya	Burhar	198.87	198870/-	12500/-	09 Month	First
13	266065	Mohtara, Harratola, Madsa & Titra	Burhar	272.90	272900/-	15000/-	09 Month	First

Note -
1. This is only short NIT. Detail NIT and other details can be viewed on the E-Tendering portal **http://mptenders.gov.in.** 2. All condition of detailed NIT will be applicable.

Executive Engineer
G-11670/48423/2023 Public Health Engineering Department Division Shahdol

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र – इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 03/03/2020, दिनांक 13.04.2023

राज्य सेवा परीक्षा 2020 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का रिक्ति विवरण

01 आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक पदों की पूर्ति हेतु 'राज्य सेवा परीक्षा-2020' का विज्ञापन क्रमांक 03/2020, दिनांक 28.12.2020 आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर जारी किया गया है तथा 'रोजगार और निर्माण' समाचार पत्र के दिनांक 04.01.2021 के अंक में भी प्रकाशित किया गया है।

02 उपरोक्त विज्ञापन में निम्नानुसार पदों को विज्ञापित किया गया था :-

क्र.	पदनाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या				
		UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	VH	HH	OH	MD	Total
	द्वितीय श्रेणी राजपत्रित																				
	सामान्य प्रशासन विभाग																				
1	राज्य प्रशासनिक सेवा उप जिलाध्यक्ष	8	4	5	7	3	3	1	2	2	1	0	0	0	0	0	0	1	0	0	**27**
	गृह (पुलिस) विभाग																				
2	राज्य पुलिस सेवा उप पुलिस अधीक्षक (जी.डी.)	4	2	3	3	1	1	1	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**13**
3	जिला सेनानी	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**1**
	जनसंपर्क विभाग																				
4	सहायक संचालक, जनसंपर्क	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**1**
	स्कूल शिक्षा विभाग																				
5	सहायक संचालक	10	7	8	11	4	3	2	3	4	1	0	0	0	0	0	0	1	1	0	**40**
	सहकारिता विभाग																				
6	सहायक आयुक्त, सहकारिता एवं सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थायें	2	1	0	2	1	1	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**6**
	जेल विभाग																				
7	अधीक्षक, जिला जेल	0	1	0	2	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**3**
	वाणिज्यिक कर																				
8	वाणिज्यिक कर अधिकारी	0	1	0	3	1	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**5**
	तृतीय श्रेणी कार्यपालिक																				
	राजस्व विभाग																				
9	नायब तहसीलदार	10	6	8	10	4	3	2	3	3	1	1	0	0	1	0	1	1	0	0	**38**
	सहकारिता विभाग																				
10	सहकारिता निरीक्षक/सहकारिता विस्तार अधिकारी	6	3	3	5	1	2	1	1	2	0	1	0	0	0	0	1	0	0	0	**18**
	वित्त विभाग																				
11	मध्यप्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा	21	3	22	33	9	7	1	7	11	3	2	0	2	3	1	1	2	1	1	**88**
	वाणिज्यिक कर विभाग																				
12	वाणिज्यिक कर निरीक्षक	0	4	5	9	2	0	1	2	3	1	0	0	1	1	0	1	0	0	0	**20**
	कुल रिक्तियों की संख्या	**61**	**32**	**54**	**87**	**26**	**20**	**9**	**19**	**29**	**7**	**4**	**0**	**3**	**5**	**1**	**4**	**5**	**2**	**1**	**260**

03 सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य सेवा परीक्षा 2020 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक रूप में घोषित किया जाना है, इस संबंध में संबंधित विभागों से प्राप्त रिक्ति विवरण के अनुसार मुख्य भाग 87% (14% ओ.बी.सी. पदों) के पदों का विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	विभाग का नाम	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या					मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु					कुल
			UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	
1	सामान्य प्रशासन विभाग	राज्य प्रशासनिक सेवा उप जिलाध्यक्ष	8	4	5	4	3	3	1	2	1	1	**24**
2	गृह (पुलिस) विभाग	राज्य पुलिस सेवा उप पुलिस अधीक्षक (जी.डी.)	4	2	3	2	1	1	1	1	1	0	**12**
3	गृह (पुलिस) विभाग	जिला सेनानी	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	**1**
4	जनसंपर्क विभाग	सहायक संचालक, जनसंपर्क	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	**1**
5	स्कूल शिक्षा विभाग	सहायक संचालक	10	7	8	6	4	3	2	3	2	1	**35**
6	सहकारिता विभाग	सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, म.प्र.	2	1	0	1	1	1	0	0	1	0	**5**
7	जेल विभाग	अधीक्षक, जिला जेल	0	1	0	1	0	0	0	0	1	0	**2**
8	वाणिज्यिक कर	वाणिज्यिक कर अधिकारी	0	1	0	2	1	0	0	0	1	0	**4**
9	राजस्व विभाग	नायब तहसीलदार	10	6	8	5	4	3	2	3	2	1	**33**
10	सहकारिता विभाग	सहकारी निरीक्षक/सहकारिता विस्तार अधिकारी	6	3	3	3	1	2	1	1	1	0	**16**
11	वित्त विभाग	मध्यप्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा	21	3	22	17	9	7	1	7	6	3	**72**
12	वाणिज्यिक कर विभाग	वाणिज्यिक कर निरीक्षक	0	4	5	5	2	0	1	2	2	1	**16**
मुख्य भाग 87% (14% ओ.बी.सी.) पदों के आधार पर कुल पदों की संख्या			**61**	**32**	**54**	**48**	**26**	**20**	**9**	**19**	**18**	**7**	**221**

04 संबंधित विभागों से प्राप्त रिक्ति विवरण के अनुसार प्रावधिक भाग 13% (ओ.बी.सी. पदों के आधार पर) का रिक्ति विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	विभाग का नाम	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या					मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु					कुल
			UR (काल्पनिक)	SC	ST	OBC	EWS	UR (काल्पनिक)	SC	ST	OBC	EWS	
1	सामान्य प्रशासन विभाग	राज्य प्रशासनिक सेवा उप जिलाध्यक्ष	3	-	-	3	-	1	-	-	1	-	**3**
2	गृह (पुलिस) विभाग	राज्य पुलिस सेवा उप पुलिस अधीक्षक (जी.डी.)	1	-	-	1	-	0	-	-	0	-	**1**
3	गृह (पुलिस) विभाग	जिला सेनानी	0	-	-	0	-	0	-	-	0	-	**0**
4	जनसंपर्क विभाग	सहायक संचालक, जनसंपर्क	0	-	-	0	-	0	-	-	0	-	**0**
5	स्कूल शिक्षा विभाग	सहायक संचालक	5	-	-	5	-	2	-	-	2	-	**5**
6	सहकारिता विभाग	सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, म.प्र.	1	-	-	1	-	0	-	-	0	-	**1**
7	जेल विभाग	अधीक्षक, जिला जेल	1	-	-	1	-	0	-	-	0	-	**1**
8	वाणिज्यिक कर	वाणिज्यिक कर अधिकारी	1	-	-	1	-	0	-	-	0	-	**1**
9	राजस्व विभाग	नायब तहसीलदार	5		-	5	-	1	-	-	1	-	**5**
10	सहकारिता विभाग	सहकारी निरीक्षक/सहकारिता विस्तार अधिकारी	2	-	-	2	-	1	-	-	1	-	**2**
11	वित्त विभाग	मध्यप्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा	16	-	-	16	-	5	-	-	5	-	**16**
12	वाणिज्यिक कर विभाग	वाणिज्यिक कर निरीक्षक	4	-	-	4	-	1	-	-	1	-	**4**
प्रावधिक भाग 13% (ओ.बी.सी. पदों के आधार पर) कुल पदों की संख्या			**39**	**-**	**-**	**39**	**-**	**11**	**-**	**-**	**11**	**-**	**39**

टीप - उक्त पदों हेतु प्रारंभिक परीक्षा में चयनित प्रावधिक अभ्यर्थी साक्षात्कार में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे एवं माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न की पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।

05 मूल विज्ञापन अनुसार ही रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित पदों की संख्या 13 एवं रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पद की संख्या :- 12 रहेगी।

06 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-11622/48421/2023 **उप सचिव**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.1, सागर
फोन नं. 07582-222296, ईमेल आई.डी. - eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.- 02/2023-24/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **सागर, दिनांक : 13.04.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. लो.नि.वि. उपसंभाग सागर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पैच एवं हेलीपेड मरम्मत कार्य अनुमानित लागत रु. 85.00 लाख

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु.राशि (पीएसी) (रु. में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	रिमार्क
2023_PWDRB_267183_1	सागर	8500000	85000	10000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. लो.नि.वि. उपसंभाग सागर के अंतर्गत पुल-पुलियों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य अनुमानित लागत रु. 50.00 लाख

2023_PWDRB_267185_1	सागर	5000000	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. लो.नि.वि. उपसंभाग सागर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर पैच मरम्मत कार्य हेतु मटेरियल का प्रदाय अनुमानित लागत रु. 15.00 लाख

2023_PWDRB_267186_1	सागर	1500000	30000	2000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. लोक निर्माण विभाग मुख्यालय उपसंभाग सागर के अंतर्गत न्याय विभाग आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपाजिट कार्य अनुमानित लागत रु. 75.00 लाख

2023_PWDRB_267188_1	सागर	7500000	75000	10000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. लोक निर्माण विभाग मुख्यालय उपसंभाग सागर के अंतर्गत व्ही.आई.पी. आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपाजिट कार्य अनुमानित लागत रु. 75.00 लाख

2023_PWDRB_267189_1	सागर	7500000	75000	10000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. लोक निर्माण विभाग मुख्यालय उपसंभाग सागर के अंतर्गत एफ टाईप से नीचे के आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपाजिट कार्य अनुमानित लागत रु. 75.00 लाख

2023_PWDRB_267190_1	सागर	7500000	75000	10000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सागर के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपाजिट कार्य अनुमानित लागत 50.00 लाख

2023_PWDRB_267192_1	सागर	5000000	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. लो.नि.वि. उपसंभाग सागर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर पैच मरम्मत कार्य हेतु मटेरियल का प्रदाय अनुमानित लागत रु. 15.57 लाख

2023_PWDRB_267193_1	सागर	1500000	30000	2000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 9. लो.नि.वि. उपसंभाग खुरई के अंतर्गत पुल-पुलियों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य अनुमानित लागत रु. 68.60 लाख

2023_PWDRB_267196_1	सागर	6860000	68600	10000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 10. लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अंतर्गत आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपाजिट कार्य अनुमानित लागत 50.00 लाख

2023_PWDRB_267200_1	सागर	5000000	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 11. लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपाजिट कार्य अनुमानित लागत 30.00 लाख

2023_PWDRB_267204_1	सागर	3000000	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 12. लो.नि.वि. उपसंभाग खुरई के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पैच एवं हेलीपेड मरम्मत कार्य अनुमानित लागत रु. 63.20 लाख

2023_PWDRB_267207_1	सागर	6320000	63200	10000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 13. आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज सागर भवन परिसर में 2 गेट, 1 कमरा एवं दोनों तरफ पार्टीशनवाल के निर्माण कार्य अनुमानित लागत रु. 10.57 लाख (डिपाजिट कार्य)

2023_PWDRB_267208_1	सागर	1057000	21140	2000	04 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

क्र. एवं कार्य का नाम :– 14. आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज सागर के गर्ल्स टायलेट एवं लेडीज स्टाफ टायलेट (भूतल) में मरम्मत कार्य अनुमानित लागत रु. 3.68 लाख (डिपाजिट कार्य)

2023_PWDRB_267209_1	सागर	368000	7360	2000	04 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण

66605000

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in**/पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 14.04.2023 समय 10.00 से दिनांक 28.04.2023 समय 05.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-11630/48422/2023 **लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग क्र.1 सागर**

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
निर्माण भवन, प्लॉट नं.- 27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.- 01/2023/निविदा/सा/एपीडी/ **भोपाल, दिनांक : 10.04.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. बैतूल जिले के अंतर्गत छोटे-छोटे स्वीकृत कार्य, शेष कार्य एवं पी.जी. अंतर्गत कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2023_PWPIU_266915_1	बैतूल	128.52	128520	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में चिकित्सा शिक्षा एवं मल्टी-स्पेशलिटि सुविधा का उन्नयन कार्य - 1. सेंट्रल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आर्थोपेडिक 2. क्षेत्रीय श्वसन रोग संस्थान 3. ड्रग स्टोर एवं अधीक्षक कार्यालय 4. मॉच्यूरी ब्लॉक

2023_PWPIU_267019_1	भोपाल	9739.34	4869670	50000	24 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. बागली जिला दिवास में 07 न्यायालय कक्षों वाले नवीन न्यायालय भवन का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_268133_1	देवास	1277.01	1000000	30000	18 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. ग्राम चारुवा एवं घनवाड़ा ब्लॉक खिरकिया जिला हरदा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृहों इत्यादि का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_266825_1	हरदा	472.14	472130	15000	18 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. ग्राम मगरधा ब्लॉक हरदा जिला हरदा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृहों इत्यादि का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_266849_1	हरदा	236.07	236070	15000	12 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. ग्राम चन्द्रखाल जिला हरदा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृहों इत्यादि का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_266771_1	हरदा	236.07	236070	15000	12 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम के नवीन भवन का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_268237_1	नर्मदापुरम	678.97	678970	20000	18 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. 50 सीटर अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास भवन नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_268238_1	नर्मदापुरम	232.63	232630	15000	12 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 9.न्यायिक अधिकारियों के लिए 02 नग जी टाइप एवं 02 नग ई टाइप आवासगृह का इटारसी जिला नर्मदापुरम में निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_268241_1	नर्मदापुरम	454.35	454350	15000	12 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 10. कंस्ट्रक्शन ऑफ फेमिली कोर्ट बिल्डिंग एट डिस्ट्रिक्ट नर्मदापुरम।

2023_PWPIU_268243_1	नर्मदापुरम	137.83	137830	12500	12 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 11. ग्राम सनखेड़ा जिला रायसेन में आयुष औषधालय भवन का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_267012_1	रायसेन	36.91	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 12. ग्राम गढी जिला रायसेन में औषधालय का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_267062_1	रायसेन	36.91	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 13. रायसेन जिले के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न लघुमूल कार्यों, शेष कार्य, पी.जी. अंतर्गत बाह्य एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य।

2023_PWPIU_267164_1	रायसेन	50.00	50000	5000	12 माह वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :– 14. आविदाबाद जिला सीहोर में आदिवासी बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_265454_1	सीहोर	250.38	250380	15000	12 माह वर्षाकाल सहित

15. शासकीय यूनानी औषधालय चकल्दी जिला सीहोर का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2023_PWPIU_265475_1	सीहोर	250.38	250380	15000	12 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 10.042023 समय 10.30 से **दिनांक 25.04.2023 समय 05.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अतिरिक्त परियोजना संचालक
(मुख्य अभियंता)

जी-11682/48424/2023 **लो.नि.वि. पी.आई.यू. भोपाल**

लाड़ली बहना योजना से मध्यप्रदेश में हो रही है सामाजिक क्रांति - मुख्यमंत्री

सीधी, लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बेटियों के सशक्तिकरण को नया आयाम दिया है। अब लाड़ली बहना योजना प्रदेश में सामाजिक क्रांति कर रही है। यह योजना महिलाओं का जीवन बदलने का अभियान है। योजना से महिलाओं को आर्थिक रूप से सहायता मिलने के साथ परिवार में सम्मान और प्यार मिलेगा। एक समय था जब बेटा और बेटी में भेदभाव किया जाता था, माँ की कोख को कत्लगाह बना दिया गया था। सामाजिक जागरूकता और लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से सामाजिक परिवर्तन आया है। अब बेटियां वरदान बन गई हैं और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दिये जा रहे हैं। बेटियां, बेटों से अधिक परिवार की सेवा कर रही हैं। सरकार ने बेटियों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। गरीब माँ-बाप बेटी को बोझ न समझें, इसलिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में बेटियों के विवाह कराये जा रहे हैं। मेधावी बेटियों को छात्रवृत्ति तथा निःशुल्क शिक्षा की सुविधा दी जा रही है। हायर सेकेंड्री परीक्षा में गांव में टाप करने वाली बेटी को ई-स्कूटी दी जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीधी जिले के मझौली विकासखण्ड के ग्राम महखोर-हिनौता में लाड़ली बहना महासम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी, आयुष्मान, मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना और महिला स्व-सहायता समूहों को हितलाभ वितरण किये। मुख्यमंत्री ने मड़वास को तहसील बनाने और कॉलेज खोलने, निवास को उप तहसील बनाने, मड़वास चौकी को थाना बनाने तथा मझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तरीय में उन्नयन करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने 445 करोड़ 42 लाख रुपये लागत के 79 निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन और 24 करोड़ 39 लाख रुपये लागत के 39 कार्यों का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जमाना बदल गया है। महिलाएं और बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। मैं किसी भी हालत में बहनों का अपमान नहीं होने दूंगा। बहन-बेटियों की ओर आंख उठाने वालों को जेल भेजा जायेगा। लाड़ली बहना योजना के आवेदन-पत्र भरे जा रहे हैं। सीधी जिले में एक लाख 58 हजार से अधिक आवेदन भरे गये हैं। कलेक्टर हर पात्र बहन का आवेदन-पत्र भरवायें।

श्री चौहान ने कहा कि तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पानी की कुप्पी, जूते-चप्पल और छाते प्रदान किये जायेंगे। संग्राहक बहनों को साड़ी भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सिंचाई के विकास के लिए गोपद नदी में बांध निर्माण का शिलान्यास हुआ है। जल जीवन मिशन से अब हर घर में नल से स्वच्छ पानी आयेगा।

कार्यक्रम में सांसद सीधी श्रीमती रीती पाठक ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया तथा लाड़ली बहना योजना के लिए क्षेत्र की सभी बहनों की ओर से आभार व्यक्त किया। योजना से लाभान्वित होने वाली बहनों ने विशाल राखी भेंट कर मुख्यमंत्री का आभार माना। विधायक धौहनी श्री कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए कई सौगातें दी हैं।

गीत-संगीत की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करायेगी सरकार - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से सुप्रसिद्ध गायक और संगीतकार श्री दर्शन रावल ने निवास कार्यालय में भेंट की। मुख्यमंत्री ने श्री रावल को राज्य युवा नीति के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवा नीति में संगीत और नृत्य सहित विभिन्न विधाओं के युवा कलाकारों को फैलोशिप उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। राज्य में गांव-कस्बों से अच्छे गायक और कलाकार निकल रहे हैं। प्रतिभाओं की खोज के लिए प्रदेश में विशेष अभियान चलाया जायेगा। उन्हें उचित प्लेटफार्म तथा मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए संस्कृति विभाग के साथ मिल कर व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे खेल-कूद की विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताएं की जाती हैं, उसी प्रकार गीत-संगीत की प्रतिभाओं को अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतियोगिताएं की जाएंगी।

पंच क्रांति के जरिए प्रदेश सरकार करेगी समाज के सभी वर्गों का कल्याण

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ग्वालियर में आयोजित अंबेडकर महाकुंभ कार्यक्रम में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण करते हुये।

ग्वालियर, मध्यप्रदेश के विकास और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिये 'पंच क्रांति' की बात करने आए हैं। पंच क्रांति में शिक्षा की क्रांति, रोजगार की क्रांति, आवास अर्थात रहने के लिये जमीन की क्रांति एवं सभी वर्गों के सम्मान की क्रांति शामिल है। ग्वालियर में बाबा साहेब अंबेडकर धाम और संस्थान स्थापित करने के लिये स्थल उपलब्ध कराया जायेगा। समाज के सभी वर्गों के कल्याण के उद्देश्य से समस्त पिछड़ी उप जातियों के अलग-अलग बोर्ड भी बनाये जायेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर में अंबेडकर महाकुंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बाबा साहेब ने कहा था कि शिक्षित रहोगे तो आगे बढ़ोगे। इसी भाव के साथ प्रदेश सरकार ने शिक्षा की क्रांति के तहत श्रमोदय विद्यालय और ज्ञानोदय जैसे विद्यालय खोले हैं। छात्रावासों की स्थापना की है। साथ ही यदि किसी बच्चे को छात्रावास उपलब्ध नहीं हो पाता तो कमरे का किराया भी सरकार भर रही है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में दूसरी क्रांति रोजगार की क्रांति के रूप में चल रही है। प्रदेश में एक लाख 24 हजार पदों पर शासकीय भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को संत रविदास स्व-रोजगार योजना में एक लाख से 50 लाख एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 10 हजार से एक लाख रुपये तक का ऋण-अनुदान उपलब्ध करा रही है। पढ़े-लिखे बच्चों को अलग-अलग औद्योगिक सेक्टर का काम सिखाने के साथ-साथ हर बच्चे को 8 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय भी दे रही है।

- **मध्यप्रदेश में कमजोर आय वर्ग के लोगों के बच्चों की उच्च शिक्षा की फीस भरेगी राज्य सरकार।**
- **इस योजना के लिये परिवार की वार्षिक आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये की गयी।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में तीसरी क्रांति आवास अर्थात रहने के लिये जमीन की क्रांति है। गरीब व्यक्ति के लिए रहने के लिए भूमि और आवास की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में सरकार द्वारा हर गरीब परिवार को रहने के लिए भूखंड का पट्टा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पांचवीं क्रांति सबके सम्मान की क्रांति है। प्रदेश में समाज के हर वर्ग के सम्मान और प्रगति के लिए सामाजिक क्रांति चल रही है। उन्होंने घोषणा की कि समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिये समस्त पिछड़ी उप जातियों के बोर्ड बनाए जायेंगे। हर बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य नियुक्त होंगे, जो अपने-अपने समाज की समस्याओं का पता लगाकर बतायेंगे। इस आधार पर सभी वर्गों के कल्याण के लिये नई योजनाएं बनाई जायेंगी।

केंद्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और सदियों तक बने रहेंगे। बाबा साहेब ने भारत को संविधान दिया है। श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने ग्वालियर में 'अंबेडकर महाकुंभ' करने के लिये मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रति आभार जताया।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने ऐसा संविधान बनाया, जिससे विश्व में लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की पहचान स्थापित हुई। संविधान की बदौलत ही एक ओर भारत आर्थिक शक्ति के रूप में और दूसरी ओर आध्यात्मिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग ही नहीं महिलाओं को भी हक दिलाया। श्री सिंधिया ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर सभी संकल्प लें कि बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल कर विकसित मध्यप्रदेश एवं भारत का निर्माण करेंगे।

अस्पतालों में सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे - स्वास्थ्य मंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे और दवाइयों की सतत आपूर्ति को सुनिश्चित किया जाए। यह बात लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भोपाल स्थित पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कार्यालय में मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य सेवाएं कंपनी लिमिटेड के कार्यों की समीक्षा करते हुये कही।

डॉ. चौधरी ने कहा कि बीपी, शुगर समेत अन्य बीमारियों की दवाइयों की उपलब्धता में कोताही न बरती जाए। सरकारी अस्पताल पहुंचे मरीज को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध रहने वाली दवाओं की संख्या निर्धारित की गई है। अस्पतालों में इन दवाओं की उपलब्धता की सतत मॉनीटरिंग की जाए। मानक एवं उच्च गुणवत्ता की दवाएं उपलब्ध रहें।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कंपनी लिमिटेड के कार्यों की समीक्षा करते हुये।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों तक आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना कॉर्पोरेशन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक्सरे मशीन, सोनोग्राफी मशीन एवं सीटी स्कैन मशीन आदि को कॉर्पोरेशन द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। मशीनों को उपलब्ध कराने के साथ वर्किंग कंडीशन में रखना सुनिश्चित करें। मशीन खराब होने पर संबंधित एजेंसी से तुरंत मरम्मत करवाएं।

डॉ. चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय संचालक और सीएमएचओ समय-समय पर निरंतर निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता और मशीनों को वर्किंग कंडीशन में रखना सुनिश्चित करें। बैठक में कॉर्पोरेशन की गतिविधियों पर प्रजेंटेशन भी दिया गया।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उद्यमियों संबंधी मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर हुआ अमल

भोपाल, अनुसूचित जाति और जनजाति के उद्यमियों के हित में राज्य शासन ने ऐतिहासिक और बड़े फैसले लिए हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इसी साल फरवरी में इन वर्गों के उद्यमियों को आगे लाने के लिए विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में 20 प्रतिशत भूखंड आरक्षित करने और प्र-ब्याजी एवं विकास शुल्क में 50 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट देने की घोषणा की थी। साथ ही स्टार्ट-अप को प्राप्त निवेश पर 18 प्रतिशत अधिकतम 18 लाख की सहायता देने का निर्णय लिया था।

मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं और निर्णयों पर एमएसएमई सचिव श्री पी. नरहरि ने आदेश जारी किए। आदेश में कहा गया है कि विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उद्यमियों के लिए 20 प्रतिशत भूखंड का आरक्षण होगा तथा इन उद्यमियों को प्रब्याजी और विकास शुल्क में 50 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दिए जाने संबंधी एमएसएमई विभाग के औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2021 यथा संशोधित अक्टूबर, 2022 में संशोधन किया गया है।

सेवी से अधिमान्य संस्था से निवेश प्राप्त करने पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित स्टार्ट-अप को 18 प्रतिशत अधिकतम 18 लाख की सहायता प्राप्त करने का आदेश भी जारी किया गया। यह सहायता 4 चरणों में अधिकतम 72 लाख रुपये की सीमा में देय होगी। इस सहायता के लिए मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना-2022 में संशोधन किया गया है। इस सहायता के लिए इन वर्गों के उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित स्टार्ट-अप में उनकी भागीदारी 51 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए।

इसी प्रकार एक अन्य आदेश अनुसार मध्यप्रदेश भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियमों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के स्वामित्व वाले उद्यमियों से सामग्री क्रय प्राथमिकता अनुसार सर्विस सेक्टर में भी सेवा के वार्षिक 25 प्रतिशत उपार्जन में से 4 प्रतिशत उपार्जन किया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश की धरती पर तेलुगु भाई-बहनों का हमेशा स्वागत है - मुख्यमंत्री

एक भारत-श्रेष्ठ भारत योजनांतर्गत समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को साझा करने की पहल

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित तेलुगु संगमम् कार्यक्रम में शामिल हुये।

भोपाल, भारत की अतिथि देवो भव की परंपरा रही है। मध्यप्रदेश की धरती पर तेलुगु भाई-बहनों का हमेशा स्वागत है। सांस्कृतिक रूप से भारत सदैव एक था, एक है और एक रहेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। मध्यप्रदेश की विकास दर निरंतर आगे बढ़ रही है। कृषि के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' योजना में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को साझा करने की पहल तेलुगु संगमम् कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से मैं 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत योजना' में भारत दर्शन यात्रा में पधारे तेलुगु भाई-बहनों का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश और तेलंगाना राज्य में कई समानताएं हैं। मध्यप्रदेश हीरों की खान है। यहां सतपुड़ा, पेंच, कान्हा जैसे कई टाइगर रिजर्व हैं। प्रदेश सड़क, बिजली, सिंचाई सहित अनेक क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रहा है। यह आपका अपना ही प्रदेश है, अपने आपको कभी अलग नहीं समझना।

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री श्री शिवप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत योजनांतर्गत तेलुगु संगमम् का अभिनव प्रयास किया है। तेलंगाना और मध्यप्रदेश की संस्कृति की अनुभूति इस कार्यक्रम से हो रही है। वास्तव में हमारी संस्कृति एक ही है। हमारी अध्यात्मिक परंपरा हम सबको जोड़ती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया में श्रेष्ठ बन रहा है।

तेलुगु संगमम् के संस्थापक श्री पी. मुरलीधर राव ने कहा कि तेलुगु भाई-बहन एक भारत-श्रेष्ठ भारत योजनांतर्गत भारत दर्शन के लिए निकले हैं। आज तीसरे दिन भोपाल में पहुंचे हैं। यहां आकर ऐसा लगता है कि हम अपने घर में ही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत योजना की पहल सराहनीय है। हम सब एक हैं।

श्री आई.वाय.आर. कृष्णाराव ने कहा कि सांस्कृतिक एकता भारत की पहचान है। भारत ने अपनी सांस्कृतिक एकता की विदेशों में भी अमिट छाप छोड़ी है। मध्यप्रदेश शासन ने सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उज्जैन में श्री महाकाल लोक का निर्माण कराया है।

सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पहल की है। हम गौरवान्वित हैं कि प्रदेश में तेलुगु भाषी भाई-बहन भारत दर्शन यात्रा में भोपाल पधारे हैं। मैं आप सभी का हृदय से स्वागत करता हूं।

ग्रामीण विकास के लिए ऐतिहासिक दिन होगा 24 अप्रैल - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश का सौभाग्य है कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी रीवा पधार रहे हैं। यह दिन पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण विकास के लिए ऐतिहासिक होगा। अधिक से अधिक पंचायत प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हों और चर्चुअली भी लोग कार्यक्रम से जुड़ें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रीवा आगमन तथा राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहीं।

बैठक में बताया गया कि रीवा स्थित एस.ए.एफ. ग्राउंड में मुख्य कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री गृह प्रवेशम् कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 4 लाख 11 हजार हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराएंगे तथा जल जीवन मिशन के 7573 करोड़ 64 लाख रुपये के कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसमें रीवा बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना, टमस समूह जल प्रदाय योजना, सतना बाणसागर-2 समूह जल प्रदाय योजना, सीधी बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना और गुलाब सागर समूह जल प्रदाय योजना सम्मिलित हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण भी प्रस्तावित है। इसमें मध्यप्रदेश के रेल नेटवर्क के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के साथ ही बीना-कोटा रेल खण्ड का दोहरीकरण, छिंदवाड़ा-नैनपुर-मंडला फोर्ट रेल खण्ड का गेज परिवर्तन और विद्युतीकरण, बिरला नगर-उदी मोड फोर्ट रेलखण्ड और महोबा-खजुराहो-उदयपुरा रेल खण्ड का विद्युतीकरण शामिल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी इंदौर एवं ग्वालियर स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे तथा तीन नई यात्री रेल रीवा-इतवारी वाया छिंदवाड़ा यात्री ट्रेन, छिंदवाड़ा-नैनपुर यात्री ट्रेन तथा नैनपुर-छिंदवाड़ा ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

ऑनलाइन आयुष चिकित्सकों से परामर्श के लिये आयुष क्योर एप

भोपाल, मध्यप्रदेश में आयुष चिकित्सा पद्धतियों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिये आयुष क्योर एप वैद्य आपके द्वार का उपयोग किया जा रहा है। इस एप से विषय-विशेषज्ञों की सेवाएं रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही हैं।

आयुष विभाग के इस एप को 60 हजार व्यक्तियों द्वारा डाउनलोड किया जा चुका है। अब तक करीब 30 हजार रोगियों को ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया है। आजादी के अमृत महोत्सव में आयुष विभाग द्वारा औषधीय पौधों का वितरण भी किया जा रहा है। जिलों में उद्यानिकी विभाग के सहयोग से करीब 75 हजार परिवार को औषधीय पौधे वितरित किये गये हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड संक्रमण काल के दौरान 23 अप्रैल 2021 को योग से निरोग कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। यह कार्यक्रम आयुष, स्कूल शिक्षा विभाग और इण्डियन योग एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिये लाभार्थियों को ऑनलाइन योगाभ्यास भी कराया जा रहा है।

आयुष परिसर स्थित शासकीय होम्योपैथी महाविद्यालय में सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन योग एण्ड नेचुरोपैथी वेलनेस सेंटर संचालित किया जा रहा है। यह सेंटर केंद्र सरकार की शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता से संचालित हो रहा है।

मध्यप्रदेश के सरकारी विद्यालयों के बच्चे अब किसी से कम नहीं

भोपाल, मध्यप्रदेश के सरकारी विद्यालयों के बच्चे अब किसी से कम नहीं हैं। प्रदेश की विद्यालयीन शिक्षा में रटने की प्रवृत्ति से हट कर सीखने की क्षमता की गति में अद्भुत परिवर्तन आया है। यह बात स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल में हुई 'वर्ड पावर चैंपियनशिप' की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही।

श्री परमार ने कहा है कि शिक्षक बच्चों को अपने बच्चों की भांति समझ कर समरसतापूर्ण भाव से शिक्षा देंगे तो निश्चित तौर पर प्रदेश की विद्यालयीन शिक्षा का परिदृश्य बदलेगा और हमारा प्रदेश, देश में अन्य राज्यों से अग्रणी होगा। श्री परमार ने कहा कि प्रदेश में विद्यालयीन शिक्षा में गुणवत्ता को बेहतर करने की दृष्टि से इस सत्र से शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर की गई हैं। इसका सकारात्मक प्रतिफल आने वाले समय में कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में देखने को मिलेगा। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किए जा रहे हैं। विद्यालयों में बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति लेने के भी व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। शिक्षकों का दायित्व है कि वह श्रेष्ठ नागरिक निर्माण करने के भाव से शिक्षा देने के संकल्प और परिश्रम के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में अपनी भूमिका का निर्वाहन करें।

'वर्ड पावर चैंपियनशिप' की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राज्य शिक्षा केंद्र मध्यप्रदेश और सहयोगी संस्था लीप फॉर वर्ड के द्वारा की गई। इसमें प्रदेश के शासकीय विद्यालयों के कक्षा 2 से कक्षा 8वीं तक के बच्चों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में कक्षा 2, 3, 4, 5 एवं 6 के प्रथम पुरस्कार विजेता बच्चों को मुंबई में 28 अप्रैल को होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। श्री परमार ने कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया।

'वर्ड पावर चैंपियनशिप' की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा-2 से गुना के नमन लोधी, कक्षा-3 से टीकमगढ़ के लोकेंद्र सिंह चौधरी, कक्षा-4 में छतरपुर की कशिश लटोरिया, कक्षा 5वीं में विदिशा के प्रणीत विश्वकर्मा एवं कक्षा 6वीं में जबलपुर की पूर्वा बाजपेयी ने प्रथम स्थान अर्जित किया है। प्रथम विजेता बच्चों को पुरस्कार स्वरूप चैंपियन ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, रॉब गाउन, साइकिल, टेबलेट, स्कूल बैग, टिफिन बॉक्स एवं वॉटर बॉटल दी गई। साथ ही प्रथम विजेता बच्चों के शिक्षक के लिए मेटल फ्लैक्स एवं उसके विद्यालय के लिए टॉवर स्पीकर भी पुरस्कारस्वरूप दिया गया। सभी कक्षाओं के प्रतिभागी द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कारस्वरूप साइकिल, स्कूल बैग, टिफिन बॉक्स एवं वॉटर बॉटल दी गई।

डॉ. अंबेडकर के विचारों ने लोगों को समर्थ और जागरूक बनाया - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान विधानसभा परिसर में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते हुये।

भोपाल, महापुरुषों की प्रतिमाएं हमारा मार्गदर्शन और पथ-प्रदर्शन करती हैं। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा हमें यही याद दिलाएगी कि उनके द्वारा बनाए गए संविधान के प्रावधानों के परिणामस्वरूप ही हम जनता के प्रतिनिधि के रूप में विधायक और मंत्री का दायित्व निभा रहे हैं। बाबा साहेब के उद्घोष 'शिक्षित बनो-संगठित रहो-संघर्ष करो' ने हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने में समर्थ बनाया। बाबा साहेब कुछ लोगों के नहीं सभी देशवासियों के श्रद्धा के केंद्र हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय के प्रणेता तथा दलित, शोषित, पीड़ितों को उनके अधिकार दिलवाने का मार्ग प्रशस्त करने वाले श्रद्धेय बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर को मानने के साथ ही उनके विचारों को आत्मसात करना आवश्यक है। उनके सपनों को साकार करने के लिए हमें उस दिशा में प्रतिदिन का कार्य करने और समतामूलक समाज के निर्माण के लिए सकारात्मक प्रयास करने का संकल्प लेना होगा। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश का सौभाग्य है कि डॉ. अंबेडकर का जन्म महू में हुआ, जिसका नामकरण उन्हीं के नाम पर किया गया है। राज्य सरकार द्वारा महू में डॉ अंबेडकर का स्मारक निर्मित कराया गया था। अब सेना से भूमि मिल जाने से महू आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समाज को चेतना दी। परिणामस्वरूप समाज का हर वर्ग शिक्षित होने के लिए प्रयासरत है। राज्य सरकार का भी निरंतर प्रयास है कि समाज का कोई भी वर्ग शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

स्टूडेंट इनोवेशन फंड के लिए समिति गठित

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा युवा महापंचायत में स्टार्ट-अप पॉलिसी के माध्यम से विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को व्यवसाय के लिए प्रेरित करने 100 करोड़ रुपये से 'स्टूडेंट इनोवेशन फंड' बनाया जायेगा। राज्य शासन ने इस संबंध में सुझाव प्रस्तुत करने समिति का गठन किया है। समिति विचार-विमर्श कर 15 दिवस में अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करेगी।

अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री मोहम्मद सुलेमान की अध्यक्षता में गठित इस समिति के सदस्य सचिव अपर मुख्य सचिव, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विकास श्री मनु श्रीवास्तव होंगे। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री के.सी. गुप्ता, प्रमुख सचिव खेल और युवा कल्याण श्रीमती दीप्ति गौड मुखर्जी, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी और सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग श्री पी. नरहरि इस समिति के सदस्य होंगे।

खरगोन बन रहा मध्यप्रदेश का पूर्ण स्मार्ट मीटर वाला दूसरा शहर

भोपाल, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर द्वारा अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कंपनी क्षेत्र के खरगोन शहर में स्मार्ट मीटरीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। एक माह में खरगोन शहर शत-प्रतिशत स्मार्ट मीटर वाला शहर हो जाएगा। खरगोन में 44 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि महू शहर मध्यप्रदेश का पहला स्मार्ट मीटरीकृत शहर पहले ही घोषित हो चुका है। संभागीय मुख्यालय, जिला मुख्यालय के अलावा अब अन्य नगरीय क्षेत्र में भी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

मध्यप्रदेश में बहनें सशक्त होकर सरकार चलाने का भी कर रही हैं काम - मुख्यमंत्री

हरदा, मध्यप्रदेश में बहनों का निरंतर सशक्तिकरण हो रहा है। जिन लाड़ली लक्ष्मियों को मैंने गोद में खिलाया था, अब वे सरकार चलाने का काम कर रही हैं। ऐसी ही एक बेटी भारती हरदा नगर पालिका अध्यक्ष है। राज्य सरकार ने पंचायतों में बहनों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया, जिससे अब ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक मेरी बहनें राज कर रही हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने हरदा जिले में लाड़ली बहना महासम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है। इस योजना से मेरी सभी पात्र बहनें लाभान्वित होंगी। उन्होंने कहा कि भाई-बहन का स्नेह, आत्मा और प्रेम का संबंध है। बहन-बेटियों का सम्मान और उनका कल्याण मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मैं अक्सर यह गाना गुनगुनाता रहता हूं 'फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है।' बहनों की खुशी मेरी खुशी है। बहनों की जिंदगी खुशहाल हो, यह मेरे मुख्यमंत्री बनने की सार्थकता है। मध्यप्रदेश में भाई-बहन का यह अटूट बंधन विकास भी करेगा और जनता का भविष्य भी बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बेटा-बेटी में भेद किया जाता था। बेटे को वरदान और बेटी को बोझ माना जाता था। मैंने इस अन्याय को समाप्त करने का संकल्प लिया और निरंतर इस दिशा में कार्य किया। मध्यप्रदेश में सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई, जिससे बेटियों को लखपति बनाने का कार्य किया गया। प्रदेश में 44 लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी हैं। जिन बेटियों को मैंने गोद में खिलाया था, आज वे बड़े-बड़े कार्य कर रही हैं। गरीब बेटियों की केवल पढ़ाई-लिखाई की नहीं बल्कि उनके विवाह की जिम्मेवारी भी सरकार उठाती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में उनका विवाह कराया जाता है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान हरदा जिले में लाड़ली बहना महासम्मेलन में महिलाओं को हितलाभ वितरित करते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बहन को लखपति बनाना हमारा संकल्प है और विभिन्न योजनाओं से मध्यप्रदेश में यह कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन में स्व-सहायता समूह की बहनों को विभिन्न कार्यों के लिए 2 प्रतिशत ब्याज पर सरकार ऋण उपलब्ध करवाती है।

श्री चौहान ने कहा कि एक अप्रैल से प्रदेश में शराब के सभी अहाते बंद कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि जिले में अवैध शराब की बिक्री और अवैध रेत का खनन किसी भी हालत में न हो। गुंडे-बदमाशों को ठीक कर दिया जाए। कोई नेता गड़बड़ी करे तो उसे भी मत छोड़ो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बेटियों के साथ दुराचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रदेश में ऐसे दुराचारियों को फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर व्यक्ति के लिए रोज़गार की व्यवस्था की गई है। एक लाख 24 हजार सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। हर माह ढाई लाख व्यक्तियों को रोज़गार के लिए ऋण दिया जाता है। अब एक नई योजना, 'लर्न एंड अर्न' बनाई गई है, जिसमें पढ़े-लिखे युवा, कौशल सीखने के साथ कमाई भी कर सकेंगे। ऐसे युवाओं को प्रतिमाह 8100 रुपये मानदेय दिया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि गत सरकार ने जनता के कल्याण की बहुत सी योजनाएं बंद कर दी थीं, जिन्हें हमने फिर से चालू किया है। हमारी सरकार में सिंचाई का रकबा साढ़े 7 लाख हेक्टेयर से बढ़ कर 45 लाख हेक्टेयर हो गया है। हरदा मध्यप्रदेश का पहला शत-प्रतिशत सिंचित जिला बन गया है। क्षेत्र के लिए मोरन गंजाल योजना स्वीकृत की गई है। पहले यहां मूंग पैदा नहीं होती थी, अब यहां बड़ी मात्रा में मूंग पैदा हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में हर गरीब व्यक्ति को रहने की जमीन के लिए निःशुल्क प्लॉट दिया जा रहा है। हरदा जिले में आज मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में 1700 पट्टे बांटे जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव-गांव जाकर चिन्हित हितग्राहियों को पट्टे वितरित किए जाएं।

श्री चौहान ने कहा कि रहटगांव को हमारी सरकार ने तहसील बनाया था, अब आबादी की शर्त पूरी होने पर रहटगांव को नगर परिषद बनाया जायेगा। यहां के उप स्वास्थ्य केंद्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा।

जावद में जल्दी ही दो मिलेट प्रोसेसिंग इकाई लगेंगी - एमएसएमई मंत्री

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा जावद में आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुये।

नीमच, मिलेट मिशन के तहत दो मिलेट प्रोसेसिंग उद्योग जावद कृषि उपज मंडी परिसर में स्थापित किए जावेंगे जिससे प्रेरणा लेकर सैकड़ों किसान भी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाएं। यह बात सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने जावद में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला एवं उन्नत कृषकों की संगोष्ठी के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कही।

श्री सखलेचा ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर, किसान अपनी आमदनी चार गुना तक बढ़ा सकते हैं। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे कृषि वैज्ञानिकों ईएण्डवाय के प्रतिनिधियों, सीएफटीआरआई के वैज्ञानिकों से निरंतर संवाद कर, फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के संबंध में जानकारी हासिल करें। उन्होंने कहा कि क्लस्टर में छोट-छोटे कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर, अपनी कृषि आय को बढ़ाएं। एमएसएमई विभाग के ईण्डवाय प्रतिनिधि श्री सुनील कुमार सांई ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापना के लिए लगने वाली मशीनरी, आवश्यक लायसेंस, लागत, कच्चे माल की उपलब्धता, मार्केटिंग, पैकेजिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया। उदयपुर से आये श्री प्रकाश सारस्वत ने कांट्रेक्ट फार्मिंग, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, हर्बल आधारित उद्योग की स्थापना, मिलेट के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना आदि के बारे विस्तार से बताया।

सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा, कि क्षेत्र का किसान, समृद्ध, प्रगतिशील और नई तकनीक, नई खेती को अपनाने वाला किसान है। क्षेत्र के किसान कृषि में नये-नये प्रयोग करते रहते हैं। समय के साथ किसानों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए आगे आना होगा। फूड प्रोसेसिंग कर किसान बन्धु अपने उत्पाद से अच्छा लाभ अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से मिलेट के उत्पादन के लिए आगे आने का आह्वान भी किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए सीएफटीआरआई मैसूर की संचालक डॉ. श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिंह ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए तकनीकी, डेवलपमेंट, स्किल्ड डेवलपमेंट, आवश्यक मशीनरी की उपलब्धता के कार्य में हर सम्भव सहयोग करने का विश्वास दिलाया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
मुरैना, पन्ना, सिंगरौली, नीमच, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर एवं धार जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें
0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण
- कैरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

सीआर राव को

इंटरनेशनल प्राइज इन स्टैटिस्टिक्स

भारतवंशी 102 वर्षीय सीआर राव को इंटरनेशनल प्राइज इन स्टैटिस्टिक्स के लिए चुना गया है। इसे गणित का नोबेल माना जाता है। 1945 में कलकत्ता मैथमेटिकल सोसायटी के बुलेटिन में राव ने 3 मूलभूत परिणामों के बारे में बताया था। उन्हें जुलाई में कनाडा के ओटावा में अंतर्राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान की विश्व सांख्यिकी कांग्रेस में पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार के साथ-साथ राव को 80,000 डॉलर की धनराशि इनाम में दी जाएगी।

अल्बर्ट आइंस्टीन के पत्र में

जानवरों के पास 'सुपरसेंस' होने का दावा

वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन की 1949 की एक चिट्ठी मिली है। लंबे समय से गायब रही इस चिट्ठी से पता चला कि आइंस्टीन ने दावा किया था कि जानवरों में 'सुपरसेंस' होता है। जिसे छठी इंद्रिय कह सकते हैं। आइंस्टीन ने यह चिट्ठी इंडीनियर प्लिन डेविस को एक जवाब के तौर पर लिखी थी। डेविस ने जानवरों के बारे में सवाल किया था। सवाल-जवाब में प्रवासी पक्षियों के बारे में चर्चा की गई थी।



यूरोप में

तीन हजार छह सौ साल पहले भी मतिभ्रम की दवा थी मौजूद

यूरोप में 3,600 साल पहले कांस्य युग में मतिभ्रम की दवाएं मौजूद थीं। लोग इनका इस्तेमाल दिमागी बीमारी में करते थे। बार्सिलोना यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने स्पेन के एक पुरातत्व साइट से 3,600 साल पुरानी कब्रगाह से मिले बालों पर वैज्ञानिक स्टडी के आधार पर यह जानकारी दी। स्पेन में बार्सिलोना और चिली यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स को बालों से इन दवाओं के नमूनों को सामने लाने में कामयाबी मिली है।

मलेशिया में

8 मीटर लंबे अजगर की मौत

दुनिया के सबसे बड़े अजगर की मौत हो गई है। मलेशिया के पेनांग में मृत अजगर की लंबाई 8 मीटर, वजन 250 किलोग्राम था। जांच से पता चला कि उसकी मौत अंडा देते समय हुई है। इससे पहले दुनिया के सबसे लंबे अजगर का रिकॉर्ड अमेरिका के मिसौरी के नाम था, जो 7.67 मीटर लंबा और वजन 158 किलोग्राम था।

इजरायल

वैज्ञानिकों ने माइक्रो रोबोट बनाया जो खराब सेल्स का पता लगाएगा

इजरायल के तेल अवीव यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने अनूठा माइक्रो मोटर रोबोट बनाया है। 5 से 27 माइक्रोमीटर का यह रोबोट मानव शरीर में एक-एक सेल्स (कोशिका ओं) की पहचान कर सकता है। यह सेल के खराब हिस्सों को अलग कर बाहर निकाल सकता है। दावा है कि इंजीनियरिंग का ऐसा चमत्कारिक आविष्कार है, जो दवा से लेकर अन्य रिसर्च तक में उपयोगी होगा। इसे क्रोमियम, निकल और सोने से बनाया गया है।



एविन दुगास

5.41 फीट एफ्रो हेयर स्टाइल का रिकॉर्ड बनाया

दुनिया में सबसे बड़े एफ्रो हेयर स्टाइल का रिकॉर्ड बनाने वाली अमेरिका के लुइसियाना की एविन दुगास ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब उनके हेयर स्टाइल की लंबाई 9.84 इंच, चौड़ाई 10.4 इंच है। उनके हेयर स्टाइल की परिधि 5.41 फीट है। उन्होंने 2020 में न्यूयॉर्क की महिला सिनेमा विलियम्स के 4.10 फीट की परिधि वाले हेयर स्टाइल का रिकॉर्ड तोड़ा था।



मेघालय

मेंढक की नई प्रजाति मिली

भारतीय प्राणि विज्ञान सर्वेक्षण के अनुसंधानकर्ताओं ने मेघालय के दक्षिण गारो हिल्स जिले में एक गुफा के अंदर मेंढक की नई प्रजाति की खोज की है। अनुसंधानकर्ताओं की यह खोज एक अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुई है। अनुसंधानकर्ता भास्कर सैकिया ने बताया दक्षिण गारो हिल्स जिले में गुफा में मिलने के कारण टीम ने इस प्रजाति का नाम 'अमोलोप्स सीजू' रखा है।

कोलकाता

पहली बार नदी के नीचे दौड़ी मेट्रो ट्रेन

देश में पहली बार गंगा नदी के नीचे कोलकाता मेट्रो ने सफल ट्रायल करने का रिकॉर्ड बनाया है। यह ट्रेन महाकरण से हावड़ा मैदान के बीच चली थी। ट्रेन ने 11.55 सुबह हुगली नदी को पार किया। भारत में यह पहली अंडरवॉटर मेट्रो परियोजना है। मेट्रो के 45 सेकंड में हुगली नदी के नीचे 520 मीटर के हिस्से को कवर करने की उम्मीद है। नदी के नीचे बनी यह सुरंग जलस्तर से 32 मीटर नीचे है।

इटैलियन एक्सप्लोरर अमेरिगो वेस्पूची

वर्ल्ड टूर पर निकलेगा 93 साल पुराना शिप

इटैलियन एक्सप्लोरर अमेरिगो वेस्पूची के नाम वाला 93 साल पुराना शिप एक बार फिर वर्ल्ड टूर पर निकल रहा है। 331 फीट लंबे इस जहाज में 3 मस्तूल हैं, जिनमें सबसे ऊंचा 178 फीट का है। इसे 1930 में 74 तोपों वाले शिप के रूप में बनाया गया है। इतावली खान-पान, संस्कृति की पहचान को बढ़ावा देने के लिए इसे सरकार ने दो साल के लिए दुनिया की यात्रा पर भेजना तय किया है। यह 1 जुलाई से सफर पर रवाना होगा।



अंजलि शर्मा ने

पारंपरिक पोशाक में किलिमंजारो फतह किया

धर्मशाला की रहने वाली पर्वतारोही अंजलि शर्मा ने अफ्रीका के माउंट किलिमंजारो की चोटी पारंपरिक गद्दी पोशाक लुआंवड़ी पहनकर फतह की है। उन्होंने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब हासिल किया है। वह गद्दी की पोशाक पहनकर यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला हैं। अंजलि ने 31 मार्च 2023 को इस कठिन और दुनिया की चौथी सबसे ऊंची चोटी को फतह किया था।

वाराणसी के

बनारसी पान को मिला जीआई टैग

वाराणसी के बनारसी पान और लंगड़ा आम ने आखिरकार भौगोलिक संकेत (जीआई) क्लब में प्रवेश कर लिया है जिसका अर्थ है कि अब उनकी पहचान उनके मूल से होगी। 31 मार्च को जीआई रजिस्ट्री चेन्नई ने क्षेत्र के दो और उत्पादों, रामनगर भांता (बैंगन) और चंदौसी के आदमचीनी चावल (चावल) को टैग दिए हैं।

वर्जिन ऑर्बिट

रॉकेट कंपनी दिवालिया घोषित

ब्रिटिश बिलेनियर रिचर्ड ब्रैनसन की रॉकेट कंपनी वर्जिन ऑर्बिट ने अमेरिका की डेलावेयर कोर्ट में दिवालियापन के लिए अर्जी दाखिल की है। नई फंडिंग नहीं मिलने के बाद ये अर्जी दाखिल की गई। ज्ञात हो कि सैटेलाइट लॉन्च कंपनी ने हफ्तों पहले अपने ऑपरेशन बंद कर दिए थे। कैलिफोर्निया में स्थित कंपनी ने पिछले हफ्ते 750 की वर्कफोर्स में से 85 फीसदी को निकाले जाने की घोषणा की थी।

जापानी रेस्तरां ने

खाना खाते समय स्मार्टफोन पर लगाया प्रतिबंध

जापान के एक रेस्तरां ने लोगों के बर्बाद होते समय को बचाने और खाने की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए खाना खाते समय स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी। टोक्यो में डेबू-चान रेस्तरां के मालिक ने कहा कि ऑर्डर के बाद खाना आने तक ग्राहक मोबाइल में डूबा रहता है। इस दौरान खाने का स्वाद और पौष्टिकता भी खत्म होती है।

डॉक्टर निन्या अब्राहम

यंग यूरोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित

भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक और प्रोफेसर डॉक्टर निन्या अब्राहम को अमेरिकी यूरोलॉजिकल एसोसिएशन (एयूए) की ओर से साल के यंग यूरोलॉजिस्ट पुरस्कार से नवाजा गया है। डॉक्टर निन्या अब्राहम अल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन में एसोसिएट प्रोफेसर हैं और मॉटेफियोर यूरोलॉजी रेजीडेंसी कार्यक्रम की निदेशक हैं। वह भारतीय मूल के लोगों के वैश्विक संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर थॉमस अब्राहम और डॉक्टर सूसी अब्राहम की बेटी हैं।

कंबोडिया में

40 लाख ओरिगेमी से बनाया रिकॉर्ड

कंबोडिया के अंगकोर पुरातत्व पार्क में लगभग 40 लाख दिल के आकार की ओरिगेमी के जरिये प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। इसके पूर्व में यह रिकॉर्ड ब्रिटेन के नाम था।

विराज पटेल

भारतवंशी छात्र को इलिनोइस स्टेट यूनिवर्सिटी का शिक्षण पुरस्कार

भारतीय मूल के छात्र विराज पटेल को इलिनोइस स्टेट यूनिवर्सिटी में अपने कार्यक्रम और शैक्षिक अनुभव के हिस्से के रूप में शिक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए 2022 आउटस्टैंडिंग यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्टूडेंट टीचिंग अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन में डॉक्टरेट के द्वितीय वर्ष के छात्र विराज को उनके 'अनुकरणीय कौशल और समर्पण' के लिए सम्मानित किया गया। विराज ने यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम समन्वयक के रूप में भी उत्कृष्ट कार्य किया है।

स्मृति शेष

रंगमंच की वरिष्ठ अभिनेत्री जलबाला का निधन

दिग्गज रंगमंच अभिनेत्री तथा दिल्ली के अक्षरा थिएटर की सह-संस्थापक जलबाला वैद्य का सांस संबंधी बीमारियों के चलते 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें परफॉर्मिंग आर्ट में उनके योगदान के लिए संगीत नाट्य अकादमी के टैगोर पुरस्कार, दिल्ली नाट्य संघ पुरस्कार, आंध्रप्रदेश नाट्य अकादमी सम्मान, अमेरिका के वाल्टीमोर शहर की मानद नागरिकता और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया था।

प्रख्यात रंगकर्मी और अभिनेत्री उत्तरा बावकर का निधन

प्रख्यात रंगकर्मी और फिल्म अभिनेत्री उत्तरा बावकर का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने कई मराठी और हिन्दी फिल्मों में अभिनय किया था। उन्हें 1984 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार दिया गया था। 'एक दिन अचानक' फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेत्री के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

महिंद्रा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन केशव महिंद्रा का निधन

महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन और देश के अरबपति केशव महिंद्रा का 99 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे 1962 से 2012 तक महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन थे। हाल ही में फोर्ब्स ने उन्हें 1.2 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ भारत का सबसे वृद्ध अरबपति बताया था।

पूर्व भारतीय ओपनर, कोच और क्यूरेटर सुधीर नाईक का निधन

भारत के लिए 1974 में 3 टेस्ट मैच खेलने वाले पूर्व सलामी बल्लेबाज सुधीर नाईक का लंबी बीमारी के बाद 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। नाईक के नेतृत्व में टीम ने 1970-71 सत्र में रणजी खिताब जीता था। उन्होंने 1974 में इंग्लैंड दौरे पर बर्मिंघम टेस्ट में पदार्पण किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011 (GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./5942/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 17.04.2023

NOTICE INVITING TENDER No. 214/MTN/2023 (Flood Damage-SR)

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **Table-1 : Name of Work -** Special Repair of Roads/ Culverts (Flood Damage)
- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.09.2017 and amendments upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Chhatarpur	1	9623000.00
2.	Narmadapuram	1	512000.00
3.	Ratlam	1	2051000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **18.04.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)
M.P. Madhyam/109416/48428/2023

M.P. BUILDING DEVELOPMENT CORPN.

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755- 4853297
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, ajay.nagaria@mp.gov.in
NIT No.: 213/GM/MPBDC/CW/23/NIT-26 Bhopal, Dated : 17.04.2023

NOTICE INVINTING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the Construction of following CM Rise Schools :-

S. No.	Name of Work	Probable Amount of Contract (PAC) in Lacs	Completion Period in Months including Rainy Season
1	Bada Malhera Distt. Chhatarpur	2911.79	15
2	Badagaon Distt. Tikamgarh	2364.43	15
3	Palera Distt. Tikamgarh	2885.53	15
4	Singod (Panagar) Distt. Jabalpur	2571.28	15
5	Jawar and Chah-Mohgaon Makhan Distt. Khandwa	5361.26	18
6	Penchveli Parasia Distt. Chhindwara	2629.17	15
7	Nisarpur Distt. Dhar	2262.35	15
8	Nalchha Distt. Dhar	2408.19	15
9	Bakaner and Gandhwani Distt. Dhar	4580.03	18
10	Hathitara Distt. Mandla	2076.47	15

From bidders registered in M.P. PWD Department under appropriate category. Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased online only from 21.04.2023 (18:00 hrs.) to 15.05.2023 (15:30 hrs.) from website **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/109450/2023 **MANAGING DIRECTOR**

R-48430/2023

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, कोलार रोड, भोपाल-462016 (म.प्र.)
Website : http://mpbou.edu.in/
क्रमांक : 8387

सूचना

प्रबंध बोर्ड के बिन्दु क्रमांक 96(5), दिनांक 15.03.2023 के परिपालन में विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक पदों के लिए जारी विज्ञापन क्रमांक 3781 दिनांक 01.04.2022 तकनीकी कारणों से निरस्त किया जाता है।
म.प्र. माध्यम/109474/2023 **कुलसचिव**

R-48433/2023

M.P. RAJYA SAHAKARI BANK MYDT.

T.T. NAGAR, BHOPAL (M.P.)
No./MP(HO)/3/Per.Admn/200 Bhopal, Dated : 20.04.2023

Recruitment for 27 Post of Assistant Manager

NOTICE

Madhya Pradesh Rajya Sahakari Bank Mydt., Bhopal (Apex Bank) under going recruitment of 27 **Assistant Manager** on vacant post through IBPS Mumbai, refer Bank advertisement as published on 21.03.2023, the last date of making online application was 20.04.2023. Bank Management has decided to further extend this date **30.04.2023**. For further details please visit our bank website **www.apexbank.in**
M.P. Madhyam/109487/2023 **INCHARGE MANAGING DIRECTOR**

R-48435/2023

Computer Proficiency Certification Test

Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited

Exam Registration Opens

MPSEDC/CPCT/Exam/2023/2160

"म.प्र. शासन द्वारा सरकारी रोज़गार हेतु आवश्यक CPCT स्कोर कार्ड"

राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कम्प्यूटर दक्षता/कौशल प्रमाणीकरण हेतु संविदा/ नियमित नियुक्तियों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार (CPCT पोर्टल पर उपलब्ध) सूचना प्रौद्योगिकी/ कम्प्यूटर क्षेत्र में कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) का स्कोर कार्ड प्राप्त करना अनिवार्य है।

परीक्षा तिथि : 13 एवं 14 मई 2023 **पंजीयन तिथि : 19 अप्रैल 2023 से 29 अप्रैल 2023 तक**

आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि : 01 मई 2023 से 02 मई 2023

- CPCT परीक्षा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, सतना में आयोजित की जाएगी।
- CPCT नियम पुस्तिका में आवेदन फॉर्म में सुधार हेतु नियम उपलब्ध कराए गए हैं।
- CPCT नियम पुस्तिका में निःशक्तजनों से संबंधित नियम उपलब्ध कराये गए हैं तथा लेखक की सुविधा हेतु आवेदन का प्रारूप CPCT पोर्टल पर उपलब्ध है।
- CPCT परीक्षा सम्बन्धी समस्त जानकारी/विवरण एवं नियम पुस्तिका तथा आगामी परीक्षाओं का प्रस्तावित कैलेंडर CPCT पोर्टल **(www.cpct.mp.gov.in)** पर उपलब्ध है।
- मूल (Original) फोटोयुक्त पहचान पत्र लाने पर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।
- अभ्यर्थी को दोनों अनुभाग (कंप्यूटर एवं टाइपिंग) में सम्मिलित होना अनिवार्य है।
- CPCT परीक्षा का संचालन, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान परीक्षा कराने के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

परीक्षा एवं पंजीयन की सुविधा अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में उपलब्ध होगी। आवेदकों को परीक्षा के लिए आवेदन ऑनलाइन ही भरने होंगे। आवेदक अपना पंजीयन MP-Online के Kiosks से भी कर सकते हैं।

मुख्य महाप्रबंधक
मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (MPSeDC)
स्टेट आई टी सेंटर, 47-A, अरेरा हिल्स भोपाल-462011

Note : MPSeDC द्वारा प्रदेश में किसी भी संस्था को CPCT प्रशिक्षण हेतु अधिकृत नहीं किया गया है।

M.P. M./109460/2023

R-48431/2023

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
REGIONAL OFFICE, INDORE
101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, INDORE-452007
(M.P.), Phone : (O) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629
E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in
GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850
No. MPIDC/R.O.I./Tech/2023/1166 Date : 19.04.2023

NOTICE INVITING TENDER (SECOND CALL)

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system **http://www.mptenders.gov.in** as mention below :-

S. No.	Name of Work	PAC (Rs. in Lacs)	Cost of Tender Form	EMD
1.	Selection of Supervision, Quality Control/Project Management Consultant for Construction of IT Park-3 complex adjoining crystal IT park, Ring Road, Indore including a 5 Star Hotel. Work comprises all allied services like HVAC, Electrical, lifts, Plumbing, Firefighting, Landscape, STP, BMS, Outer development works etc.	Rs. 386.98 Lacs	Rs. 17700/- i/c GST	Rs. 386980/-

The Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased after publication in newspaper within 7 working days from website **http://www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/109465/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

R-48432/2023

केंद्रीय पेट्रोसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)

सी.एस.टी.एस. भोपाल
(रसायन एवं पेट्रोसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
जी सेक्टर, गोविन्दपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जे.के. रोड, भोपाल 462023 (म.प्र.)
☎ : 0755-4028622/23, ई-मेल : bhopal@cipet.gov.in / cipet.bhopal@gmail.com, वेबसाइट : www.cipet.gov.in

AITCE से मान्यता प्राप्त

रोजगार फ्रेंडली रिपोर्ट

सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) 2023

ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट : https://cipet23.onlineregistrationform.org/CIPET/ पर उपलब्ध है।

क्रम सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	प्रवेश योग्यता
1.	डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डी.पी.एम.टी.)	3 वर्ष	कक्षा 10 उत्तीर्ण।
2.	डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डी.पी.टी)	3 वर्ष	कक्षा 10 उत्तीर्ण।
3.	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एन्ड टेस्टिंग (पीजीडी-पीपीटी)	2 वर्ष	विज्ञान में 3 वर्ष की डिग्री
4.	पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड डिजाइन विथ कैड / कैम (पीडी-पीएमडी विथ कैड/कैम)	1½ वर्ष	मैकेनिकल /प्लास्टिक्स/पॉलीमर/टूल/टूल एवं डाई मेकिंग/ उत्पादन /मेकट्रोनिक्स/आटोमोबाइल/पेट्रोकेमिक्स/ ऑप्टोमेट्रि/कृषि/इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा या डी.पी.एम.टी./डी.पी.टी./या समकक्ष।

क्रम संख्या 1 से 2 पाठ्यक्रम ग्वालियर केंद्र में भी उपलब्ध है।

आयु की सीमा नहीं।
छात्रवृत्ति (शासन के नियमानुसार)
छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास

सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) की महत्वपूर्ण तिथियाँ	ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि –	24.02.2023
	ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि –	28.05.2023
	सिपेट प्रवेश परीक्षा 2023 की तिथि (कैट :2023) –	11.06.2023
	पाठ्यक्रमों की शुरुआत तिथि –	अगला प्रथम सत्रारंभ 2023

नोटः प्रवेश योग्यता परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार भी उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।
विज्ञापन क्रमांक : CIPET/BPL/ADVT/23-24/02
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – 9713109460, 9726835057, 8887987463, 7869955238, 9425929097, 9131520467
ग्वालियर – 9478355969, 9893344859

R-48437/2023

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर- 482002 (म.प्र.)
E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 02/2023-24 (1) विशेष मरम्मत कार्य कोतवाली जिला अनूपपुर ऑनलाइन निविदा क्र. (2023_MPPHC_268218), (2) बैरीक क्र. 01 व 02 के बैरीकों की पीओपी/पुट्टी एवं रंगरोगन कार्य बैरीक भवन सी.टी.आई. होमगार्ड मंगेली, जबलपुर निविदा क्र. (2023_MP-PHC_268220) एवं (3) सैनिक बैरीक में वाटर प्रूफिंग एवं फ्लोरिंग का कार्य होमगार्ड सिवनी जिला सिवनी निविदा क्र. (2023_MPPHC_268221) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 29.04.2023 तक** खरीदकर सायं 06:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Poral : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/109429/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48429/2023

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, रीवा (म.प्र.)
फोन : 9425601525, 9340714903

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत उन्नयन एवं विस्तारीकरण कार्य, ज्ञानोदय विद्यालय, रीवा जिला रीवा के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 04/2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2023_MPPHC_269567_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 01.05.2023 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/109483/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48434/2023

आयुक्त तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004
Ph. No. - 0755-2576751, Fax - 0755-2552219, Website : www.mptechedu.org
Email : dte2.rajpatrit@mp.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

प्रदेश के शासकीय/स्वशासी इंजीनियरिंग महाविद्यालय तथा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल की घटक संस्थाओं में शिक्षकीय पदों पर नियुक्ति के लिये इंजीनियरिंग की विभिन्न संकायों की मैपिंग संचालनालयीन वेबसाइट **www.mptechedu.org** पर उपलब्ध है। समस्त आमजन एवं इच्छुक उम्मीदवार संचालनालय की वेबसाइट पर संकायों की मैपिंग का अवलोकन कर, सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

संयुक्त संचालक
जी-11762/48427/2023 **तकनीकी शिक्षा संचालनालय, म.प्र.**

कार्यालय संयुक्त संचालक (कौशल विकास) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं, ग्वालियर क्षेत्र संभागीय आईटीआई परिसर, बिरलानगर, ग्वालियर (म.प्र.)

विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत ग्वालियर/चम्बल संभाग में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में रिक्त पदों के विरुद्ध मेहमान प्रवक्ताओं को आमंत्रण हेतु दिनांक **29.04.2023 सायं 5.30 बजे** तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की लिंक तथा आवेदकों की सहायता हेतु मार्गदर्शिका कौशल विकास संचालनालय के पोर्टल **www.mpskills.gov.in** पर उपलब्ध होगी। आवेदक को पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करने पर आईडी/पासवर्ड प्राप्त होगा, जिसके द्वारा लॉग आवेदन भरा जा सकेगा। एक आवेदक के द्वारा सभी संभाग के लिये केवल एक ही आवेदन मान्य किया जावेगा, आवेदक को एक से अधिक संभाग की आईटीआई में आवेदन करने के लिये सर्वप्रथम वांछित क्रमानुसार संभाग (Zone) का चयन करना होगा तत्पश्चात संबंधित संभाग में संचालित आईटीआई का चयन किया जा सकेगा।

आवेदन हेतु आवेदक को मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिये, आवेदक द्वारा पंजीकरण करते समय श्रेणी (UR/OBC/SC/ST/EWS, होरिजेन्टल केटेगरी महिला/नि:शक्तजन) एवं आवेदन में चयन की गयी अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता (Base Qualification) का चयन करना होगा। आवेदक की एक से अधिक अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता होने पर आवेदन को लॉक करने से पूर्व Base Qualification बदल कर Choice Filling हेतु उपलब्ध स्थान देखे जा सकते हैं, आवेदक इस हेतु पुष्टि करने के उपरांत ही आवेदन लॉक करें, लॉक करने के उपरांत किसी भी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं होगा ना ही दूसरा आवेदन भरा जा सकेगा।

संयुक्त संचालक कौशल विकास

जी-11790/48438/2023 **क्षेत्रीय कार्यालय, औ.प्र. संस्थायें, ग्वालियर, (म.प्र.)**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
Regional Office, 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452001 (M.P.), Phone : (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311
Fax No. : 0731-2972629, Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in
No. MPIDC/ROIND/TECH/23/1333 **DATE : 21.04.2023**

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from Experienced Agencies in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for the following works :-

S. No.	Name of Work	PAC (in Lakh)	EMD (in Rs.)	Cost of Tender Form	Last Date of Submission
1.	Resistivity survey, Drilling of Tube well, Operation and maintenance of pumps for a period of 4 months at I/a Hatod, Distt. Dhar	10.22	20440/-	2360/- (i/c GST)	08.05.2023
2.	Providing & Laying of RCC Hume pipe for storm water drain at I/a Pithampur Sector -1, Distt. Dhar	36.63	36630/-	5900/- (i/c GST)	08.05.2023

The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mptenders.gov.in.** Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.

M.P. Madhyam/109527/2023 R-48445/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड सरदारपुर, जिला-धार (म.प्र.)

दूरभाष : 07296-245865, ई-मेल : eephedsardha@mp.gov.in

नि.सू.क्र. 01/2023-24 **सरदारपुर, दिनांक : 18.04.2023**

निविदा सूचना प्रथम आमंत्रण

निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं ई-टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित किये जाने हेतु विभागीय इंटरनेट साइट पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in/** उपखंड, मनावर हेतु किराये पर वाहन उपलब्ध कराने के कार्य एवं इंदौर परिक्षेत्र इंदौर, खंड एवं उपखंड कार्यालय हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रयोगशाला सहायक, सफाई कर्मी, चौकीदार की आवश्यक कार्य हेतु निर्धारित प्रक्रिया संपादित की गई हैं।

सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य का विवरण	निविदा लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2023_PHED_268561_1	मनावर	2.664	5328/-	2000/-	म.प्र. शासन का आदेश क्रमांक 2815/आर-74/2017/2/34 भोपाल दिनांक 15.06.2017	12 माह वर्षा-काल सहित
2023_PHED_268562_2	उपखंड निसरपुर	15.66	31320/-	2000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	24 माह वर्षाकाल सहित
2023_PHED_268563_2	उपखंड मनावर	15.93	31860/-	2000/-		
2023_PHED_268564_2	उपखंड सरदारपुर	16.77	33540/-	2000/-		
2023_PHED_268565_2	उपखंड कुक्षी	15.93	31860/-	2000/-		
2023_PHED_268566_2	खंड सरदारपुर	16.06	32120/-	2000/-		
2023_PHED_259967_1	मुख्य अभियंता इंदौर	4.02	8040/-	2000/-		12 माह वर्षाकाल सहित

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - **27.04.2023 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 27.04.2023 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 29.04.2023 11.00 बजे
नोट :- निविदा प्रपत्र सिर्फ उपरोक्त इंटरनेट साइट पर ऑनलाइन पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउंट एवं आय.टी.जेड केश कार्ड के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदायें एवं अन्य विवरण उपरोक्त लिखित पोर्टल पर देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)

जी-11795/48439/2023 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड सरदारपुर, जिला-धार (म.प्र.)**

MADHYA PRADESH URJA VIKAS NIGAM LIMITED

(A Govt. of M.P. Undertaking)
Regd. Office : UrjaBhawan, Link Road No. 02, Shivaji Nagar, Bhopal (M.P.)-16
Website : https://www.mprenewable.nic.in

No.FUVN/2023/EST-02/005/IV/5947/231 **Bhopal, Dated : 21.04.2023**

ADVERTISEMENT FOR DIRECT RECRUITMENT OF ASSISTANT ENGINEER, M.P. URJA VIKAS NIGAM LTD. ON REGULAR BASIS

M.P. Urja Vikas Nigam Ltd. (MPUVNL) is the leading company of Govt. of Madhya Pradesh, engaged in the field of Renewable Energy & Energy Conservation, working under the administrative control of New & Renewable Energy Department, GoMP invites applications for selection and appointment of Assistant Engineers on regular basis :-

S. N.	Name of Company	Post Name	No. of Vacant Post						Post Reserved for Women (33%) (Horizontal Reservation for Domicile of M.P. only)					Post Reserved for Specially abled (PWD) (Horizontal Reservation for Domicile of M.P. only)			
			UR	SC	ST	OBC	EWS	Total	UR	SC	ST	OBC	EWS	VI	HI	LD	MD
1.	MP Urja Vikas Nigam Ltd.	Assistant Engineer	4	2	3	3	1	13	1	1	1	1	0	0	0	1	0

Note :-

1. The Nigam reserves the right to fill or not to fill any of the vacancies.
2. The start date for filling application form is **26.04.2023** and the last date for submission of application is **19.05.2023.**
3. The above posts may vary as per requirement. The details regarding minimum qualification, age limit, application fees and other terms and conditions are available in details advertisement on company's website **https://www.mprenewable.nic.in** and **https://portal.mpcz.in.** Applicants may visit the link provided on the MPMKVVCL website to submit the application form.

M.P. Madhyam/109524/2023 R-48444/2023 **MANAGING DIRECTOR**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email - mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 03/2023-24 सी.एम. राइज योजना अंतर्गत स्वीकृत (1) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राई का निर्माण कार्य जिला-डिण्डौरी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_269797) एवं (2) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बन्नौदा का निर्माण कार्य जिला-उमरिया (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_269799) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.05.2023 तक खरीद कर सायं 6:00 बजे तक सब्मिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal: **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/109522/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48443/2023

ASPIRE INSTITUTE

"AWARDS" Approved by NCTE, MP Higher Education, Affiliated with DAVV

Selection Under College Code 28

Invites applications for B.Ed., B.A.
HOD, Professor, Assistant Professor

B.Ed. (Two Year Regular)
Perspective Education, Pedagogy Subject
Health & Physical Education, Fine Arts, Performing Arts & Librarian

B.A. (Three Year Regular)
Economics, History, Sociology & Political Science

Minimum qualification As Per NCTE/UGC Regulations

Interested candidates can send their resume with relevant documents & experience certificates to the below address within 8 days

453/2, Khandwa Road , Opp. Radha Soami Satsang, Indore (M.P.)
Email:aspiresociety@gmail.com, Ph:07314-2468502

R-48441/2023

मध्यप्रदेश से 200 टन महुआ 110 रुपये प्रति किलो की दर से लंदन होगा निर्यात

भोपाल, वन विभाग के सहयोग से मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ की प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों से प्रदेश से 200 टन महुआ 110 रुपये प्रति किलो के भाव से लंदन निर्यात किए जाने का अनुबंध हुआ है। यह अनुबंध पिछले साल के अंत में ग्वें अंतर्राष्ट्रीय वन मेला में लंदन की M/S O- Forest की भारतीय इकाई ध्रुवन्या के साथ हुआ।

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 1, भदभदा रोड, भोपाल

क्र./401/तशा/प.यं./2023 **दिनांक : 20.04.2023**

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_269743_1, **दिनांक 26.04.2023 समय 17.00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/109528/2023 R-48446/2023 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal-462011 (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./6078/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 21.04.2023

NOTICE INVITING TENDER EL-68

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**

Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Damoh	2	3738976.00
2.	Dhar	1	4434200.00
3.	Indore	1	1006879.00
4.	Khargone	1	2890451.00
5.	Sagar	2	15204000.00
6.	Sehore	1	3430000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **25.04.2023 from 17:30 hrs.** 2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/109518/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

R-48442/2023

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी

प्रश्न 1. सुलभ भाषा व कम्प्यूटर हेतु उपर्युक्त भाषा कौनसी है?
(अ) कोबोल
(ब) पॉस्कल
(स) बेसिक
(द) फोस्ट्रॉन
उत्तर - (स) बेसिक

प्रश्न 2. तृतीय पीढ़ी में किस प्रकार के कम्प्यूटर प्रयोग में आने लगे?
(अ) सुपर कम्प्यूटर
(ब) मिनी कम्प्यूटर
(स) माइक्रो कम्प्यूटर
(द) डिजिटल कम्प्यूटर
उत्तर - (ब) मिनी कम्प्यूटर

प्रश्न 3. रैम (RAM) है -
(अ) अस्थायी मेमोरी
(ब) स्थायी मेमोरी
(स) एक कम्प्यूटर भाषा
(द) प्रोग्राम
उत्तर - (अ) अस्थायी मेमोरी

प्रश्न 4. कम्प्यूटर का आधार कौनसी संख्या पद्धति है?
(अ) डेसीमल
(ब) ऑक्टल
(स) बाइनरी
(द) हेक्सा डेसीमल
उत्तर - (स) बाइनरी

प्रश्न 5. ऑपरेटिंग सिस्टम किन पर नियंत्रण रखता है?
(अ) हार्डवेयर
(ब) प्रोग्रामर
(स) आंकड़े
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर - (द) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 6. विण्डोज जो एक सॉफ्टवेयर टूल है किसके द्वारा बनाया गया है?
(अ) माइक्रोसॉफ्ट
(ब) आई.बी.एम.
(स) इन्फोसिस
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (अ) माइक्रोसॉफ्ट

प्रश्न 7. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र की स्थापना कब की गयी थी?
(अ) 1999
(ब) 1987
(स) 1960
(द) 1976
उत्तर - (द) 1976

प्रश्न 8. इलेक्ट्रो-स्टैटिक तकनीक प्रयोग की जाती है -
(अ) इंकजेट प्रिंटर
(ब) डेस्क प्रिंटर
(स) लेजर प्रिंटर
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (स) लेजर प्रिंटर

प्रश्न 9. डाटा रिकॉर्डिंग एरिया कहलाता है -
(अ) डाटा बेस
(ब) फिड
(स) ब्लॉक
(द) रिकॉर्ड
उत्तर - (स) ब्लॉक

प्रश्न 10. जॉय स्टिक किसके काम आता है?
(अ) गेम्स
(ब) प्रोग्रामिंग
(स) आपरेटिंग
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (अ) गेम्स

प्रश्न 11. प्रोग्राम व डाक्युमेंटेशन कहलाता है -
(अ) हार्डवेयर
(ब) सॉफ्टवेयर
(स) हार्डडिस्क
(द) स्कैन ड्राइव
उत्तर - (ब) सॉफ्टवेयर

प्रश्न 12. ट्रांजेक्शन फाइल निम्न का एक प्रकार है -
(अ) मास्टर फाइल
(ब) डाटा फाइल
(स) एक्सेस विधि
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर - (ब) डाटा फाइल

प्रश्न 13. ई-व्यापार का अर्थ होता है -
(अ) निर्यात व्यापार
(ब) इंटरनेट व्यापार
(स) आयात
(द) उपरोक्त तीनों
उत्तर - (ब) इंटरनेट व्यापार

प्रश्न 14. एक कम्प्यूटर बूट नहीं कर सकता है यदि उसमें अनुपस्थित हो -
(अ) कम्पाइलर
(ब) लोडर
(स) एसेम्बलर
(द) ऑपरेटिंग सिस्टम
उत्तर - (द) ऑपरेटिंग सिस्टम

प्रश्न 15. नेटवर्क में एक कनेक्टिंग पॉइंट है -
(अ) बैंड
(ब) बस
(स) नोड
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) नोड

प्रश्न 16. यूजनेट (usenet) मुख्यत: प्रदान करता है -
(अ) न्यूज
(ब) मेल
(स) यूटीलिटीज
(द) हेल्प सेवाएं
उत्तर - (अ) न्यूज

प्रश्न 17. इंटरनेट सेवा प्राप्त की जा सकती है -
(अ) डायल अप से
(ब) लीज लाइन से
(स) दोनों अ व ब से
(द) कोई नहीं
उत्तर - (स) दोनों अ व ब से

प्रश्न 18. डाटाबेस में कॉलम्स को कहते हैं -
(अ) कार्ड्स
(ब) लाइव
(स) फील्ड्स
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) फील्ड्स

प्रश्न 19. टेलस्टार स्थापित किया गया था -
(अ) 1960
(ब) 1963
(स) 1962
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) 1962

प्रश्न 20. डाटाबेस विकसित करते समय एकत्रित जानकारी स्टोर की जाती है -
(अ) रिपॉजिटरी
(ब) डाटा वेयरहाउस
(स) RAD
(द) CASE
उत्तर - (द) CASE

प्रश्न 21. वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय से संबंधित है?
(अ) ई. बिज पोर्टल
(ब) मोबाइल सेवा
(स) दर्पण
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर - (अ) ई. बिज पोर्टल

प्रश्न 22. ..... का प्रयोग वेबसाइट पर लौटने वाले प्रयोक्ता की पहचान करने के लिये होता है -
(अ) कुकीज
(ब) प्लग-इन्स
(स) स्क्रिप्टस्
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (अ) कुकीज

प्रश्न 23. ''विकीपीडिया'' एक है -
(अ) इंटरनेट सर्विस
(ब) इन्साइक्लोपीडिया इंटरनेट का
(स) हैकिंग
(द) वायरस
उत्तर - (ब) इन्साइक्लोपीडिया इंटरनेट का

प्रश्न 24. दृष्टिहीनों के लिये विशेष प्रकार का कम्प्यूटर कहलाता है -
(अ) सुपर कम्प्यूटर
(ब) पैकमेट कम्प्यूटर
(स) मिनीफ्रेम कम्प्यूटर
(द) सभी
उत्तर - (ब) पैकमेट कम्प्यूटर

प्रश्न 25. कृत्रिम बुद्धिमता (AI) का जनक माना जाता है -
(अ) जॉन मैकार्थी
(ब) बॉब नोयी
(स) पाल एलेन
(द) मार्टिन कूपर
उत्तर - (अ) जॉन मैकार्थी

प्रश्न 26. उपभोक्ता दस्तावेज को जो नाम देता है, उसे कहते हैं -
(अ) फाइल नेम
(ब) यूजर नेम
(स) डाटा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (अ) फाइल नेम

प्रश्न 27. माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस का निजी सूचना प्रबंधक है -
(अ) आउटलुक
(ब) इंटरनेट एक्सप्लोरर
(स) ऑर्गेनाइजर
(द) एक्सेस
उत्तर - (अ) आउटलुक

प्रश्न 28. एक्सेल वर्क बुक संग्रह है -
(अ) चार्ट का
(ब) वर्ड बुक का
(स) वर्कशीट का
(द) उपर्युक्त सभी का
उत्तर - (स) वर्कशीट का

प्रश्न 29. आधुनिक कम्प्यूटर विज्ञान का जनक माना जाता है -
(अ) जेरी यंग
(ब) राबर्ट डेनार्ड
(स) जेम्स रसेल
(द) एलन टुरिंग
उत्तर - (द) एलन टुरिंग

प्रश्न 30. निम्न में से किस मॉडल में व्यापारिक गतिविधियां इंटरनेट के माध्यम से विक्रेता व उपभोक्ता के बीच सीधे तौर पर चलती हैं -
(अ) B_2C (ब) C_2B
(स) B_2B (द) C_2C
उत्तर - (ब) C_2B

प्रश्न 31. नीलामी तथा गतिशील मूल्य निर्धारण बाजार .....के उदाहरण हैं -
(अ) C_2C वाणिज्य
(ब) C_2B वाणिज्य
(स) B_2B वाणिज्य
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) B_2B वाणिज्य

प्रश्न 32. इसरो द्वारा विकसित अर्द्ध मानव प्रोटोटाइप रोबोट है -
(अ) व्योममित्र
(ब) सिंघला
(स) चेतन्या
(द) आकृति
उत्तर - (अ) व्योममित्र

प्रश्न 33. साइबरनाइफ क्या?
(अ) रोबोट से बात करने का तरीका
(ब) रोबोट द्वारा रेडियो सर्जरी प्रणाली
(स) रोबोट द्वारा अटैक करना
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) रोबोट द्वारा रेडियो सर्जरी प्रणाली

प्रश्न 34. निम्न में से कौन सोवियत संघ द्वारा चंद्रमा पर भेजा गया रोबोटिक अंतरिक्ष यान मिशनों की एक श्रृंखला है?
(अ) मैरिनर कार्यक्रम
(ब) रेंजर प्रोग्राम
(स) लूना कार्यक्रम
(द) जॉड कार्यक्रम
उत्तर - (स) लूना कार्यक्रम (Luna Program)

प्रश्न 35. AI इंडिया और रोबोटिक्स टेक्नोलॉजीस पार्क कहां पर है?
(अ) बेंगलुरु
(ब) दिल्ली
(स) भोपाल
(द) लखनऊ
उत्तर - (अ) बेंगलुरु

प्रश्न 36. रोबोटिक सोसाइटी ऑफ इंडिया की स्थापना किस वर्ष की गई?
(अ) 2010
(ब) 2011
(स) 2012
(द) 2013
उत्तर - (ब) 2011

प्रश्न 37. मध्यप्रदेश के किस शहर में देश की प्रथम रोबोटिक कंट्रोल वेधशाला स्थापित की गई है।
(अ) भोपाल
(ब) इंदौर
(स) उज्जैन
(द) छिंदवाड़ा
उत्तर - (स) उज्जैन

प्रश्न 38. मध्यप्रदेश के किस शहर में ट्रैफिक रोबोट लगा है।
(अ) भोपाल
(ब) ग्वालियर
(स) जबलपुर
(द) इंदौर
उत्तर - (द) इंदौर

प्रश्न 39. किस देश में 100 भाषाएं बोलने व समझने वाला एक रोबोट विकसित किया है।
(अ) अमेरिका
(ब) चीन
(स) ईरान
(द) जापान
उत्तर - (स) ईरान

प्रश्न 40. रोबोटिक्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के द्वारा 'एडवांस इन रोबोटिक्स' कार्यक्रम 2023 का आयोजन कहां किया जावेगा?
(अ) आईआईटी दिल्ली
(ब) आईआईटी रोपड़
(स) आईआईटी मद्रास
(द) आईआईटी कानपुर
उत्तर - (ब) आईआईटी रोपड़

प्रश्न 41. हिंदी बोलने वाला विश्व का प्रथम रोबोट है?
(अ) ह्रावो
(ब) व्योममित्र
(स) चतुर
(द) रश्मि
उत्तर - (द) रश्मि

प्रश्न 42. भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की स्थापना कब हुई?
(अ) 1970
(ब) 1971
(स) 1973
(द) 1974
उत्तर - (अ) 1970

प्रश्न 43. डिजिटल इंडिया कार्यक्रम कब प्रारंभ किया गया?
(अ) 1 जुलाई 2015
(ब) 2 जुलाई 2016
(स) 3 जुलाई 2015
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर - (अ) 1 जुलाई 2015

प्रश्न 44. इनमें से कौन-सा G2G का सही उदाहरण है?
(अ) प्रगति एप
(ब) उमंग एप
(स) एम.पी. ऑनलाइन
(द) उपयुक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (अ) प्रगति एप

प्रश्न 45. डिजिटल इंडिया को किसके द्वारा लॉन्च किया गया?
(अ) इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(ब) शिक्षा मंत्रालय के द्वारा
(स) राष्ट्रीय सूचना केन्द्र
(द) उपयुक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

प्रश्न 46. 'SMART' गवर्नेंस में R का अर्थ क्या है?
(अ) रिसपॉन्सिबल
(ब) रिसपॉन्स
(स) रिसपॉन्सिव
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर - (स) रिसपॉन्सिव (Responsive)

प्रश्न 47. राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क की स्थापना कब की गई?
(अ) 2010
(ब) 2011
(स) 2012
(द) 2014
उत्तर - (अ) 2010

प्रश्न 48 कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर आयोजित होने वाला विश्व का प्रमुख आयोजन कौन-सा है?
(अ) SAARC
(ब) Cogx
(स) COP
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) Cogx

- श्रद्धा सुमन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

सामान्य अध्ययन

प्रश्न 1. राजा चक्रधर की जन्मस्थली कहां पर है?
(अ) ग्वालियर (ब) रायगढ़
(स) रामपुर (द) बेलगांव
उत्तर - (ब) रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

प्रश्न 2. स्तूप में जहां हड्डी या अवशेष रखे जाते हैं वह स्थान कहलाता है -
(अ) मेधि (ब) वेदिका
(स) हर्मिका (द) अण्ड
उत्तर - (स) हर्मिका

प्रश्न 3. म.प्र. सरकार द्वारा आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची मूर्ति कहां स्थापित की जा रही है?
(अ) उज्जैन (ब) सतना
(स) चित्रकूट (द) खंडवा
उत्तर - (द) खंडवा (ओंकारेश्वर)

प्रश्न 4. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है - फेलोशिप
(अ) उस्ताद अलाउद्दीन खां
(ब) चक्रधर
(स) राजेन्द्र माथुर
(द) अमृता शेरगिल
स्थान
(अ) संगीत के क्षेत्र में
(ब) साहित्य कला के क्षेत्र में
(स) पत्रकारिता के क्षेत्र में
(द) ललित कला क्षेत्र में
उत्तर - (ब) चक्रधर - साहित्य कला के क्षेत्र में

प्रश्न 5. निम्न में से किसे मध्यप्रदेश की 'मदर टेरेसा' कहा जाता है?
(अ) मेधा पाटकर (ब) लीला जोशी
(स) कांताबेन त्यागी (द) रईसा खां
उत्तर - (ब) लीला जोशी

प्रश्न 6. निम्न में से कौनसा स्टेडियम जबलपुर में स्थित नहीं है?
(अ) पं. रविशंकर शुक्ल
(ब) रानीताल स्टेडियम
(स) भीमराव अम्बेडकर
(द) अशोक पटेल
उत्तर - (स) भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम

प्रश्न 7. जबरन चावल उगाही के विरुद्ध किया गया 'चावल आंदोलन' किस स्थान से संबंधित है?
(अ) छिंदवाड़ा (ब) सिवनी
(स) रीवा (द) बालाघाट
उत्तर - (स) रीवा

प्रश्न 8. 'घोटूल पाटा गीत' किस जनजाति का गायन है?
(अ) बैगा (ब) गोंड
(स) कोरकू (द) मुड़िया
उत्तर - (द) मुड़िया जनजाति (मुख्यतः)

प्रश्न 9. निम्नलिखित में से किन देशों से होकर भूमध्य रेखा नहीं गुजरती?
(1) मालदीव (2) सोमालिया
(3) रवांडा (4) युगांडा
(अ) 1 और 2 (ब) 2 और 4
(स) केवल 3 (द) केवल 4
उत्तर - (स) केवल 3

प्रश्न 10. म.प्र. के वे कौनसे राज्यपाल हैं जो उ.प्र. के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं तथा जिनकी मृत्यु कार्यकाल में हुई थी।
(अ) रामनरेश यादव
(ब) रामप्रकाश गुप्ता
(स) भाई महावीर
(द) रामेश्वर ठाकुर
उत्तर - (ब) रामप्रकाश गुप्ता

प्रश्न 11. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है? योजना
(अ) मुख्यमंत्री खेत तीर्थ योजना- 2013-14
(ब) बलराम ताल योजना - 2007
(स) उषा किरण योजना - 2006-07
(द) लाड़ली लक्ष्मी योजना - 2010
उत्तर - (द) लाड़ली लक्ष्मी योजना - 2010

प्रश्न 12. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित है?

GI टैग		स्थान
(अ) महेश्वर साड़ी	-	खंडवा
(ब) बाघ प्रिंट	-	महू
(स) कड़कनाथ मुर्गा	-	अलीराजपुर
(द) चंदेरी साड़ी	-	अशोकनगर

उत्तर - (द) चंदेरी साड़ी - अशोकनगर

प्रश्न 13. कॉमनवेल्थ गेम्स - 2022 में भारतीय एथलीटों ने कुल कितने पदक जीते।
(अ) 22 (ब) 61
(स) 108 (द) 128
उत्तर - (ब) 61 पदक (22-स्वर्ण, 16-रजत, 23-कांस्य)

प्रश्न 14. निम्नलिखित में से कौनसा आर्द्रभूमि क्षेत्र जम्मू और कश्मीर में अवस्थित नहीं है?
(अ) होकरसर (ब) हाइगम
(स) त्सोमोरीरी झील (द) सुरिंसर
उत्तर - (स) त्सोमोरीरी झील (लद्दाख)

प्रश्न 15. हर्षवर्द्धन के समय नालन्दा विश्वविद्यालय के कुलपति कौन थे?
(अ) दिवाकर (ब) कुमारजीव
(स) पद्मसम्भव (द) शीलभद्र
उत्तर - (द) शीलभद्र

प्रश्न 16. निम्न में से कौनसा 'झंकृत' का विलोम शब्द है?
(अ) निस्तब्ध (ब) निश्चितता
(स) अक्षोभ (द) सामान्य
उत्तर - (अ) निस्तब्ध

प्रश्न 17. निम्नलिखित में से आंसू का बहुवचन रूप क्या होगा?
(अ) आंसुएं (ब) आंसुओं
(स) आंसु (द) पद ही बहुवचन है
उत्तर - (द) पद ही बहुवचन है

प्रश्न 18. एक्सेल में प्रत्येक फार्मूला किस चिन्ह से आरंभ होता है?
(अ) * (ब) :
(स) = (द) #
उत्तर - (स) = (उदा. = Sum (A1:A5))

प्रश्न 19. एमएस एक्सेल में कर्सर को डॉक्यूमेंट की शुरुआत में लाने के लिए की-बोर्ड बटन क्या है?
(अ) Ctrl+Home (ब) Shift+Home
(स) Alt+Home (द) Ctrl+F_5
उत्तर - (अ) Ctrl+Home

प्रश्न 20. विण्डोज में सभी विण्डो को मिनिमाइज करने हेतु कौनसी शार्टकट की प्रयोग में लाई जाती है?
(अ) END
(ब) Windows logo + L
(स) Windows logo + M
(द) Windows logo
उत्तर - (स) Windows logo + M

प्रश्न 21. वेब-ब्राउसिंग के समय स्वयं खुलने वाला पॉप अप (Pop-Up) क्या है?
(अ) वेब-ब्राउसर का भाग
(ब) विज्ञापन का विण्डो
(स) ई-मेल
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) विज्ञापन का विण्डो

प्रश्न 22. 'सफारी' नामक वेब ब्राउजर का विकास किसके द्वारा किया गया है?
(अ) ओपेरा (ब) गूगल
(स) एप्पल (द) मोज़िला
उत्तर - (स) एप्पल

प्रश्न 23. ''हे शरणदायिनी देवि तू, करती सबका त्राण है। हे मातृभूमि! संतान हम, तू जननी, तू प्राण है।'' उपरोक्त पंक्तियों में कौनसा छंद है?
(अ) सोरठा (ब) वंशस्थ
(स) शिखरिणी (द) उल्लाला
उत्तर - (द) उल्लाला

प्रश्न 24. यदि कथन में सादृश्य के कारण उपमेय और उपमान में अनिश्चय की स्थिति बनी रहे तो वहां किस प्रकार का अलंकार है?
(अ) दृष्टान्त (ब) भ्रांतिमान
(स) सन्देह (द) वक्रोक्ति
उत्तर - (स) सन्देह अलंकार

प्रश्न 25. 'थूक से सत्तू सानना' निम्न कहावत का क्या अर्थ है?
(अ) गरीबी में रहना
(ब) सत्तू को खराब करना
(स) अमीरी का दिखावा करना
(द) कम सामग्री में काम पूरा करना
उत्तर - (द) कम सामग्री में काम पूरा करना

प्रश्न 26. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में विराम चिन्ह का सही प्रयोग हुआ है?
(अ) नहीं, यह मुझसे न होगा
(ब) नहीं यह, मुझसे न होगा
(स) नहीं! यह मुझसे न होगा
(द) नहीं यह मुझसे न होगा
उत्तर - (अ) नहीं, यह मुझसे न होगा

प्रश्न 27. निम्न में से शुद्ध वाक्य छांटिये -
(अ) सीता तथा गीता और राधा एक साथ पढ़ती हैं।
(ब) सीता, राम और गीता एक साथ पढ़ते हैं।
(स) जब मैं पढ़ता हूं तभी तुम आ जाते हो।
(द) कुंभ के मेले में चार दिल्ली के व्यक्ति भी थे।
उत्तर - (ब) सीता, राम और गीता एक साथ पढ़ते हैं।

प्रश्न 28. 'अभ्युत्थान' का सही संधि विच्छेद क्या होगा?
(अ) उभय + उत्थान
(ब) उभ + युत्थान
(स) अभि + उत्थान
(द) अभ + उत्थान
उत्तर - (स) अभि + उत्थान

प्रश्न 29. 'कथा ने श्याम को हिन्दी पढ़ाई' वाक्य में किस प्रकार की क्रिया है?
(अ) नामधातु (ब) द्विकर्मक
(स) संयुक्त क्रिया (द) सहायक क्रिया
उत्तर - (ब) द्विकर्मक क्रिया (दो कर्म - श्याम, हिन्दी)

प्रश्न 30. नियुक्तिकरण की प्रक्रिया में 'चयन' (Selection) किस प्रकार की प्रक्रिया है?
(अ) सकारात्मक
(ब) नकारात्मक
(स) दोनों अ एवं ब
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) नकारात्मक

प्रश्न 31. 'टेक ए ब्रेक' (Take a Break) नाम से एक नए अभियान की घोषणा किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के द्वारा की गई है?
(अ) ट्विटर (ब) इंस्टाग्राम
(स) यू-ट्यूब (द) फेसबुक
उत्तर - (ब) इंस्टाग्राम

प्रश्न 32. किस प्रकार की नियंत्रण प्रणाली में नियंत्रण क्रिया किसी तरह के परिणाम पर निर्भर होती है?
(अ) खुला सिस्टम
(ब) बंद लूप सिस्टम
(स) अ और ब दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) बंद लूप सिस्टम

प्रश्न 33. निम्न में से किस (आयोग) का संबंध केन्द्र-राज्य संबंध से नहीं है?
(अ) सरकारिया आयोग
(ब) पुंछी आयोग
(स) राजमन्नार समीति
(द) खोसला आयोग
उत्तर - (द) खोसला आयोग

प्रश्न 34. नई औद्योगिक नीति (1991-92) के अंतर्गत निम्न में से किस क्षेत्र में कार्य किया गया?
(अ) उदारीकरण (ब) निजीकरण
(स) वैश्वीकरण (द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

प्रश्न 35. रमा ने 3 रोटी प्रति मिनट की दर से 52 रोटी बनाना शुरू किया। चार मिनट के बाद कीर्ति, रमा के साथ जुड़ गई और 5 प्रति मिनट की दर से बनाने लगी। जब उन्होंने यह काम खत्म किया तब, कीर्ति ने कुल कितनी रोटी बनाई?
(अ) 30 (ब) 32
(स) 20 (द) 25
उत्तर - (द) 25 रोटियां
व्याख्या - रोटी की कुल संख्या = 52
तब रमा की दर 3 रोटी प्रति मिनट व कीर्ति की 5 रोटी/मिनट
रमा के द्वारा 4 मिनट में बनाई रोटियां
$= 3\times4 = 12$
तब बचा काम 52-12 = 40
रमा और कीर्ति की मिलकर बनाई रोटियां (1 मिनट में) = 3+5=8
तब दोनों ने मिलकर बची रोटी बनाई
$40\div8 = 5$ मिनट
∴ तब कीर्ति द्वारा 5 मिनट में बनाई रोटी
$= 5\times5 = 25$ रोटी

प्रश्न 36. यदि 4 वर्षों के लिए साधारण ब्याज मूलधन के 40% के बराबर है, तो वह कितने वर्षों बाद मूलधन के बराबर होगा?
(अ) 22 वर्ष (ब) 20 वर्ष
(स) 10 वर्ष (द) 40 वर्ष
उत्तर - (स) 10 वर्ष
व्याख्या - माना मूलधन 100 रु. है
तब सा. ब्याज = $100\times(40\div100) = 40$ रु.
$$\Rightarrow 40 = \frac{100\times r\times 4}{100}$$
(सूत्र SI = prt/100)
$r = 40\div4 = 10\%$
अब ब्याज 100 होना चाहिए ताकि यह मूलधन के बराबर हो जाए
$$100 = \frac{100\times(10\times t)}{100}$$
$t = 100\div10 = 10$ वर्ष

प्रश्न 37. हल करें - 9999+99+99999+0,9+999=?
(अ) 114096.0 (ब) 115096.90
(स) 111096.9 (द) 113096.09
उत्तर - (स) 111096.9

प्रश्न 38. निम्न में प्रश्नवाचक चिन्ह के स्थान पर क्या आयेगा?
19, 23, 32, 48, 73, ?
(अ) 100 (ब) 146
(स) 109 (द) 69
उत्तर - (स) 109
व्याख्या - $19+2^2 = 23,\ 23+3^2 = 32$
$32+4^2 = 48,\ 48+5^2 = 73$
$73+6^2 = 109$

प्रश्न 39. यदि Book को Bag कहा जाता है, Bag को Phone कहा जाता है, Phone को COPY कहा जाता है, COPY को Mobile कहा जाता है, तो लिखने के लिए किसका प्रयोग किया जाएगा?
(अ) Phone (ब) Copy
(स) Mobile (द) Bag
उत्तर - (स) Mobile

प्रश्न 40. दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



(अ) 20 (ब) 24
(स) 22 (द) 25
उत्तर - (अ) 20 त्रिभुज

प्रश्न 41. रमा, भानु की बेटी है, सीता जो सत्या की बहन है उसका एक बेटा भोलू और बेटी चिंकी है। रचना, चिन्की की मौसी है और महेन्द्र की माता है। भोलू, महेन्द्र का मौसेरा भाई है। रमा का भाई महेन्द्र है। तो बताइए सत्या (महिला); भानु से किस प्रकार संबंधित है?
(अ) साली (ब) मौसी
(स) भांजी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (अ) साली
व्याख्या - भानु(+) ⟶ रचना(-).. सीता(-).. सत्या(-)
↓
रमा.. महेन्द्र(+) भोलू(+).. चिंकी(-)

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य हिन्दी

1. हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास किसकी रचना है?
(A) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी
(B) डॉ. श्यामसुन्दर दास
(C) डॉ. नगेन्द्र
(D) डॉ. रामविलास शर्मा

2. नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित हिन्दी साहित्य का वृहद इतिहास के प्रथम भाग का शीर्षक है?
(A) हिन्दी भाषा का विकास
(B) हिन्दी साहित्य का उद्भव और विकास
(C) हिन्दी साहित्य का अभ्युत्थान
(D) हिन्दी साहित्य की पीठिका

3. रीतिकाल को श्रृंगार काल किसने कहा है -
(A) शुक्ल जी
(B आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) रामकुमार वर्मा

4. हिन्दी शब्दानुशासन के लेखक हैं -
(A) हेमचन्द्र
(B) कामता प्रसाद गुरू
(C) धीरेन्द्र वर्मा
(D) किशोरीदास वाजपेयी

5. हिन्दी साहित्य के संदर्भ में गार्सा द तासी का किस रूप में उल्लेख किया जाता है -
(A) काव्यकार (B) निबंधकार
(C) इतिहासकार (D) समालोचक

6. डिंगल भाषा का अर्थ क्या है?
(A) अवधी और ब्रज के योग से बनी भाषा
(B) हरियाणवी मिश्रित राजस्थानी भाषा
(C) अर्धमागधी
(D) राजस्थानी भाषा का साहित्यिक रूप

7. पउमचरिउ में किसका वर्णन है?
(A) शिव (B) सीता
(C) भरत (D) राम

8. बालचन्द विज्जावई भाषा। दुहनहिं लग्गई दुज्ज्ई हासा॥ विद्यापति की किस रचना की पंक्ति है?
(A) कीर्तिपताका
(B) लिखनावली
(C) भूपरिक्रमा
(D) कीर्तिलता

9. सिद्धों में सबसे पुराने कौन थे?
(A) नारोपा (B) लुइपा
(C) सरहपा (D) शबरीपा

10. स्वयंभू को हिन्दी का प्रथम कवि माना है -
(A) रामकुमार वर्मा ने
(B) रामचन्द्र शुक्ल ने
(C) हजारी प्रसाद ने
(D) राहुल सांक्रत्यायन ने

11. "धर्म का प्रवाह कर्म, ज्ञान और भक्ति, इन तीनों धाराओं में चलता है।" यह कथन है -
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) रामकुमार वर्मा
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) नगेन्द्र

12. किस दक्षिण भारतीय भक्त कवयित्री ने कहा कि "स्वामी कृष्ण के अतिरिक्त किसी और को अपना पति नहीं बना सकती।"
(A) अक्का महादेवी
(B) अंदाल
(C) वेणाबाई
(D) सहजोबाई

13. "कमल दल नैननि की उनमानि। बिसरत नाहि सखी मो मन ते मंद-मंद मुसकानि ।।" यह पद चरण किसकी रचना है -
(A) मीराबाई (B) सूरदास
(C) नन्ददास (D) रहीम

14. 'अभिज्ञान शाकुंतलम' का हिन्दी में प्रसिद्ध अनुवाद किसने किया -
(A) धर्मवीर भारती
(B) प्रभाकर माचवे
(C) राजा लक्ष्मण सिंह
(D) सियाराम शरण गुप्त

15. भारतेन्दु हरिश्चंद्र का मौलिक नाटक है?
(A) वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति
(B) कलिराज की सभा
(C) रेल का विकट खेल
(D) अद्भूत अपूर्व स्वप्न

16. "किन्तु, उस दिन यह सिद्ध हुआ जब कोई भी मनुष्य अनासक्त होकर चुनौती देता है इतिहास को, उस दिन नक्षत्रों की दिशा बदल जाती है।" इन पंक्तियों के सृजेता तथा कृति का नाम बताइये।
(A) अंधा युग - धर्मवीर भारती
(B) एक कंठ विषपायी - दुष्यंत कुमार
(C) लहरों का राजहंस - भीष्म साहनी
(D) चन्द्रगुप्त - जयशंकर प्रसाद

17. नाटकों और नाटककारों का कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है -
(A) अंधेर नगरी - भारतेन्दु
(B) मिस्टर अभिमन्यु - लक्ष्मीनारायण लाल
(C) एक सत्य हरिश्चन्द्र - लक्ष्मीनारायण मिश्र
(D) गोपा का दान - विनोद रस्तोगी

18. 'अलका' जयशंकर प्रसाद के किस नाटक की पात्र है -
(A) ध्रुवस्वामिनी (B) विशाखा
(C) स्कन्दगुप्त (D) चन्द्रगुप्त

19. 'त्याग पत्र' की मृणाल के व्यक्तित्व के विषय में अनुपयुक्त है -
(A) आत्मपीड़न
(B) समाज को तोड़ने-फोड़ने की चाह
(C) दया भाव
(D) अपनी नियति की स्वयं निर्माता

20. मन्नू भण्डारी कृत महाभोज उपन्यास का प्रथम प्रकाशन वर्ष है -
(A) सन् 1978 (B) सन् 1980
(C) सन् 1979 (D) सन् 1981

21. "इतिहास इस बात का गवाह है कि इस महिमामयी शक्ति की उपेक्षा करने वाले साम्राज्य नष्ट हो गये" कथन किस उपन्यास से उद्धृत है :-
(A) गोदान
(B) दिव्या
(C) आपका बंटी
(D) बाणभट्ट की आत्मकथा

22. फ्रायड के मनोविज्ञान से प्रभावित उपन्यासकार हैं -
(A) यशपाल (B) अज्ञेय
(C) जैनेन्द्र (D) नागार्जुन

23. गांधी जी के दक्षिणी अफ्रीकी जीवन पर आधारित कौन सा उपन्यास है -
(A) टोपी शुक्ला
(B) समर शेष
(C) पहला गिरमिटिया
(D) परख

24. समांरत कहानी आन्दोलन के प्रवर्तक हैं -
(A) धर्मवीर भारती
(B) कमलेश्वर
(C) राजेन्द्र यादव
(D) मोहन राकेश

25. निम्न में से कौन-सा सात्विक अनुभाव नहीं है -
(A) रोमांच (B) कंप
(C) विषाद (D) प्रलय

26. हिन्दी के किस आचार्य ने 'छल' नामक संचारी भाव को प्रचारित किया ?
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) डॉ. नगेन्द्र
(C) देव
(D) भिखारीदास

27. अनुमितिवाद के प्रतिपादक आचार्य कौन हैं ?
(A) भामह (B) शंकुक
(C) दण्डी (D) मम्मट

28. "कविता और छन्द में घनिष्ठ संबंध है। कविता हमारे प्राणों का संगीत है : छन्द हृदय कम्पन: कविता का स्वभाव ही छन्द में लयमान होता है" उक्त कथन किसका है -
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) डॉ. नगेन्द्र
(C) महादेव वर्मा
(D) सुमित्रानन्दन पंत

29. गरब करहु रघुनन्दन जनि मन माँह देखहु आपनि मूरत सिय के छाँह में कौन सा छन्द है?
(A) बरवै (B) सवैया
(C) सोरठा (D) दोहा

30. 'जब उपमेय को ही उपमान बना दिया जाए' वहां अलंकार है -
(A) उपमेयोपमा (B) मालोपमा
(C) व्यतिरेक (D) अनन्वय

31. राजस्थानी भाषा का उद्भव किस अपभ्रंश से माना गया है ?
(A) ब्राचड़ (B) मराठी
(C) शौरसेनी (D) अवधी

32. देवनागरी में 'अ' के बारह खड़ी का सुझाव किसने दिया था -
(A) काका कालेलकर
(B) नरेन्द्र देव
(C) डॉ. श्यामसुन्दर दास
(D) विनोबा भावे

33. पत्रकारिता में समाचार-विवरण को कहते हैं -
(A) स्लग (B) डमी
(C) लीडर (D) स्टोरी

34. दूरदर्शन का स्थापना दिवस ?
(A) 19 जनवरी
(B) 15 सितंबर
(C) 25 दिसम्बर
(D) 2 अक्टूबर

35. अपभ्रंश में रामकाव्य के प्रथम कवि हैं -
(A) राजशेखर (B) देवसेन
(C) स्वयंभू (D) जगनिक

36. ग्वालियर की बोली है -
(A) कौरवी (B) बुन्देली
(C) बघेली (D) मेवाती

37. संविधान की आठवीं अनुसूची में कौन सी भाषा शामिल नहीं है ?
(A) भोजपुरी (B) संस्कृत
(C) तमिल (D) बोड़ो

38. माखनलाल चतुर्वेदी को किस रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था ?
(A) हिमकीरिटनी
(B) हिम तरंगिणी
(C) पुष्प की अभिलाषा
(D) युगचरण

39. रमेशचन्द्र शाह की रचना 'अकेला मेला' किस विधा में है -
(A) यात्रा वृत्तांत
(B) संस्मरण
(C) जीवनी
(D) डायरी

40. 'अमीना' किस कहानी की प्रमुख पात्र हैं।
(A) ईदगाह
(B) नशा
(C) तीसरी कसम
(D) पाजेब

41. इनमें से कौन सही सुमेलित पात्र नहीं है -
(A) उसने कहा था – लहना सिंह
(B) आकाशदीप – बुद्धगुप्त
(C) तीसरी कसम – हिरामन
(D) कोसी का घटवार – लछमा
(E) इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर – शामनाथ

42. रामवृक्ष बेनीपुरी की रचना 'माटी की मूरतें' में कुल कितने रेखाचित्र हैं ?
(A) 10 (B) 11
(C) 12 (D) 13

43. अज्ञेय का यात्रा–वृत्तांत 'अरे यायावर रहेगा याद' में वर्णन है -
(A) भारतीय क्षेत्रों की यात्रा
(B) अपनी यूरोपीय यात्रा
(C) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

44. ओकार बहुला बोली किससे संबंधित है -
(A) कौरवी (B) अवधी
(C) भोजपुरी (D) बुन्देली

45. इनमें से अल्पप्राण हैं -
(A) ग (B) छ
(C) ख (D) फ

46. किस सन्त कवि को 'भारतीय लूथर' की उपमा दी गयी है ?
(A) कबीर
(B) रामानन्द
(C) दादू दयाल
(D) इनमें से कोई नहीं

47. मराठी सन्त नामदेव किससे संबंधित हैं -
(A) लोहार (B) नाई
(C) मनिहार (D) दर्जी

48. 'कबीर' पुस्तक के लेखक हैं ?
(A) शुक्ल जी
(B) नन्द दुलारे बाजपेयी
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) रामकुमार वर्मा

49. शीला व प्रमोद किस उपन्यास के पात्र हैं -
(A) गबन (B) काला जल
(C) त्याग पत्र (D) महाभोज

50. आचरण की सभ्यता के निबंधकार हैं -
(A) बाबू श्याम सुन्दर दास
(B) प्रताप नारायण मिश्र
(C) हरिशंकर परसाई
(D) सरदार पूर्ण सिंह

उत्तरमाला

1.	A	2.	D	3.	B	4.	D
5.	C	6.	D	7.	D	8.	D
9.	C	10.	A	11.	C	12.	B
13.	D	14.	C	15.	A	16.	A
17.	C	18.	D	19.	B	20.	C
21.	D	22.	B	23.	C	24.	B
25.	C	26.	C	27.	B	28.	D
29.	A	30.	D	31.	C	32.	A
33.	D	34.	B	35.	C	36.	B
37.	A	38.	B	39.	D	40.	A
41.	E	42.	C	43.	A	44.	D
45.	A	46.	A	47.	D	48.	C
49.	C	50.	D				

- मांडवी जायसवाल
(लेखिका, सी.एम. राइज स्कूल बुदनी जिला-सीहोर में उच्च माध्यमिक शिक्षक हिंदी के पद पर पदस्थ हैं)

सीबीयूडी एप से दूरसंचार कंपनियों को अब खुदाई की मिलेगी अनुमति

भोपाल, दूर संचार सेवाओं के लिए सड़कों आदि की खुदाई के लिए एजेंसियां अब कॉल बिफोर यू डिग (सीबीयूडी) पर अनुमति प्राप्त कर कार्य कर सकेंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दूरसंचार सेवाओं के तेजी से विस्तारीकरण के लिए गत 22 मार्च को सीबीयूडी एप का शुभारंभ किया और एप से संबंधित कार्यवाही करने में मध्यप्रदेश के देश में प्रथम रहने पर सराहना की थी।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव श्री निकुंज श्रीवास्तव ने बताया है कि दूरसंचार संरचना विकसित करने वाली सेवा प्रदाता कंपनियों को सामान्यत: नगरीय विकास एवं आवास, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, खनिज साधन, वन, ऊर्जा, लोक निर्माण और पर्यावरण जैसे 9 विभागों से अनुमति लेनी होती है। राज्य शासन ने इन विभागों के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि अब इस एप में कंपनियां अपना नामांकन करेंगी और स्वीकृति प्राप्त होने के बाद खुदाई कार्य कर सकेंगी। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि दूरसंचार सुविधा नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं में शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा देश के नागरिकों को दूरसंचार सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं।

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
SECRETARIATE FOR SINGLE WINDOW SYSTEM
21, Arera Hills, Bhopal-11 M.P. (India), CIN : U51102MP1977SGC001392
Tel. : (91)0755-2571830, 2575618, 3523555, 3523505
E-mail : facilitation@mpidc.co.in, Web. : www.invest.mp.gov.in
No. MPIDC/CE/Tech-RFP/2023/108 Date : 21.04.2023

EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

M.P. Industrial Development Corporation, Bhopal invites online Expression of Interest (EOI) for Empanelment of Consultants and Architects for Providing Consultancy Services for Preparation of DPR, Bid Process Management and PMC/SQC works for various infrastructure development projects as well as Architectural Services for various building construction & other projects under jurisdiction of MPIDC Ltd., excluding Regional Office Indore.
For further details, please visit **https://mptenders.gov.in/** MPIDC HO.
M.P. Madhyam/109537/2023 R-48447/2023 **CHIEF ENGINEER**

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 8 वर्ष पूरे

छोटे-छोटे कारोबारियों के बड़े-बड़े सपने हो रहे साकार

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) वंचित और सामाजिक-आर्थिक रूप से उपेक्षित समुदाय को वित्तीय सहायता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसने लाखों लोगों के सपनों एवं आकांक्षाओं को पूरा करने की ताकत दी है। इसके साथ ही इस योजना ने लोगों में आत्मसम्मान और स्वतंत्रता की भावना का संचार किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना के बारे में कहा है कि 'मुद्रा योजना ने अनगिनत भारतीयों को अपने उद्यमिता का कौशल दिखाने और रोज़गार प्रदाता बनने का अवसर प्रदान किया है।' उनकी इस बात में कोई दो राय नहीं है, क्योंकि वाकई में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक 23 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 40 करोड़ 82 लाख से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। केंद्र सरकार की इस योजना की मदद से मिले ऋण से देश में न जाने कितने छोटे-छोटे कारोबारियों के बड़े-बड़े सपने साकार हुए हैं। केवल इतना ही नहीं, कुल ऋण का करीब 21 प्रतिशत नए उद्यमियों को स्वीकृत किया गया है। इस प्रकार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना द्वारा देशवासी न्यू इंडिया में आत्मनिर्भरता की ओर निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से देश के छोटे-छोटे कारोबारियों के बड़े-बड़े सपने साकार हो रहे हैं।

कब शुरू की गई थी यह योजना?

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को 8 वर्ष पूरे हो चुके हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 8 अप्रैल, 2015 को आय-सृजन गतिविधियों के लिए गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि छोटे और सूक्ष्म-उद्यमियों को 10 लाख रुपये तक के गारंटी रहित आसान ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की थी। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने इस योजना को लेकर कहा है कि इस योजना ने सूक्ष्म उद्यमों के लिए ऋण की आसान और परेशानी मुक्त पहुंच को सक्षम किया है। इस योजना ने बड़ी संख्या में युवा उद्यमियों को अपना व्यवसाय स्थापित करने में मदद की है।

मुद्रा योजना के तहत 70 प्रतिशत खाते महिलाओं के

इस योजना के तहत करीब 70 प्रतिशत खाते महिला उद्यमियों के हैं और 51 प्रतिशत खाते एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों के उद्यमियों के हैं। स्पष्ट है कि इस योजना के 8 साल बेमिसाल रहे हैं जिसमें सभी के समृद्ध भविष्य की ओर पहल की गई और महिलाओं और वंचितों का अभूतपूर्व समर्थन किया गया।

बड़े पैमाने पर मिले रोज़गार के अवसर

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने अपनी शुरुआत के बाद से इन आठ वर्षों में अनगिनत भारतीयों को अपने उद्यमिता कौशल का प्रदर्शन करने और रोज़गार का सृजनकर्ता बनने का अवसर प्रदान किया है। इन आठ वर्षों में मुद्रा योजना एक गेम चेंजर साबित हुई है और वह गरिमा के साथ-साथ समृद्धि बढ़ाने में भी सहायक रही है। इस योजना ने जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा करने में मदद की है। इसके साथ ही इसने भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का भी काम किया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत औसतन हर 5 सेकंड में 5 लाख का ऋण पीएम मुद्रा योजना द्वारा देशवासियों के सपनों को उड़ान देने के लिए प्रदान किया गया। हर साल करीब 2.87 लाख करोड़ का ऋण योजना के तहत दिया गया।

क्या है प्रधानमंत्री मुद्रा योजना?

आय सृजन गतिविधियों के निर्माण में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का विशेष योगदान है। योजना के तहत देश के लोगों को खुद का छोटा व्यवसाय शुरू करने के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये तक का लोन दिया जा रहा है। अगर कोई भी व्यक्ति अपने कारोबार को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो वह भी लोन ले सकते हैं। लोगों को इस योजना के अंतर्गत लोन लेने के लिए एक मुद्रा कार्ड जारी किया जाता है। सरकार द्वारा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए पीएम मुद्रा लोन के अंतर्गत एक वार्षिक लक्ष्य आवंटित किया जाता है।

ये ऋण वाणिज्यिक बैंक, आरआरबी, लघु वित्त बैंक, एमएफआई और एनबीएफसी द्वारा दिए जाते हैं। इनमें से किसी भी ऋणदाता संस्थान से संपर्क कर या इस पोर्टल www.udyamimitra.in के माध्यम से ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के में उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

योजना के तहत दिए जाते हैं 3 प्रकार के लोन

मुद्रा योजना की सबसे अहम बात है कि इसमें बिना किसी गारंटी कारोबार की शुरुआत करने के लिए लोन दिया जाता है। इस योजना के तहत तीन प्रकार का लोन शिशु, किशोर और तरुण में दिए जाते हैं। मुद्रा लोन लेने के लिए आवेदक को बैंकों या लोन संस्थाओं को कोई सिक्योरिटी जमा कराने की जरूरत नहीं होती है। इस लोन का भुगतान 5 साल तक किया जा सकता है।

- शिशु : 50,000 रुपये तक के ऋण।
- किशोर : 50,000 रुपये से अधिक और रुपये 5 लाख रुपये से कम के ऋण।
- तरुण : 5 लाख रुपये से अधिक और 10 लाख रुपये तक के ऋण।

किन क्षेत्रों में ले सकते हैं मुद्रा लोन?

मुद्रा योजना के माध्यम से किसान या उद्यमी विनिर्माण, कृषि आदि से संबंधित क्षेत्रों के माध्यम से आय अर्जित करने के लिए लोन ले सकते हैं। इस योजना के तहत टर्म लोन और कार्यशील पूंजी दोनों के लिए ऋण दिया जाता है। इसके तहत मुर्गी पालन, डेयरी, मधुमक्खी पालन, कृषि सहित विनिर्माण व्यापार और सेवा क्षेत्रों में लोन दिए जाते हैं। साथ ही इस योजना के अंतर्गत कमर्शियल वाहन जैसे ट्रैक्टर, ऑटो रिक्शा, ट्रॉली, माल परिवहन वाहन, तीन पहिया वाहन, ई-रिक्शा खरीदने के लिए लोन लिया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि इस योजना ने विशेष रूप से छोटे व्यवसायों के लिए एक कुशल वातावरण बनाने में मदद की है और जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा किए हैं। हालांकि नई पीढ़ी के आकांक्षी युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, यह सुनिश्चित किया जाता है कि शिशु श्रेणी के ऋणों को प्राथमिकता दी जाए और इसके बाद किशोर तथा तरुण श्रेणियों के ऋणों पर ध्यान दिया जाए।

मुद्रा कार्ड

मुद्रा कार्ड एक नवोन्मेषी ऋण उत्पाद है, जिसमें उधारकर्ता बिना किसी झंझट के और आसान तरीके से उधार ले सकता है। यह उधारकर्ता को सीसी/ओडी के रूप में कार्यशील पूंजी की सुविधा प्रदान करता है। चूंकि मुद्रा कार्ड रुपे डेबिट कार्ड है, इसलिए यह एटीएम से या बिजनेस करेस्पॉन्डेंट से नकद राशि निकालने अथवा विक्रय-बिन्दु मशीन इस्तेमाल करके खरीद करने में इस्तेमाल हो सकता है।

कोविड काल में वरदान बनी मुद्रा योजना

कोविड काल में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना छोटे व्यवसायियों के लिए वरदान बन कर उभरी थी। 2021-2022 के दौरान एक साल के भीतर ही करीब 5 करोड़ मुद्रा खाते खोले गए थे, जिनमें करीब 3 लाख करोड़ रुपये के लोन दिए गए यानी कोविड महामारी के दौरान भी भारत में कई छोटे व्यवसाय खुले हैं या उन्होंने अपना विस्तार किया है। इसके आधार पर कहीं न कहीं कह सकते हैं कि आज भारत का नियॉत क्षेत्र जिस तरह से रिकॉर्ड बना रहा है, उसकी खास वजह यह है कि इन योजनाएं के जरिए कैसे सरकार ने व्यवसाय के लिए एक सिस्टम बनाया कि छोटे कारोबारी अपना व्यवसाय बढ़ा सकें।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. इनमें से किस भारतीय महिला खिलाड़ी ने खेल से संन्यास ले लिया है?
(अ) साइना नेहवाल
(ब) सानिया मिर्जा
(स) स्मृति मंधाना
(द) दीपिका कुमारी

2. वर्ष 2014 में किस शहर में कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजित किए गए थे?
(अ) ग्लास्गो (ब) नई दिल्ली
(स) सिडनी (द) टोरंटो

3. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी भारतीय हॉकी टीम में शामिल नहीं है?
(अ) नीलकांत शर्मा
(ब) एस.वी. सुनील
(स) हार्दिक सिंह
(द) सौरभ चौधरी

4. आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप-2022 में किस खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया है?
(अ) सैम करेन
(ब) बाबर आजम
(स) सूर्यकुमार यादव
(द) सिकंदर रजा

5. वर्ष 2016 में किस देश ने यूएफा यूरो कप की मेजबानी की थी?
(अ) इटली (ब) जर्मनी
(स) पुर्तगाल (द) फ्रांस

6. बिरसा मुंडा इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम भारत के किस शहर में है?
(अ) कटक (ब) रांची
(स) राउलकेला (द) भुवनेश्वर

7. फीफा वर्ल्डकप की मेजबानी करने वाला पहला अफ्रीकी देश है?
(अ) मिस्र (ब) द. अफ्रीका
(स) मोरक्को (द) नाइजीरिया

8. इनमें से कौन-सा शब्द क्रिकेट से संबंधित नहीं है?
(अ) पेनाल्टी किक
(ब) सुपर ओवर
(स) डीआरएस
(द) ड्राइव

9. टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) विराट कोहली
(ब) शुभमन गिल
(स) रोहित शर्मा
(द) सूर्यकुमार यादव

10. दिव्यांग खिलाड़ी प्रमोद भगत किस खेल में भारत के लिए खेलते हैं?
(अ) तीरंदाजी (ब) एथलेटिक्स
(स) बैडमिंटन (द) क्रिकेट

11. इनमें से कौन-सा खेल ओलिंपिक खेलों में शामिल नहीं है?
(अ) बास्केटबॉल (ब) केनोइंग
(स) टेबल टेनिस (द) बिलियर्ड्स

12. इनमें से कौन-सी खिलाड़ी मुक्केबाजी से संबंधित नहीं है?
(अ) मीराबाई चानू
(ब) एमसी मैरीकॉम
(स) निकहत जरीन
(द) लवलीना बोरगोहेन

13. इस वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल वर्ग के विजेता बने हैं?
(अ) जेनिक सिनर
(ब) राफेल नडाल
(स) कार्लोस अल्कराज
(द) नोवाक जोकोविच

14. इस वर्ष आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भारत का सामना किस देश से होगा?
(अ) इंग्लैंड (ब) पाकिस्तान
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) द. अफ्रीका

15. मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं?
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) विश्वनाथन आनंद
(स) लिएंडर पेस
(द) अभिनव बिंद्रा

16. टोक्यो ओलिंपिक 2020 में इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी ने पदक नहीं जीता है?
(अ) साइना नेहवाल
(ब) लवलीना बोरगोहेन
(स) बजरंग पूनिया
(द) पी.वी. सिंधु

17. इस वर्ष किस टीम ने रणजी ट्रॉफी अपने नाम की है?
(अ) हिमाचल प्रदेश
(ब) बंगाल
(स) मध्यप्रदेश
(द) सौराष्ट्र

18. इस वर्ष वर्ल्ड टेबल टेनिस चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित की जाएगी?
(अ) रॉटरडेम (ब) दोहा
(स) डरबन (द) बुडापेस्ट

19. इस वर्ष सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप भारत के किस शहर में खेली जायेगी?
(अ) गुवाहाटी
(ब) बेंगलुरु
(स) तिरूअनंतपुरम
(द) कोलकाता

20. वर्ष 2022 में यूएस ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप के विजेता बने थे?
(अ) मैट फिट्ज़पैट्रिक
(ब) जॉर्डन स्पीथ
(स) ब्रूक कोएपका
(द) डस्टिन जॉनसन

21. इनमें से किसे वेस्टइंडीज की वन-डे टीम का कप्तान बनाया गया है?
(अ) क्रेग ब्रेथवेट
(ब) कार्लोस ब्रेथवेट
(स) अल्जारी जोसफ
(द) शाई होप

22. वर्ष 2016 में किस देश ने आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप जीता था?
(अ) इंग्लैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) वेस्टइंडीज (द) श्रीलंका

23. क्रिस्टियन कोलमैन किस देश के दिग्गज एथलीट हैं?
(अ) फ्रांस (ब) अमेरिका
(स) ब्राजील (द) जमैका

24. वन-डे क्रिकेट में एक टीम के खिलाफ 10 शतक बनाने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) विराट कोहली
(ब) सचिन तेंदुलकर
(स) रोहित शर्मा
(द) बाबर आजम

25. टोक्यो ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान थे?
(अ) हरमनप्रीत सिंह
(ब) मनप्रीत सिंह
(स) पी.आर. श्रीजेश
(द) कृष्ण बहादुर पाठक

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (द), 4. (अ), 5. (द), 6. (स), 7. (ब), 8. (अ), 9. (ब), 10. (स), 11. (द), 12. (अ), 13. (द), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ), 17. (द), 18. (स), 19. (ब), 20. (अ), 21. (द), 22. (स), 23. (ब), 24. (अ), 25. (ब)

पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

आर.पी. सिंह बने हॉकी टीम के मुख्य चयनकर्ता

नई दिल्ली, हॉकी इंडिया ने पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आर.पी. सिंह को भारतीय पुरुष हॉकी टीम का नया मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है। आर.पी. सिंह चयन समिति में हरविंदर सिंह की जगह लेंगे। इसके अलावा हॉकी इंडिया ने नई चयन समिति की घोषणा भी की है। नई समिति में मध्यप्रदेश के पूर्व हॉकी खिलाड़ी समीर दाद को भी जगह मिली है। समिति में आर.पी. सिंह और समीर दाद के अलावा बलविंदर सिंह, मोहम्मद रियाज, एम.एम. सोमाया, सुभद्रा प्रधान, सरदार सिंह, बी.पी. गोविंदा, चिंगलेनसाना सिंह कंजुगम, रजनीश मिश्रा, वी.आर. रघुनाथ, युवराज वाल्मिकी, जॉयदीप कौर और अंसुता लाकड़ा शामिल हैं। हॉकी इंडिया ने चयन समिति में राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों के मुख्य कोच, वैज्ञानिक सलाहकार और हाई परफॉर्मेंस निदेशक को भी जगह दी है।

डायमंड लीग से सत्र की शुरुआत करेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस सत्र की शुरुआत दोहा डायमंड लीग से करेंगे। 5 मई से शुरू होने वाली दोहा डायमंड लीग में नीरज के सामने मौजूदा ग्रेनेडा के विश्व चैम्पियन एंडरसन पीटर्स और चेक रिपब्लिक के जैकब वादलेच्चे की चुनौती होगी। नीरज ने पिछले वर्ष डायमंड लीग फाइनल का खिताब जीता था। नीरज ने स्टॉकहोम डायमंड लीग में 89.94 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। इस बार नीरज का लक्ष्य 90 मीटर से अधिक की दूरी तय करना है। नीरज वैश्विक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए तुर्किये में ट्रेनिंग कर रहे हैं।

शाकिब अल हसन ने जीता प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड

लंदन, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश के स्टार क्रिकेटर

शाकिब अल हसन को मार्च महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार से नवाजा है। शाकिब ने दूसरी बार यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। आईसीसी ने मार्च 2023 के लिए शाकिब के अलावा न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और संयुक्त अरब अमीरात के आसिफ खान को नामित किया था, लेकिन अपने प्रदर्शन के आधार पर शाकिब इन दोनों खिलाड़ियों को मात देने में कामयाब रहे। शाकिब ने इंग्लैंड के खिलाफ वन-डे और टूवेंटी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। इस वन-डे सीरीज में शाकिब ने सबसे ज्यादा 141 रन बनाए और सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए थे। आईसीसी ने महिला वर्ग में रवांडा की हेनरिट इशिम्वेको को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है।

बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंटों के लिए पुरस्कार राशि में की वृद्धि

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू टूर्नामेंटों की पुरस्कार राशि में बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि रणजी ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सहित आठ घरेलू प्रतियोगिताओं की इनामी राशि में वृद्धि की गई है। जय शाह ने कहा कि घरेलू क्रिकेट ही असल में भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। हम घरेलू क्रिकेट में इन्वेस्ट करने के प्रयासों को लगातार जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट के सबसे बड़े टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी के विजेता को अब दो करोड़ रुपये की जगह पांच करोड़ रुपये की इनामी राशि मिलेगी।

बीसीसीआई ने कुल आठ सीनियर घरेलू टूर्नामेंटों की इनामी राशि बढ़ाई है। इनमें पुरुष सीनियर वर्ग के 6 टूर्नामेंट हैं, जबकि 2 टूर्नामेंट महिला सीनियर वर्ग के हैं। बीसीसीआई के अनुसार रणजी ट्रॉफी विजेता के अलावा उपविजेता और सेमीफाइनलिस्ट टीमों की पुरस्कार राशि भी बढ़ाई गई है। रणजी उपविजेता को अब एक करोड़ रुपये की जगह तीन करोड़ रुपये मिलेंगे, वही सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 50-50 लाख रुपये की जगह एक करोड़ रुपये दिये जायेंगे।

- **विजय हजारे ट्रॉफी के विजेता को अब 30 लाख रुपये की जगह एक करोड़ रुपये मिलेंगे और उपविजेता को 15 की जगह 50 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा।**
- **सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की विजेता टीम को 25 लाख की जगह 80 लाख और उपविजेता टीम को 10 की जगह 40 लाख रुपये मिलेंगे।**
- **देवधर ट्रॉफी के विजेता को इनामी राशि के रूप में 40 लाख और उपविजेता को 20 लाख रुपये मिलेंगे।**

बीसीसीआई ने बताया कि ईरानी कप के चैम्पियन टीम को मिलने वाली इनामी राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया गया है। इससे पहले ईरानी कप के उपविजेता को कोई राशि नहीं मिलती थी, लेकिन अब उपविजेता को 25 लाख रुपये दिये जायेंगे। इसी तरह दलीप ट्रॉफी के विजेता की इनामी राशि भी 40 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये की गई है, वहीं उपविजेता टीम की इनामी राशि को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख किया है।

महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की राशि में भी वृद्धि

पुरुष क्रिकेट के साथ-साथ बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट टूर्नामेंटों की इनामी राशि में भी वृद्धि की है। बीसीसीआई ने सीनियर महिला वन-डे ट्रॉफी की विजेता टीम की इनामी राशि में काफी बढ़ोत्तरी की है। पहले महिला वन-डे ट्रॉफी की विजेता को 6 लाख रुपये बतौर पुरस्कार मिलते थे, जिसे अब बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया गया है, वहीं उपविजेता को 3 लाख रुपये की जगह 25 लाख रुपये मिलेंगे। इसी तरह सीनियर महिला टूवेंटी-20 ट्रॉफी की विजेता टीम को अब 5 लाख रुपये की जगह 40 लाख रुपये और उपविजेता को 3 लाख रुपये की जगह 20 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा।

नित्या सिवन ने पैरा बैडमिंटन में जीते दो स्वर्ण पदक

साओ पाउलो, भारत की पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या सिवन ने ब्राजील पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते हैं। 18 वर्षीय नित्या ने एचएस-6 महिला एकल वर्ग के फाइनल में पेरू की गिउलियाना पोवेदा लोरेस को 22-20, 21-11 से हराकर पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद नित्या और शिवराजन सोमाईमलाई की जोड़ी ने इसी श्रेणी के मिश्रित युगल फाइनल में हांगकांग की चू मान काई और चोई विंग केई की जोड़ी को 21-11, 21-17 से हराकर भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

वेस्टइंडीज की महिला टीम के मुख्य कोच वॉल्श बर्खास्त

एंटीगा, क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कर्टनी वॉल्श को महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से हटा दिया है। बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका में खेले गए आईसीसी महिला टूवेंटी-20 विश्वकप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद मुख्य कोच सहित पूरे कोचिंग स्टाफ को बर्खास्त कर दिया है। बोर्ड ने कहा कि मुख्य कोच कर्टनी वॉल्श का अनुबंध रिन्यू नहीं किया जाएगा। वॉल्श और बाकी सपोर्ट स्टाफ की जगह जल्द नई नियुक्ति की जाएगी। वॉल्श ने अक्टूबर 2020 में वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच का पद संभाला था। वॉल्श वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाजों में से एक हैं। उन्होंने 519 टेस्ट और 227 वन-डे विकेट लिए हैं।

सेहरावत ने एशियन कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक

अस्ताना, भारत के युवा पहलवान अमन सेहरावत ने कजाखस्तान में आयोजित एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। अमन ने चैम्पियनशिप में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। चैम्पियनशिप में भारत ने एक स्वर्ण, तीन रजत और 10 कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते हैं। मेजबान कजाखस्तान ने 7 स्वर्ण सहित 20 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया।

चैम्पियनशिप में 57 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में अमन के सामने किर्गिस्तान के अल्माज समानबेकोव की चुनौती थी। फाइनल में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई, लेकिन अमन ने अपने आक्रामक खेल से अल्माज को चारों खाने चित कर दिया और 9-4 से मुकाबला जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

चैम्पियनशिप में भारत के चार पहलवानों ने फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन अमन के अलावा अन्य भारतीय पहलवानों को हार का सामना करना पड़ा। ग्रीको रोमन वर्ग में 55 किलोग्राम भारवर्ग में रूपिन गहलावत ने रजत पदक जीता। इनके अलावा महिला वर्ग में अंतिम पंघल (53 किलोग्राम भारवर्ग) और निशा दाहिया (68 किलोग्राम भारवर्ग) ने भी रजत पदक जीते हैं। चैम्पियनशिप में भारत के लिए दीपक मिर्का, अनिरुद्ध गुलिया, नीरज चिकारा, विकास दलाल, सुनील कुमार, अंशु मलिक, सोनम मलिक, मनीषा भानवाला, रितिका हुड्डा और प्रिया मलिक ने कांस्य पदक जीते हैं।

विजडन की शीर्ष पांच क्रिकेटरों में शामिल हुईं हरमनप्रीत

लंदन, विजडन क्रिकेटर्स अलमानेक ने वर्ष 2022 के लिए शीर्ष-5 क्रिकेटर ऑफ द ईयर सूची जारी की है। इस सूची में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भी शामिल हैं। हरमनप्रीत इस सूची में जगह बनाने वाली भारत की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। इस वर्ष शीर्ष-5 खिलाड़ियों में हरमनप्रीत अकेली महिला हैं। उनके अलावा इंग्लैंड के बेन फोक्स एवं मैथ्यू पॉट्स और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल एवं टॉम ब्लंडल शामिल हैं।

हरमनप्रीत कौर ने पिछले वर्ष क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, इसके लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने पिछले वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और एशिया कप का खिताब जीता था। इसके अलावा हरमनप्रीत के नेतृत्व में भारत ने वर्ष 1999 के बाद पहली बार इंग्लैंड में वन-डे सीरीज जीती थी। इस दौरान बतौर खिलाड़ी हरमनप्रीत का प्रदर्शन भी लाजवाब रहा था।

विजडन ने इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को वर्ष 2022 के लिए पुरुष वर्ग में लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द वर्ल्ड पुरस्कार से सम्मानित किया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी को महिला वर्ग में लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द वर्ल्ड पुरस्कार के लिए चुना गया है। भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को विजडन ने लीडिंग टूवेंटी-20 क्रिकेटर इन द वर्ल्ड पुरस्कार से नवाजा है। इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो को विजडन ने द विजडन ट्रॉफी के लिये चुना गया है।

भारत को मिली एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी

नई दिल्ली, भारत पहली बार एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। यह टूर्नामेंट 3 से 12 अगस्त तक चेन्नई में खेला जायेगा। हॉकी इंडिया ने कहा कि एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी का यह सातवां सीजन होगा। इस टूर्नामेंट में मेजबान भारत के अलावा दक्षिण कोरिया, जापान, मलेशिया, पाकिस्तान और चीन हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने बताया कि पाकिस्तान ने अभी तक इस टूर्नामेंट में भागीदारी करने की पुष्टि नहीं की है। भारत ने तीन बार एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि इस टूर्नामेंट के जरिए हमे एशियाई खेलों से पहले अपनी तैयारियों को परखने का अवसर मिलेगा। हमारा लक्ष्य पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करना है।

आंद्रे रूबलेव ने जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स

मोंटे कार्लो, रूसी टेनिस स्टार आंद्रे रूबलेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में रूबलेव ने डेनमार्क के युवा खिलाड़ी होल्गर रूने को 5-7, 6-2, 7-5 से मात दी। रूबलेव के टेनिस कैरियर का यह पहला एटीपी मास्टर्स खिताब है।

रूबलेव ने सेमीफाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। फाइनल मैच में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर हुई। मैच में पहला सेट बेहद रोमांचक रहा। पहले सेट में होल्गर रूने ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत की। रूने ने लगातार अंक अर्जित कर रूबलेव को दबाव में ला दिया। इसके बाद रूबलेव ने वापसी करते हुए स्कोर बराबरी पर ला दिया, लेकिन रूने ने एक बार फिर बढ़िया खेल दिखाया और सेट 7-5 से जीत लिया।

दूसरे सेट में रूबलेव ने बेहतरीन

- **आंद्रे रूबलेव ने पहली बार जीता है मोंटे कार्लो मास्टर्स खिताब।**
- **रूबलेव ने वर्ष 2021 में भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी।**
- **तब उन्हें स्टेफानोस सितसिपास के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।**

पलटवार किया। रूबलेव ने इस सेट में रूने को टिकने का कोई मौका नहीं दिया और आसानी से 6-2 से जीत दर्ज की।

मैच के तीसरे और निर्णायक सेट में एक बार फिर दोनों खिलाड़ियों के बीच ट्रॉफी के लिए जबरदस्त टक्कर हुई। रूबलेव इस सेट में भी पिछड़ते नजर आये। तीसरे सेट में रूबलेव एक समय 1-4 से पिछड़ गये थे, इसके बावजूद रूबलेव ने हार नहीं मानी और शानदार वापसी कर लगातार अंक बटोरे और रूने को 7-5 से हराकर अपने कैरियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में युगल वर्ग का खिताब क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्रेजिकेक की जोड़ी ने जीता।

खिताबी जीत दर्ज करने के बाद रूबलेव ने कहा कि मोंटे कार्लो मास्टर्स एक बड़ा खिताब है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह खिताब जीतना और लोगों का समर्थन पाना मेरे लिए गर्व की बात है। मैच में मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं था। मैं उम्मीद कर रहा था कि मेरे पास खिताब जीतने का यही मौका है, इसलिए मैंने अंत तक खेलने की योजना बनाई और मैं खिताब जीतने में सफल रहा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

जापान के प्रधानमंत्री पर स्मोक बम से हमला

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर एक व्यक्ति ने स्मोक बम फेंक दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रधानमंत्री किशिदा

वाकायामा में बंदरगाह का दौरा करने पहुंचे थे। वहां वह भाषण शुरू करते, उससे पहले ही तेज धमाका हुआ। हालांकि प्रधानमंत्री को सुरक्षित निकाल लिया गया।

घटना के कुछ फोटो-वीडियो सामने आए हैं। इनमें सुरक्षाकर्मी संदिग्ध हमलावर को पकड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इसके कुछ देर बाद प्रधानमंत्री ने अपनी स्पीच पूरी की। उन्होंने कहा - हम इलेक्शन कैंपेन के बीच मौजूद हैं। हमें इसे जारी रखना चाहिए। इसके बाद वो उरायसु और इचिकावा शहर में भी स्पीच देने गए। ज्ञात रहे कि पिछले साल 8 जुलाई को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की चुनाव रैली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

विश्व बैंक का कार्यक्रम 'मेकिंग इट पर्सनल : हाउ बिहेवियरल चेंज कैन टैकल क्लाइमेट चेंज'

"जलवायु परिवर्तन का मुकाबला केवल सम्मेलनों की मेज पर नहीं किया जा सकता" : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से विश्व बैंक के कार्यक्रम 'मेकिंग इट पर्सनल : हाउ बिहेवियरल चेंज

- **अक्टूबर 2022 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मिशन लाइफ का शुभारंभ किया था।**
- **भारत के लोगों ने जन आंदोलनों और व्यवहार में बदलाव के मामले में पिछले कुछ वर्षों के दौरान बहुत कुछ किया है।**

कैन टैकल क्लाइमेट चेंज' को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने इस विषय के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को स्वीकार किया और इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह एक वैश्विक आंदोलन बन रहा है।

चाणक्य को उद्धृत करते हुए, प्रधानमंत्री ने मामूली कार्यों के महत्व को रेखांकित किया और कहा "अपने आप में, इस पृथ्वी के लिए किया जाने वाला प्रत्येक अच्छा कार्य मामूली लग सकता है। लेकिन जब दुनिया भर के अरबों लोग इसे एक साथ करते हैं, तो इसका प्रभाव बहुत बड़ा होता है। हमारा मानना है कि हमारी पृथ्वी के लिए सही निर्णय लेने वाले लोग हमारी पृथ्वी को बचाने के लिए लड़ाई में महत्वपूर्ण हैं।"

लाइफ आंदोलन की उत्पत्ति के बारे में बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में उन्होंने व्यवहारगत बदलाव की जरूरत के बारे में चर्चा की थी। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि सीओपी-27 के परिणाम दस्तावेज की प्रस्तावना में भी स्थायी जीवन शैली और उपभोग के बारे में चर्चा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि लोग यह समझ लें कि केवल सरकार ही नहीं बल्कि वे भी योगदान दे सकते हैं, तो "उनकी चिंता कार्रवाई में बदल जाएगी।" उन्होंने विस्तार से बताया, "जलवायु परिवर्तन का मुकाबला केवल सम्मेलनों की मेज पर नहीं किया जा सकता। इस लड़ाई को हर घर में खाने की मेज पर भी लड़ना होगा। जब कोई विचार चर्चा की मेज से उठकर खाने की मेज पर पहुंचता है, तो यह एक जन आंदोलन बन जाता है। हर परिवार और हर व्यक्ति को इस बात से अवगत कराना होगा कि उनकी पसंद से पृथ्वी को बचाने की लड़ाई को विस्तार और गति प्रदान करने में मदद मिल सकती है। मिशन लाइफ जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई का लोकतंत्रीकरण करने के बारे में है। यदि लोग इस बात के प्रति जागरूक हो जाते हैं कि उनके दैनिक जीवन के मामूली कार्य भी सशक्त हैं, तो पर्यावरण पर इसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।"

श्री मोदी ने बताया कि मिशन लाइफ के तहत सरकार के प्रयास स्थानीय निकायों को पर्यावरण के अनुकूल बनाने, पानी की बचत करने, ऊर्जा की बचत करने, कचरे और ई-कचरे को कम करने, स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने, प्राकृतिक खेती को अपनाने, पोषक अनाजों को बढ़ावा देने जैसे कई क्षेत्रों में फैले हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से बाईस बिलियन यूनिट से अधिक ऊर्जा की बचत होगी, नौ ट्रिलियन लीटर पानी की बचत होगी, कचरे में तीन सौ पचहत्तर मिलियन टन की कमी आएगी, लगभग एक मिलियन टन ई-कचरे का पुनर्चक्रण होगा और 2030 तक लगभग एक सौ सत्तर मिलियन डॉलर मूल्य की अतिरिक्त लागत की बचत होगी।"

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया भर के देशों को प्रोत्साहित करने में वैश्विक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कुल वित्त पोषण के हिस्से के रूप में विश्व बैंक समूह द्वारा जलवायु वित्त में 26 प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक की प्रस्तावित वृद्धि का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस जलवायु वित्त का ध्यान आमतौर पर पारंपरिक पहलुओं पर होता है। अपने संबोधन का समापन करते हुए, उन्होंने कहा, "व्यवहारगत पहलों के लिए भी पर्याप्त वित्तपोषण के तरीकों के बारे में सोचने की जरूरत है। मिशन लाइफ जैसे व्यवहारगत पहलों के प्रति विश्व बैंक के समर्थन का एक गुणक प्रभाव होगा।"

50वीं उड़ान

नासा के इनजेनिटी हेलीकॉप्टर ने मंगल पर भरी उड़ान

नासा के इनजेनिटी हेलीकॉप्टर ने हाल ही में अपनी 50वीं उड़ान पूरी की है। 13 अप्रैल को इस हेलीकॉप्टर ने 145.7 सेकंड में 322.2 मीटर की दूरी तय की। इसके साथ ही हेलीकॉप्टर 60 फीट की ऊंचाई तक गया, जो एक नया रिकॉर्ड भी है। प्लैनेटरी साइंस के निदेशक लोरी ग्लेज ने कहा, 'जिस तरह राइट ब्रदर्स ने एयर प्लेन बनाने की खोज में अपने प्रयोगों को जारी रखा, उसी तरह इनजेनिटी टीम दूसरी दुनिया में पहले हेलीकॉप्टर को चलाना और सीखना जारी किए है।'

नासा ने इनजेनिटी की 47वीं उड़ान का वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो

को 9 मार्च 2023 को नासा के पर्सीवियंस रोवर पर लगे मास्टकैम-जेड इमेजर ने कैप्चर किया था। जिस समय वीडियो लिया गया है तब हेलीकॉप्टर और रोवर में 394 फीट की दूरी थी। नासा ने बताया कि जैसे ही यह हेलीकॉप्टर उड़ान भरता है वैसे ही धूल आसपास फैल जाती है। इस दौरान हेलीकॉप्टर ने 440 मीटर की उड़ान भरी।

अमेरिका

नयी पीढ़ी के रीएंट्री व्हीकल बनाएगा

चीन और रूस से खतरे को देखते हुए अमेरिका परमाणु बम से लैस नई पीढ़ी का हथियार बनाने में जुट गया है। अमेरिका ने

- **अमेरिका ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब चीन और रूस दोनों ही महाविनाशक हाइपरसोनिक मिसाइलों के मामले में दुनिया को पीछे छोड़ चुके हैं।**

अपनी जमीन आधारित परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को एक नई पीढ़ी के रीएंट्री व्हीकल से लैस करने की योजना बनाई है।

वहीं अब रूस, चीन और अमेरिका की इस खतरनाक तैयारी को कई विशेषज्ञ नए शीतयुद्ध की शुरुआत बता रहे हैं।

ब्रेकिंग डिफेंस की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी वायुसेना ने नेक्स्ट जनरेशन रीएंट्री व्हीकल (NGRV) को अपनी नई LGM-35A सेंटीनल अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल के ऊपर लगाने का फैसला किया है। यह एनजीआरवी इस तरह से बनाया गया है ताकि किसी हमले में यह बचा रहे, मारक क्षमता और सटीकता ज्यादा हो। इस नेक्स्ट जनरेशन रीएंट्री व्हीकल में एक परमाणु मिसाइल का वारहेड लगा होगा।

अमेरिकी वायुसेना अभी सेंटीनल मिसाइल पर एक ही वारहेड लगाने की तैयारी में है लेकिन अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा माहौल को देखते हुए इस वॉरहेड की संख्या को 2 या 3 किया जा सकता है। इस NGRV में भविष्य में बनने वाले वॉरहेड को भी फिट किया जा सकेगा। यह परियोजना अमेरिका की लंबे समय से जमीन आधारित अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलों को बदलने के प्रयासों का हिस्सा है। इससे पहले खबर आई थी कि अमेरिका अपनी मिनटमैन 3 मिसाइल की जगह पर LGM-35A सेंटीनल मिसाइल को तैनात करने जा रहा है।

सूडान पर नियंत्रण के लिए छिड़ी जंग

अफ्रीकी देश सूडान पर नियंत्रण के लिए दो गुटों के बीच संघर्ष चल रहा है। सूडान के अर्धसैनिक बल और सेना के बीच संघर्ष जारी है। मानवीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कई घंटों के संघर्ष विराम के बाद फिर से राजधानी खार्तूम में संघर्ष शुरू हो गया है। सूडान की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (RSF) के बीच संघर्ष में लगभग 97 लोगों की मौत हो गई है। विकास से जुड़ी क्षेत्रीय अंतर सरकारी प्राधिकरण (IGAD) ने सूडान पर एक आपातकालीन बैठक की। इसके साथ ही कहा कि वह केन्या, दक्षिण सूडान और जिबूती के राष्ट्रपतियों को जल्द से जल्द

खार्तूम भेजने का प्लान बना रहे हैं, ताकि विरोधी समूहों के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सके। सूडान में हो रहे संघर्ष से लोकतंत्र बहाल करने की उम्मीदों को एक बार फिर झटका लगा है। राजधानी खार्तूम, नजदीक के ओमदुरमन एवं अन्य स्थानों पर भीषण लड़ाई देखी गई, जिसमें बख्तरबंद वाहनों, लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। सेना और उसके पूर्व साझेदार तथा अब प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्स समूह (आरएसएफ) के बीच महीनों के तनाव के बाद संघर्ष हुआ है।

ज्ञात रहे कि अब्दुल फतह अल बुरहान के नेतृत्व वाली सेना ने एक बयान में आरएसएफ के साथ बातचीत ने इनकार करते हुए इसे भंग करने की बात कही है और इसे 'बागी मिलिशिया' करार दिया है। वहीं, अर्द्धसैनिक समूह 'आरएसएफ' ने सशस्त्र बलों के प्रमुख को 'अपराधी' बताया है। ज्ञात हो वर्ष 2021 में देश में तख्तापलट हुआ था।

यूक्रेन संघर्ष में किसी पक्ष को हथियार नहीं देगा चीन

चीन के विदेश मंत्री छिन कांग ने कहा कि उनका देश यूक्रेन संघर्ष में शामिल किसी भी पक्ष को हथियार नहीं बेचेगा और असैन्य एवं सैन्य उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात को नियंत्रित करेगा। चीन औपचारिक रूप से कहता रहा है कि वह यूक्रेन संघर्ष को लेकर तटस्थ है, लेकिन उसने राजनीतिक रूप से रूस का समर्थन किया है।

कांग ने संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए बातचीत को संभव बनाने में मदद करने की इच्छा दोहराई और कहा कि सभी पक्षों को वस्तुनिष्ठ और शांत रहना चाहिए। चीन आई जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने के लिए ताइवान सरकार को जिम्मेदार बताया। बीजिंग, ताइवान पर अपना दावा करता है और उसने इस द्वीप को डराने की कोशिश के तहत वृहद स्तर पर सैन्य अभ्यास किए हैं।

कांग ने कहा, सैन्य सामग्रियों के निर्यात के मामले में चीन विवेकपूर्ण और जिम्मेदार रवैया अपनाता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।